

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 261 | गुरुवार, 5 नवंबर 2026 | कार्तिक माह, कृष्ण, एकादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 14 | मूल्य : 5 रुपया



'भारत-भूटान की दोस्ती का प्रतीक रहेगा बौद्ध स्तूप'

थिम्फू के सम्मान पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जनता का जताया आभार

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। भूटान ने 108 बौद्ध स्तूपों के निर्माण के दौरान 76वां स्तूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित किया, जिसे उन्होंने भारत-भूटान की दोस्ती और साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भूटान के राजा और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 76वें स्तूप को प्रधानमंत्री मोदी के नाम समर्पित करने वाली पट्टिका का अनावरण किया।

भूटान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खास सम्मान देते हुए 76वां बौद्ध स्तूप उन्हें समर्पित किया है। जांगचुब चोर्टेन नाम का यह स्तूप भारत और भूटान के बीच गहरे रिश्तों, साझा संस्कृति और आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के लिए भूटान के राजा और वहां की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह इस सम्मान को भारत की जनता की ओर से स्वीकार करते हैं। पीएम मोदी ने इस खास पहल को दोनों देशों की दोस्ती की एक स्थायी निशानी बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए भूटान के राजा और वहां के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भूटान की ओर से मिला यह सम्मान उनके लिए बेहद भावुक करने वाला है। उन्होंने भरोसा जताया कि जांगचुब चोर्टेन आने वाले समय में भी भारत और भूटान के साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ दोनों देशों के मजबूत संबंधों की याद दिलाता रहेगा।

विदेश मंत्रालय (MEA) के मुताबिक, भूटान ने 1 नवंबर 2026 को एक खास उपलब्धि हासिल की। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में महज छह घंटे के भीतर 108 बौद्ध स्तूपों का निर्माण किया गया। इस आयोजन को भूटान के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इन स्तूपों को जांगचुब चोर्टेन भी कहा जाता है। इस दौरान 76वें स्तूप को प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित करने की घोषणा की गई।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भूटान के राजा और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 76वें स्तूप को प्रधानमंत्री मोदी के नाम समर्पित करने वाली पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके को भारत और भूटान के बीच गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों के सम्मान के रूप में देखा गया। यह पहल दोनों देशों की पुरानी दोस्ती को

एक नजर



अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर बने अब्दुल

नई दिल्ली : अमेरिका में हुए मिडटर्म इलेक्शन में मिशिगन में अमेरिकी सीनेट के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर डॉक्टर अब्दुल अल सैयद ने जीत दर्ज की है। वह महामारी विज्ञानी हैं। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के माइक रोजर्स को हरा दिया है।इस जीत के साथ वह अमेरिकी सीनेट में पहुंचने वाले पहले मुस्लिम बन गए हैं। उनकी जीत का जश्न भारत में भी मनाया जा रहा है। दरअसल, उनकी पत्नी सारा जुकाकू के परिवार की जड़ें कर्नाटक में हैं। सारा जुकाकू का जन्म मिशिगन में भारतीय मूल के माता-पिता के घर हुआ था। उनका बचपन अमेरिका में ही बीता। उनके परिवार की जड़ें कर्नाटक के शहर भटकल से जुड़ी हैं, जो मंगलुरु से लगभग 140 किलोमीटर दूर है।उनके पिता डॉ जुकाकू एस तैयब, भटकल में ही पले-बढ़े हैं और किडनी रोग विशेषज्ञ हैं।

ट्रंप की हार पर एलन मस्क ने ली चुटकी



नई दिल्ली। अमेरिका के मिडटर्म चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की करारी हार पर एलन मस्क ने भी अलग तरह की चुटकी ली है। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने डेमोक्रेट्स की शानदार जीत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर दो व्यंग्यात्मक पोस्ट किए हैं। मस्क ने रिपब्लिकन उम्मीदवारों को भारी आर्थिक मदद दी थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में मस्क ने टिप्पणी की कि उन्हें अंतरिक्ष में डेटा सेंटर बनाने का विचार अब काफी आकर्षक लग रहा है। 'X' पर अपनी दो अलग-अलग पोस्ट में, मस्क ने पहले तंज कसते हुए कहा, "इस समय अंतरिक्ष में डेटा सेंटर काफी आकर्षक लग रहे हैं।" इसके बाद उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा, "लगता है कि चुनाव में दखल देने वाले मेरे 'स्पेस लेजर' इस बार काम नहीं आए।

ईरान-यूक्रेन से लेकर ट्रेड डील तक मिड टर्म चुनाव में ट्रंप को मिली हार

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। अमेरिकी मिडटर्म चुनावों में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मिले झटके के बाद अब ट्रंप सरकार की ताकत पहले की तरह नहीं रह जाएगी। दोनों सदनों में बहुमत से चूकने के बाद ऐसा नहीं है कि ट्रंप अचानक शक्तिहीन हो जाएंगे, लेकिन उनकी सरकार के लिए आगे का रास्ता निश्चित रूप से मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी राजनीति में ऐसी स्थिति को 'डिवाइडेड गवर्नमेंट' कहा जाता है, जब कांग्रेस अलग-अलग पार्टियों के नियंत्रण में हों।

प्रिंसटन यूनिवर्सिटी एक रिसर्च के मुताबिक, 'डिवाइडेड गवर्नमेंट' की स्थिति में जरूरी कानून पास होने की संभावना लगभग 30% कम हो जाती है। राष्ट्रपति की बड़ी कोशिशों के फेल होने की दर 45% बढ़ जाती है, 75% तक बड़े नेशनल मुद्दे अटके रहते हैं और व्हाइट हाउस में कांग्रेस की जांच दोगुनी या तिगुनी हो जाती है। यही वजह है कि मिडटर्म चुनावों के नतीजे किसी भी राष्ट्रपति की राजनीतिक ताकत को प्रभावित करते हैं, भले ही उनका पद सुरक्षित रहे। दरअसल, कांग्रेस अमेरिकी शासन व्यवस्था में कानून बनाने और सरकारी खर्चों को मंजूरी देने वाली संस्था है। यदि विपक्षी दल कांग्रेस पर नियंत्रण हासिल कर लेता है तो ट्रंप के कई बड़े एजेंडे, चाहे वे टैक्स, व्यापार, आव्रजन या घरेलू नीतियों से जुड़े हों, उन्हें संसद में विरोध का सामना करना पड़ सकता है।



भारत-अमेरिका ट्रेड डील समेत मुद्दों पर आ सकती है अड़चन

विदेश नीति के मोर्चे पर भी चुनौतियां बढ़ सकती हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते, यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता, मध्य पूर्व में इजरायल के समर्थन और ईरान से जुड़े मामलों पर कांग्रेस का रुख महत्वपूर्ण हो सकता है। खासतौर पर यदि किसी नीति के लिए अतिरिक्त फंडिंग या विधायी मंजूरी की आवश्यकता हो, तो विपक्षी बहुमत व्हाइट हाउस पर दबाव बना सकता है। ऐसे में ट्रंप को अपने कई फैसलों के लिए राजनीतिक समझौते और बातचीत का रास्ता अपनाना पड़ सकता है।

अब भी ट्रंप के हाथ में कुछ ताकत बची है, क्या कोई भी प्लान है?

भले ही ट्रंप ने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है लेकिन उनके पास राष्ट्रपति के रूप में कई अहम संवैधानिक शक्तियां बनी रहेंगी। वह कार्यकारी आदेश जारी कर सकते हैं, सेना के सर्वोच्च कमांडर बने रहेंगे, विदेश नीति पर उनका बड़ा प्रभाव रहेगा और कांग्रेस द्वारा पारित किसी विधेयक पर वीटो भी लगा सकते हैं। खुद ट्रंप पहले भी कह चुके हैं कि ऐसी स्थिति में वह 'मिस्टर वीटो' की भूमिका निभाएंगे। व्हाइट हाउस भी लंबे समय से इस संभावना की तैयारी करता रहा है।

ईरान ने हॉर्मुज से भारत समेत 4 देशों के जहाजों को आवाजाही की इजाजत दी

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। ईरान ने भारत, चीन, इराक और कतर के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही करने संबंधी पाबंदियों से छूट दे दी है। ईरान की संसद की सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अमीर हयात मोकादम ने ईरानी स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी को बताया कि इन चार देशों के जहाजों को इस अहम समुद्री रास्ते से गुजरने की मंजूरी दी गई है। यह रिपोर्ट अनादोलु एजेंसी ने छापी है जो तुर्की की एक प्रमुख सरकारी समाचार एजेंसी है।

इस रिपोर्ट के अनुसार अमीर हयात मोकादम ने कहा, "हमने फिलहाल भारत, चीन, इराक और कतर को होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही संबंधी पाबंदियों से छूट दी है। इन देशों के जहाज बिना किसी रोक-टोक के गुजर सकते हैं, और अमेरिकी भी उन्हें नहीं रोकते हैं।हयात मोकादम ने कहा कि यह छूट ईरान और इन देशों के बीच आपसी हितों को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि तेहरान भारतीय जहाजों की आवाजाही में मदद कर रहा है, ताकि ईरान भारत से दवाइयां आयात कर सके। उन्होंने आगे कहा कि चीनी जहाजों को यह छूट बीजिंग का राजनीतिक समर्थन हासिल करने के उद्देश्य से दी गई है।हयात मोकादम ने बताया कि ईरान भारतीय और चीनी जहाजों से ट्रांजिट शुल्क (टोल) ले रहा है, लेकिन कतरी जहाजों को बिना किसी शुल्क के गुजरने देता है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इराकी जहाजों को ट्रांजिट शुल्क देना पड़ता है या नहीं। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ा था। अप्रैल में युद्धविराम हो गया था, लेकिन जुलाई में अमेरिका और ईरान के बीच फिर से लड़ाई शुरू हो गई, क्योंकि इस संघर्ष को खत्म करने के कूटनीतिक प्रयास रुक गए थे।

ईरान और ओमान के बीच स्थित होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण शिपिंग मार्गों में से एक है। इसके जरिए खाड़ी देशों से अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक भारी मात्रा में तेल और गैस पहुंचाई जाती है। ईरान का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसका नियंत्रण है। जंग शुरू होने के बाद से ईरान और अमेरिका उन जहाजों को निशाना बना रहे हैं जो बिना उनकी इजाजत के यहां से गुजरने की कोशिश करते हैं।

मिशन-2027 की तैयारियों को लेकर संगठन को देंगी नई धार : मायावती

जागरण मोर्चा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती ने गुरुवार, 5 नवंबर को लखनऊ में प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्षों की अहम बैठक बुलाई है। इसमें प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में संगठन की जमीनी हकीकत परखने के साथ चुनावी तैयारियों और उम्मीदवारों के चयन पर मंथन होगा।

बसपा कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक सुबह 11 बजे लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में मायावती की अध्यक्षता में होगी। इसमें प्रदेश संगठन के सभी स्तरों के छोटे-बड़े पदाधिकारियों को बुलाया गया है।

बैठक में सबसे पहले प्रदेश में पार्टी संगठन की मौजूदा स्थिति और उसकी जमीनी मजबूती की समीक्षा की जाएगी। इसमें प्रदेश संगठन के सभी स्तरों के छोटे-बड़े पदाधिकारी और 75 जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन की जमीनी स्थिति, उसकी मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

पंजाब विधानसभा चुनाव: ड्रग्स-फ्री पंजाब के लिए कांग्रेस की सरकार बनाइए: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

जागरण मोर्चा

संगरूर: पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बुधवार को कांग्रेस ने भी यहां से अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया। संगरूर में कांग्रेस ने 'इंसाफ रैली' की। इस रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने ड्रग्स का मुद्दा उठाया।



राहुल ने कहा कि बहुत साल पहले मैंने कहा था कि पंजाब में नशा फैल रहा है तो सबने कहा कि राहुल गांधी को पंजाब के बारे में कुछ पता नहीं है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स-फ्री पंजाब के लिए कांग्रेस को वोट दीजिए। उन्होंने कहा कि मैंने सबसे पूछा कि पंजाब में सबसे बड़ा मुद्दा कौन सा है? तो सबने यही कहा कि पंजाब में सबसे बड़ा मुद्दा ड्रग्स का है, चिट्टा का है। राहुल ने कहा कि पंजाब को पंजाब की सरकार दीजिए। कांग्रेस पार्टी की सरकार दीजिए ऐसी सरकार दीजिए जो नशे से लड़े, ड्रग्स को यहां से मिटाए, रोजगार पैदा करे, उद्योगों को मजबूत करे और किसानों के साथ हमेशा खड़े रहे।राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहस की चुनौती दी। राहुल ने कहा, मैंने कल उन्हें सीधा चैलेंज किया है। पीएम मोदी कहते हैं कि कांग्रेसी देशद्रोही हैं। मैंने कहा कि कहीं भी आ जाइए, मेरे साथ बैठिए, डिबेट कीजिए। उन्होंने कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि पीएम मोदी मेरे सामने आकर बैठ नहीं सकते। उनके सारे नेता कह रहे हैं कि संसद में चर्चा करो। संसद में मेरा माइक बंद कर देते हो। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं- पांच मिनट में साबित कर दूंगा कि पीएम मोदी देशद्रोही हैं, उन्हें ट्रंप कंट्रोल करते हैं। अमित शाह पर भी बोला हमला 'इंसाफ रैली' में राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी हमला बोला। राहुल ने कहा कि अमित शाह ने ड्रग्स खत्म करने के लिए तीन साल की डेडलाइन रखी है, लेकिन उस समय तक तो वह गृहमंत्री रहेंगे ही नहीं।

अखिलेश यादव को ओम प्रकाश राजभर की चुनाव लड़ने की चुनौती

जागरण मोर्चा



लखनऊ: सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने अखिलेश यादव के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी सीट से चुनाव नहीं लड़ने की चर्चाओं पर तंज कसते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतरने की चुनौती दी। राजभर ने सोशल मीडिया एक्स पर अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए कहा, "सुना है कि आप अगले साल यूपी विधानसभा चुनाव में किसी सीट से नहीं लड़ेंगे। नेता क्या जो चुनाव से भागे? आइये हो जाए दो-दो हाथ।" उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव को चुनावी मैदान में हार का डर सता रहा है, इसलिए वह चुनाव से दूरी बनाने की तैयारी कर रहे हैं। सुभासपा अध्यक्ष ने अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि बिना चुनाव लड़े मुख्यमंत्री बनना कोई टोना-टोटका नहीं था, बल्कि उन्हें तैयार राजनीतिक विरासत और पार्टी का नेतृत्व मिलने के कारण मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला था। उन्होंने तंज किया कि अब जब चुनाव लड़ने की चुनौती सामने है तो मैदान छोड़ने की बात की जा रही है। राजभर ने अपने बयान में नोएडा, आगरा, अयोध्या और मथुरा का जिक्र करते हुए पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार पर भी निशाना साधा।

दवा कंपनियों पर नकेल कसने की तैयारी रखना होगा बैच जारी करने वाले का हिसाब

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। दवाओं की गुणवत्ता और उनकी निर्माण प्रक्रिया में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक अहम कदम उठाया है। मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए हर दवा बैच को बाजार में भेजने से पहले एक योग्य और अनुभवी व्यक्ति को औपचारिक रूप से अधिकृत करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। सरकार का यह प्रस्ताव अगर लागू हो जाता है तो इससे दवा कंपनियों की जवाबदेही बढ़ेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रस्ताव के मुताबिक, दवा निर्माता कंपनियों को यह तय करना होगा कि उनकी कंपनी में कौन सा योग्य और अनुभवी व्यक्ति किसी दवा के बैच को जारी करने की जिम्मेदारी संभालेगा। इसके साथ ही कंपनियों को बनाई गई हर दवा के बैच से जुड़े निर्धारित रिकॉर्ड भी रखने होंगे। मौजूदा नियमों के तहत दवा निर्माण का लाइसेंस लेते समय कंपनियों को उन तकनीकी कर्मचारियों की जानकारी देनी होती है, जो दवाओं के निर्माण और उनकी जांच के लिए जिम्मेदार होते हैं। हालांकि, नियमों में अभी तक इस बात का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है कि दवा के किसी बैच को जांच के बाद बाजार में भेजने की अंतिम मंजूरी देने के लिए किस व्यक्ति को अधिकृत किया गया है।

तोहफा भारतीय सेना में शामिल अग्निवीरों के लिए मोदी सरकार ने दी बड़ी खुशखबरी

अग्निवीर को 2 साल का सेवा विस्तार, मोदी कैबिनेट का फैसला

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। अग्निवीर को लेकर मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। 4 साल की नौकरी वाले अग्निवीर को 2 साल का सेवा विस्तार दिया गया है। मोदी कैबिनेट ने इस अग्निवीर को दो साल का सेवा विस्तार देने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे लाखों अग्निवीर जवानों को फायदा होगा। कार्यकाल विस्तार पाने वाले अग्निवीरों को बढ़ा हुआ वेतन-भत्ता भी मिलेगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा, "आज का दिन भारतीय रक्षा बलों और हमारे 'अग्निवीरों' के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कैबिनेट ने सभी अग्निवीरों के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का रास्ता खोल दिया है।

उन्होंने बताया कि जैसा कि आप जानते हैं, 'अग्निपथ' योजना 14 जून 2022 को शुरू की गई थी। उस समय यह बताया गया था कि अग्निवीरों के प्रदर्शन का लगातार मूल्यांकन किया जाएगा और समय-समय पर इस योजना की समीक्षा की जाएगी। अग्निवीरों का पहला बैच अब अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने के करीब है। इन चार वर्षों में किए गए प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर, हमें उनके काम को लेकर बहुत सकारात्मक फीडबैक मिला है। जैसा कि आप जानते हैं, योग्यता के आधार पर 25% अग्निवीरों को नियमित सेना में शामिल किया जाना है। पहले, 75% अग्निवीरों के लिए यह प्रावधान था कि वे अनुशासित और प्रेरित युवाओं के रूप में वापस समाज में लौटेंगे। हालाँकि, इस अपडेट की गई योजना के तहत, बाकी 75% अग्निवीरों को अब दो साल का अतिरिक्त कार्यकाल दिया जाएगा। यह दो साल की अवधि पूरी होने पर जो भी इच्छुक होंगे, उन्हें एक तय चयन प्रक्रिया के आधार पर सशस्त्र बलों में शामिल कर लिया जाएगा। ये इस योजना के चार मुख्य पहलू हैं।" मालूम हो कि अग्निपथ स्कीम शुरू पर 4 साल की नौकरी को लेकर भारी बवाल मचा था। बिहार, यूपी सहित कई राज्यों में युवाओं ने भारी विरोध-प्रदर्शन किया था। लेकिन धीरे-धीरे चीजें सामान्य हुई। अग्निपथ योजना शुरू होने के बाद युवाओं को सेना में शामिल होने का नया रास्ता तो मिला। लेकिन चार साल बाद ज्यादातर जवानों के बाहर होने से अनुभव की कमी और भविष्य की अनिश्चितता जैसे मुद्दे उठे।

अखिलेश बोले- विधान परिषद चुनाव में हार से खिसकी भाजपा की जमीन

जागरण मोर्चा



लखनऊ। अखिलेश बुधवार को प्रदेश सपा मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा और पीडीए के कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से दिन-रात मेहनत कर विधानसभा चुनाव जीतना है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव और अब विधान परिषद चुनाव में हार से भाजपा की जमीन खिसक चुकी है। विधान परिषद चुनाव की 11 सीटों पर सपा को भाजपा से ज्यादा मत मिले हैं। झूठ, लूट और बेईमानी भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा नेता सपा नेतृत्व और पीडीए पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम कर रहे हैं। वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। मतदाता सूची में नाम रहेगा, तभी लोकतंत्र बचेगा।

अखिलेश बुधवार को प्रदेश सपा मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा और पीडीए के कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से दिन-रात मेहनत कर विधानसभा चुनाव जीतना है और भाजपा को हमेशा के लिए हराना है। भाजपा का ग्राफ लगातार गिर रहा है। पहले उसकी जमीन खिसकी और अब वह अंगद का पैर कहां रखेगी। भाजपा नेता जनता को भ्रमित करने में जुटे हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



बरेली देहात 2
लखनऊ, गुरुवार, 5 नवंबर 2026

एक नजर

जमीनी विवाद में तोड़फोड़ व मारपीट का आरोप, दी तहरीर

बहेड़ी। थाना क्षेत्र के नदेली रोड स्थित गाँव गरीबपुरा में जमीन पर कब्जे के विवाद में मारपीट तथा तोड़फोड़ किए जाने की एक महिला द्वारा पुलिस से शिकायत की गई है। शिकायत कर्ता महिला शिवानी पत्नी शिवकुमार का आरोप है कि गुजरी तीन नवंबर की शाम गाँव के कुछ लोग उसके घर में लाठी डंडे लेकर घुस आए और बाउंड्री तथा नल में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। आरोप है कि, विरोध करने पर उन्होंने उसे तथा उसके पति की डंडों से पिटाई कर दी। महिला के अनुसार, तोड़फोड़ का वीडियो भी बना लिया है। आरोप है कि दबंग जाते समय जमीन खाली न करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। महिला ने अपने परिवार को असुरक्षित बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

धूल साफ किए बिना सड़क पर डाली पीसी, जिला पंचायत ने उखड़वाया घटिया निर्माण, काम ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय



मीरगंज। मीरगंज क्षेत्र में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर जिला पंचायत विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। नथपुरा मार्ग से बलूपुरा तक लेपन मरम्मत कार्य में मानकों की अनदेखी कर बिना सतह की सफाई किए ही पीसी (प्रिमिक्स कारपेट) का काम कराया जा रहा था। निरीक्षण में खामी सामने आने के बाद विभाग ने अधोमानक निर्माण को उखड़वा दिया। इसके बाद से सड़क उधड़ी पड़ी है और निर्माण कार्य ठप हो गया है। बुधवार तक मौके पर दोबारा काम शुरू नहीं कराया गया था।जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने दो नवंबर को ठेकेदार स्वप्निल सिन्हा को नोटिस जारी कर नाराजगी जताई है। नोटिस के मुताबिक, 27 अक्टूबर 2025 को जारी कार्यादेश के तहत विकासखंड मीरगंज के नथपुरा मार्ग से बलूपुरा तक सड़क लेपन मरम्मत का ठेका स्वीकृत किया गया था। अनुबंध के अनुसार कार्य 26 दिसंबर 2025 तक पूरा होना था।एक नवंबर 2026 को अपर मुख्य अधिकारी ने अभियंता और अवर अभियंता आदित्य कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि सड़क के कुछ हिस्सों में सतह की सफाई किए बिना ही पीसी का कार्य कराया जा रहा था। इतना ही नहीं, मार्ग पर सील कोट का काम भी नहीं हुआ था। इस पर अधिकारियों ने मौके पर ही अधोमानक निर्माण को उखड़वाकर मानकों के अनुरूप दोबारा काम कराने के निर्देश दिए। नोटिस में ठेकेदार को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराए जाने पर उसे जिला पंचायत की आगामी निविदा प्रक्रिया से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। साथ ही संबंधित अवर अभियंता को निर्देश दिए गए हैं कि कमियों को दूर कराने और अभियंता के निरीक्षण के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए।सवाल यह है कि निर्धारित समयसीमा बीतने के बाद भी सड़क का काम अधूरा क्यों है और घटिया निर्माण उखड़वाए जाने के बाद दोबारा काम शुरू कराने में देरी क्यों हो रही है? फिलहाल सड़क उधड़ी पड़ी है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नाबालिग लड़की को बुरी नियत से दबोचा

फरीदपुर (बरेली)। गांव में आयोजित शादी समारोह के दौरान एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उनकी नाबालिग बेटी गांव में एक शादी समारोह के गेट पर खड़ी थी। तभी गांव का ही भारत सिंह वहां पहुंचा और बेटी को गलत नीयत से पकड़कर खींचतान व अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर बेटी ने शोर मचाया। आवाज सुनकर उसकी चाची और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग गया। आरोप है कि कुछ देर बाद वह दोबारा लौटकर आया और बेटी के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज व अश्लील हरकतें कीं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बहन ने भाई के खिलाफ दी तहरीर, मारपीट का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ बरखन में पारिवारिक विवाद ने पकड़ा तूल, दोनों पक्षों ने पुलिस से की शिकायत

नवाबगंज। थाना क्षेत्र के गांव बरखन में पारिवारिक विवाद को लेकर भाई बहन के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित तहरीर दी गई है। गांव निवासी आसमा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी मां व छोटे भाई के साथ अलग रहती हैं। उनका आरोप है कि उनका भाई आए दिन उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करता है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे भाई और भाभी ने बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर भाई ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उनके अलावा उनकी मां, भाभी और भाभी के दिव्यांग बच्चे के साथ मारपीट की। शोर सुनकर लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष से आसमा के भाई जाबिर ने भी थाने में तहरीर देकर अपनी बहन पर आए दिन विवाद और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। जाबिर का कहना है कि मंगलवार को भी विवाद होने पर उन्होंने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस बुलाई थी। बुधवार को भी उनकी बहन ने जबरन विवाद किया और मारपीट की। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीएम पोर्टल शिकायत निस्तारण में लापरवाही

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) पर शिकायतों के निस्तारण में अधिकारियों की कारस्तानी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नवाबगंज तहसील के याकूबपुर में आंगनबाड़ी भर्ती धांधली की शिकायत पर अफसरों ने जांच करने के बजाय फरीदपुर ब्लॉक का मामला दर्शाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश उर्फ पप्पू गंगवार ने 22 अक्टूबर को जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस संदर्भ सं० 40015026064582) और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नवाबगंज के वार्ड संख्या 24, याकूबपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर चयनित अभ्यर्थी की आय, निवास और पात्रता की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि संबंधित लेखपाल ने जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए हैं। हैरानी की बात यह रही कि जिला कार्यक्रम अधिकारी (DPO) कार्यालय ने निस्तारण में बड़ा खेल कर दिया। डीपीओ कार्यालय द्वारा जारी 3 नवंबर की आख्या में शिकायतकर्ता चंद्र प्रकाश पप्पू गंगवार के बजाय फरीदपुर ब्लॉक के ग्राम सरैंदा (भीकमपुर) की 'बसंती देवी' को दर्शा दिया गया। साथ ही, फरीदपुर के आंगनबाड़ी केंद्र की पुरानी रिपोर्ट लगाकर मामले को निराधार बताते हुए निक्षेपित (निस्तारित) कर दिया। शिकायतकर्ता चंद्र प्रकाश पप्पू गंगवार ने इसे प्रशासनिक अफसरों की घोर लापरवाही और मिलीभगत करार दिया है। उन्होंने कहा कि धांधली पर पर्दा डालने के लिए नवाबगंज के याकूबपुर की शिकायत में फरीदपुर की आख्या थोप दी गई। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और फर्जी आख्या लगाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

धान खरीद अटैचमेंट लिस्ट में चार राइस मिलें बाहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। धान कूटकर चावल सरकारी गोदामों तक पहुंचाने वाले राइस मिलर्स को धान क्रय केंद्रों से जोड़ने के लिए जारी सूची में कई खामियां सामने आई हैं। कम क्षमता वाली राइस मिलों को अधिक क्रय केंद्र आवंटित कर दिए गए, जबकि बेहतर क्षमता वाली मिलों के केंद्रों में कटौती कर दी गई। वहीं डायमंड, न्यू डायमंड, स्टार और आजाद राइस मिल को सूची से पूरी तरह बाहर कर दिया गया। इससे मिल मालिकों और वहां काम करने वाले मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

'जागरण मोर्चा' ने बुधवार के अंक में इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नईम अहमद के नेतृत्व में कई मिल मालिक बरेली पहुंचे और संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) से मुलाकात की। उन्होंने मिलों की क्षमता के अनुसार समान रूप से धान क्रय केंद्र आवंटित करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि आवंटन से वंचित रह गई मिलों की स्थिति की रिपोर्ट शासन को भेजी जाए और उन्हें क्षमता के अनुरूप क्रय केंद्रों से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई कराई जाए। आरएफसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। मुलाकात के बाद मिल मालिकों को समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति में पूजा शुक्ला को मिली जिम्मेदारी, समर्थकों में खुशी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। भाजपा महिला मोर्चा की बरेली जिला कार्यसमिति में नवाबगंज की पूजा शुक्ला को मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से नवाबगंज के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। नगर के प्रमुख राजनीतिक परिवार से जुड़ी पूजा शुक्ला को संगठन में स्थान मिलने से क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पूजा शुक्ला नवाबगंज नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय राजेंद्र कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना पांडे और भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष विमला शुक्ला की पुत्रवधू हैं। वह श्री रामलीला सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष आचार्य अरविंद शुक्ला की पत्नी हैं। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में परिवार की पुरानी पहचान के चलते उनके मनोनयन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यसमिति में स्थान मिलने पर पूजा शुक्ला ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी लगन से करेंगी। महिलाओं को पार्टी से जोड़ने, उनकी समस्याओं को संगठन के माध्यम से उठाने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगी। भाजपा की विचारधारा और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उनके मनोनयन पर नगर के तमाम लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है।

निपुण भारत मिशन के कार्यों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



मीरगंज। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विकासखंड मीरगंज में संचालित शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यालयों में हो रहे कार्यों का जायजा लेने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय (SPO) से आए प्रतिनिधि श्री मुकुल उपाध्याय ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से कक्षा 1 एवं 2 में निपुण तैयारी, आकलन संदर्शिका का प्रभावी उपयोग, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, निपुण लक्ष्य तालिका, IEC सामग्री तथा निपुण प्लस ऐप के माध्यम से किए जा रहे आकलन की समीक्षा की गई। इसके साथ ही विद्यालयों की व्यवस्थाओं के अंतर्गत मध्याह्न भोजन (MDM), 19 पैरामीटर, 4 बिन प्रणाली एवं इको क्लब की गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया।इस दौरान प्राथमिक विद्यालय पैगानगरी को चौथी बार निपुण बनने की उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। प्राथमिक विद्यालय दियोसास को प्रभावी टीएलएम (TLM) के प्रयोग के लिए सराहा गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय बल्लिया में कैचअप कार्यक्रम एवं कार्यपुस्तिका का संदर्शिका के साथ समन्वित उपयोग करने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए।निरीक्षण के दौरान एसआरजी डॉ. लक्ष्मी शुक्ला ने भी विद्यालयों में संचालित शैक्षिक गतिविधियों का आकलन किया तथा शिक्षकों को बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार लाकर विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया।परियोजना टीम के साथ एआरपी गणित कुमुद कांत यादव ने सहयोगात्मक एवं सपोर्टिव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।खंड शिक्षा अधिकारी मीरगंज के कुशल मार्गदर्शन एवं एआरपी टीम के सदस्य पूनम, राजेश एवं अरविन्द सहित समस्त सपोर्टिव टीम के निरंतर प्रयासों से विकासखंड में निपुण लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में सकारात्मक कार्य हो रहे हैं।आगामी नवंबर माह में प्रस्तावित निपुण आकलन को लेकर विकासखंड में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उम्मीद है कि सामूहिक प्रयासों और शिक्षकों की मेहनत से मीरगंज बेहतर परिणाम प्राप्त करते हुए जनपद का प्रथम निपुण ब्लॉक बनने की दिशा में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

चेकिंग के दौरान अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

फरीदपुर (बरेली)। पुलिस ने मंगलवार शाम गश्त के दौरान हाईवे से पदारथपुर जाने वाली सड़क के पास एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक लोकेश तोमर कांस्टेबल संदीप गिरी और सुमित कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर सड़क किनारे खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सोहेल (21) पुत्र इस्तियाक अहमद निवासी मोहल्ला भूरे खां गौंटिया, फरीदपुर के रूप में हुई। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

रामलीला मेला देखने गए व्यापार मंडल महामंत्री के पुत्र की रॉयल एनफील्ड बाइक चोरी, पुलिस कैंप के सामने से हुई गायब

नवाबगंज। नवाबगंज के रामलीला मेला परिसर में चोरों ने पुलिस कैंप के सामने खड़ी रॉयल एनफील्ड क्लासिक-350 मोटरसाइकिल चोरी कर ली। बाइक नवाबगंज नगर व्यापार मंडल के महामंत्री प्रेम प्रकाश रस्तोगी के पुत्र शुभम रस्तोगी की बताई जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवाबगंज के मोहल्ला पुराना ब्लॉक निवासी शुभम रस्तोगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 अक्टूबर की शाम करीब आठ बजे उनके चचेरे भाई अंकित रस्तोगी उनकी रॉयल एनफील्ड क्लासिक-350 मोटरसाइकिल लेकर रामलीला मेला देखने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक मेला परिसर में उत्तरी प्रवेश द्वार पर पुलिस कैंप के सामने खड़ी कर दी और लॉक लगाकर चाबी अपने पास रख ली। कुछ देर बाद शुभम भी मेले में पहुंच गए और प्रवेश द्वार के पास अंकित से बाइक की चाबी ले ली। इसके बाद वह बाइक को लॉक करके रावण दहन देखने चले गए। रात करीब नौ बजे जब वह वापस लौटे तो मौके से उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। चोरी हुई बाइक का नंबर UP25EC9239 है। पीड़ित ने 26 अक्टूबर को नवाबगंज थाने पहुंचकर बाइक चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मेला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बाइक चोर का सुराग लगाने में जुटी है।

कब्जे पर कार्रवाई न होने की सीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

फरीदपुर (बरेली)। कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और राजस्व कर्मियों पर निष्पक्ष जांच न करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। तहसील फरीदपुर क्षेत्र के गांव रम्पुरिया निवासी रवेन्द्र कुमार पुत्र रामानंदन ने बताया कि ग्राम पढ़ेरा स्थित उनकी गाटा संख्या 326 की कृषि भूमि पर गांव के सोमवीर, ओमवीर, संतोष पुत्रगण सियाराम और अभिषेक पुत्र सोमवीर ने कथित रूप से मेड़ तोड़कर कमरा बना लिया है। आरोप है कि खेत में सीमेंट के खंभे और कंटीले तार लगाकर यूकेलिप्टस के पेड़ भी अपनी भूमि में मिला लिए हैं।

पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 9 अक्टूबर को सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 17 अक्टूबर को तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। इस पर हल्का लेखपाल को जांच सौंपी गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि लेखपाल विपक्षियों के प्रभाव में मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही उन पर जबरन सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से संबंधित लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई करने और किसी अन्य निष्पक्ष अधिकारी या टीम से जमीन की पैमाइश कराने की मांग की है।

वाल्मीकि मोर्चा ने वेतन बढ़ोतरी मांगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



फरीदपुर (बरेली)। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने नगर पालिका परिषद फरीदपुर में अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन। मोर्चा के प्रदेश प्रमुख महामंत्री संगठन सुखदेव सिंह वाल्मीकि के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार को ज्ञापन सौंपकर शासनादेश के अनुरूप बढ़ा हुआ मानदेय दिलाने की मांग की। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय प्रशासन अनुभाग-13 (विविध), लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश का हवाला दिया गया। इसमें 19 सितंबर 2025 के शासनादेश के अनुरूप आउटसोर्सिंग कर्मियों का पारिश्रमिक निर्धारित किए जाने के संबंध में कार्रवाई की मांग की गई। मोर्चा ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों एवं अन्य श्रमिकों को शासनादेश का लाभ अविलंब दिया जाए। इस पर अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि नवंबर माह में आवश्यक अभिलेखीय कार्रवाई पूरी कर दिसंबर से कर्मचारियों को बढ़े हुए वेतन का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों एवं लिपिक राजेश प्रजापति को शासनादेश के नियमानुसार शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। सकारात्मक आश्वासन मिलने पर कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी का आभार जताया। ज्ञापन देने वालों में शोनू कुमार, नरेश कुमार, पंकज वाल्मीकि, अनिल कुमार वाल्मीकि, राजेश कुमार और अमन वाल्मीकि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

तथ्यों को छिपाना पड़ा भारी, सट्टेबाजी के आरोपी पर 50 हजार का जुर्माना

बरेली। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली के कथित सट्टेबाजी आरोपी ओमेंद्र यादव की दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं खारिज करते हुए उस पर 50 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। अदालत ने पाया कि याची ने एक ही घटना को लेकर दो याचिकाएं दाखिल कीं और पहली याचिका का तथ्य दूसरी में छिपाया। साथ ही कथित अवैध हिरासत की तारीख, समय और स्थान का भी याचिका में स्पष्ट उल्लेख नहीं किया। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने इसे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग माना। वहीं, बरेली एसएसपी अनुराग आर्या के खिलाफ पूर्व में की गई कठोर मौखिक टिप्पणियों को अनावश्यक बताते हुए अदालत ने खेद जताया। कोर्ट ने कहा कि न्याय पाने के लिए तथ्यों को छिपाना स्वीकार्य नहीं है।

पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंचा किसान डीएम ने दिलाया 23 हजार का भुगतान

जागरण मोर्चा कार्यालय



- गोशाला में हरा चारा देने के बाद महीनों से काट रहा था अधिकारियों के चक्कर
- बच्चों की फीस तक जमा करने के नहीं थे रुपये, चीनी मिल में रोजगार भी दिलाया

बरेली। सरकारी दफ्तरों में फरियादियों की सुनवाई समय पर न होने का खामियाजा अब ऐसे हालात के रूप में सामने आने लगा है, जब लोग अपनी बात मनवाने के लिए आत्मदाह जैसे कदम उठाने की चेतावनी लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच रहे हैं। बुधवार को मीरगंज तहसील का एक किसान पेट्रोल की बोतल लेकर जिलाधिकारी के जनता दर्शन में पहुंच गया। हालांकि, उसकी समस्या सुनने के बाद डीएम अविनाश सिंह ने तत्काल हस्तक्षेप किया। किसान को 22,050 रुपये का बकाया भुगतान दिलाने के साथ बच्चों के लिए मिठाई खरीदने को 950 रुपये भी दिए गए। परिवार की आर्थिक स्थिति देखते हुए सेमीखेड़ा सहकारी चीनी मिल में रोजगार की व्यवस्था भी कराई गई। मीरगंज के परौरा गांव निवासी महेंद्र सिंह ने जुलाई 2026 में रफियाबाद स्थित सरकारी गोशाला में 63 क्विंटल हरा चारा सप्लाई किया था। चारे का भाव 350 रुपये प्रति क्विंटल तय था। इस हिसाब से उसे 22,050 रुपये मिलने थे, लेकिन कई महीने गुजरने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। रकम के इंतजार में किसान की आर्थिक स्थिति बिगड़ती गई और बच्चों की स्कूल फीस जमा करना भी मुश्किल हो गया। महेंद्र सिंह के मुताबिक, भुगतान के लिए ग्राम प्रधान और संबंधित कर्मचारियों से कई बार संपर्क किया। बीडीओ और एसडीएम कार्यालय के भी चक्कर लगाए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। लगातार अनदेखी से परेशान होकर बुधवार दोपहर वह पेट्रोल की बोतल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गया। जनता दर्शन में डीएम के सामने अपनी पीड़ा रखी तो अधिकारियों में खलबली मच गई। डीएम ने किसान को समझाकर शांत कराया और तत्काल भुगतान के निर्देश दिए। नजारत से नाजिर को बुलाकर 22,050 रुपये का बकाया भुगतान कराया गया। इसके अलावा बच्चों के लिए मिठाई खरीदने को 950 रुपये दिए गए। किसान के परिवार की आजीविका को ध्यान में रखते हुए डीएम ने सेमीखेड़ा सहकारी चीनी मिल के महाप्रबंधक को उसे दैनिक वेतन पर काम उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्ट्रेट में पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील पदार्थ लेकर पहुंचने की घटनाओं को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में तीन लोग तेल या पेट्रोल की बोतल लेकर डीएम के पास फरियाद करने पहुंच चुके हैं। इनमें कुछ मामलों में बोतल तो मिली, लेकिन माचिस नहीं थी। इससे ऐसे कदमों के जरिए अधिकारियों पर दबाव बनाने की मंशा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, किसी व्यक्ति की मंशा का निर्धारण केवल इन परिस्थितियों के आधार पर नहीं किया जा सकता। महेंद्र सिंह की घटना के बाद डीएम ने एलआईयू, इंटेलिजेंस और कलेक्ट्रेट के प्रवेश द्वार पर तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए। इसके बाद आने-जाने वालों की तलाशी ली गई। बैग और पानी की बोतलों की जांच के साथ स्कूटी की डिग्गियां भी चेक की गईं। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। आखिर किसान को अपने मेहनताने के लिए महीनों तक अधिकारियों के चक्कर क्यों लगाने पड़े? यदि संबंधित अधिकारी समय रहते भुगतान करा देते तो उसे इस तरह पेट्रोल की बोतल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचने की नौबत नहीं आती। वहीं, फरियादियों को भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आत्मघाती कदम उठाने के बजाय कानूनी और प्रशासनिक रास्ता अपनाना चाहिए।

शराब बिक्री में पांच लाख की हेराफेरी

बरेली। श्यामगंज स्थित देशी शराब की दुकान पर स्टॉक और बिक्री का मिलान करने पर 5.02 लाख रुपये की गड़बड़ी सामने आई। लाइसेंसधारी ओमप्रकाश ने दो सेल्समैन और एक के पिता पर मिलीभगत कर नकदी व शराब हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस से कार्रवाई न होने पर उन्होंने अदालत की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मीरगंज के गांव गहवरा निवासी ओमप्रकाश के अनुसार, 18 मई को उनके बेटे रवि भास्कर दुकान पर बिक्री की रकम लेने पहुंचे थे। वहां सेल्समैन नितिन के पिता श्यामपाल नकदी लेकर चले गए। इसके बाद दोनों सेल्समैन भी गायब हो गए। स्टॉक जांचने पर 5,02,220 रुपये की कमी मिली। आरोप है कि 3.30 लाख रुपये वापस किए गए, जबकि 1,72,220 रुपये शेष हैं। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। महाराजा अग्रसेन कॉलेज में बुधवार को दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कैंट विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने किया। इस दौरान अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गिरीश चंद्र अग्रवाल, अविनाशी लाल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, डॉ. प्रवीन अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद संजीव अग्रवाल ने गुब्बारे उड़ाकर और कबूतरों को मुक्त कराकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बरेली कॉलेज बरेली और दास कॉलेज बदायूं के बीच खेला गया। दास कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 102 रन बनाए, जबकि बरेली कॉलेज की टीम 101 रन पर सिमट गई। दूसरे मुकाबले में एसएस कॉलेज शाहजहांपुर ने तीन विकेट पर 163 रन बनाए। जवाब में गंगाशील महाविद्यालय की टीम 53 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद दास कॉलेज और एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें एमजेपीआरयू की टीम ने दास कॉलेज को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर विधायक संजीव अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण साधन हैं। क्रीड़ा सचिव गिरीश चंद्र अग्रवाल ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, जिसे खिलाड़ियों को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मैच में अंकित कुमार, जितेंद्र शाह और मुकेश कुमार ने अंपायर की भूमिका निभाई। माजिद खान विशेषज्ञ तथा कमलकांत वेनवाल विश्वविद्यालय निरीक्षक के रूप में मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. रेशु जौहरी ने किया। इस दौरान क्रीड़ाधिकारी प्रफुल्ल पाठक, संचित कक्कड़, मयंक शर्मा, अजीत सिंह, रामलखन, डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, संजीव कुमार सक्सेना, शोभित अग्रवाल, डॉ. सुमित अग्रवाल, प्रथमेश कुमार, राकेश कुमार और रितू सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

मतदाता सूची से 26 नाम हटाने के मामले में बीएलओ निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

- पूर्व प्रधान से रुपये लेकर नाम काटने का आरोप, तीन सदस्यीय समिति की जांच में मिली प्रथम दृष्टया अनियमितता

बरेली। पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में मतदाता सूची से 26 लोगों के नाम हटाने का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितता मिलने पर बीएसए डॉ. विनीता ने सहायक अध्यापक एवं बीएलओ नफीस मोहम्मद खां को निलंबित कर दिया है। उन पर पूर्व प्रधान से मिलीभगत कर रुपये लेकर हिंदू समुदाय के मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप है। हालांकि, इन आरोपों की अंतिम पुष्टि विभागीय जांच के बाद होगी।

ग्राम प्रधान राहुल गंगवार ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर आरोप लगाया था कि कंपोजिट स्कूल मोहम्मदपुर में तैनात बीएलओ नफीस मोहम्मद खां ने कथित तौर पर सांप्रदायिक द्वेष के चलते 26 नाम सूची से हटाए। ग्रामीण वेद प्रकाश, हेमाकली, ललिता देवी, राकेश और ढाकन लाल समेत कई लोगों ने शपथ पत्र देकर शिकायत की थी। राहुल गंगवार ने पूर्व प्रधान रेहान खां से मिलीभगत और मोटी रकम लेकर नाम काटने का आरोप लगाया। शिकायत पर गठित तीन सदस्यीय समिति ने जांच में बीएलओ से नाम हटाने का आधार और साक्ष्य मांगे, लेकिन वह ठोस प्रमाण नहीं दे सके। समिति ने प्रक्रिया में अनियमितता पाई। निलंबन अवधि में नफीस मोहम्मद खां को मीरगंज ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल सहसा से संबद्ध किया गया है। विभागीय जांच खंड शिक्षा अधिकारी फतेहगंज पश्चिमी भानु शंकर गंगवार को सौंपी गई है। उन्हें 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।उधर, डीएम अविनाश सिंह ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए नियमानुसार आवेदन निस्तारित करने को कहा है। पंचायत राज अधिनियम की धारा 9(8) के तहत नामांकन की अंतिम तारीख के बाद चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक सूची में कोई बदलाव नहीं होगा। अधिकारियों को दावे-आपत्तियों का साप्ताहिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जमीन की चिंता में फिजियोथेरेपिस्ट ने दी जान, मां के बिना हुआ दो साल का मासूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बरामदे में बेटे के साथ सो रहा था पति, कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका मिला पत्नी का शव
- जमीन नाम न होने की बात से रहती थी परेशान

बरेली। परिवार के साथ जमीन को लेकर चल रही चिंता एक महिला के मन पर कितनी भारी पड़ रही थी, इसका दर्दनाक अंत सामने आया। बारादरी क्षेत्र के राजीव नगर में 35 वर्षीय फिजियोथेरेपिस्ट शारदा देवी ने मंगलवार देर रात घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय पति विकास दो साल के बेटे के साथ बरामदे में सो रहे थे। रात में बेटे के जागने पर उनकी नींद खुली और पत्नी को देखने कमरे में पहुंचे तो शारदा का शव फंदे से लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। विकास के मुताबिक, मंगलवार रात वह बेटे के साथ बरामदे में खटिया डालकर सो रहे थे, जबकि पत्नी कमरे में अकेली थी। रात करीब साढ़े 12 बजे बेटा अचानक जाग गया। उसकी आवाज से विकास की भी नींद खुल गई। इसके बाद वह कमरे में पत्नी को देखने पहुंचे। वहां शारदा को दुपट्टे के सहारे पंखे के कुंडे से लटका देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने परिवार के लोगों को सूचना दी। बाद में पुलिस को बुलाया गया।

पोस्टमार्टम हाउस पर विकास ने बताया कि शारदा काफी समय से जमीन को लेकर परेशान रहती थी। उसे चिंता थी कि परिवार के लोग उसके नाम जमीन नहीं करेंगे तो भविष्य में वह अपने बच्चे की परवरिश कैसे कर पाएगी। पति ने इसी चिंता को घटना की वजह बताया है। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। महिला की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा है। जिस दो साल के बेटे के भविष्य को लेकर शारदा चिंतित रहती थी, अब उसी मासूम के सिर से मां का साया उठ गया है। सूचना पर पहुंची बारादरी पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अक्टूबर में पुलिस ने खोज निकाले 75 लाख के 374 मोबाईल

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मोबाइल फोन गुम होने या चोरी होने के बाद उनकी तलाश में भटक रहे लोगों के लिए बरेली पुलिस राहत लेकर आई है। पुलिस ने अक्टूबर महीने में अभियान चलाकर करीब 75 लाख रुपये कीमत के 374 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। तकनीकी सर्विलांस और सीईआईआर पोर्टल की मदद से खोजे गए इन मोबाइलों को उनके असली मालिकों को सौंपा गया। अभियान में अच्छा प्रदर्शन करने वाली 23 थानों की साइबर टीमों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में जिले में हर महीने मोबाइल बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत थानों की साइबर टीमों के साथ जनपदीय सर्विलांस सेल ने संयुक्त रूप से काम किया। भारत सरकार के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल और तकनीकी निगरानी के जरिए मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए गए। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से अक्टूबर 2026 तक जिले में कुल 3880 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इनकी अनुमानित कीमत 7 करोड़ 76 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस का कहना है कि तकनीक के इस्तेमाल से मोबाइल बरामदगी अभियान को लगातार गति मिल रही है। अक्टूबर में बहेड़ी थाना 35 मोबाइल बरामद कर जिले में पहले स्थान पर रहा। बिथरी चैनपुर की टीम ने 27 मोबाइल खोजकर दूसरा स्थान हासिल किया। कोतवाली और इज्जतनगर पुलिस ने 26-26 फोन बरामद किए। सुभाषनगर ने 22, बारादरी ने 21, फरीदपुर ने 20, कैंट ने 15 और प्रेमनगर पुलिस ने 14 मोबाइल बरामद किए। जनपदीय सर्विलांस सेल ने भी 15 मोबाइल खोजे। बेहतर प्रदर्शन के लिए बहेड़ी, बिथरी चैनपुर, कोतवाली, इज्जतनगर, बारादरी, कैंट, प्रेमनगर, विशारतगंज, देवरनियां, फतेहगंज पश्चिमी, शेरगढ़, किला, मीरगंज, भोजीपुरा, आंवला, भमोरा, अलीगंज, सिरौली, फतेहगंज पूर्वी, शीशगढ़, सीबीगंज, शाही और क्योलड़िया थानों की साइबर टीमों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक टीम को एक हजार रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र दिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। CEIR पोर्टल और सर्विलांस की मदद से अधिक से अधिक मोबाइल फोन खोजकर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

रेखा आर्या के पति की गिरफ्तारी के लिए दबिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

- गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद उत्तराखंड और यूपी में तलाश तेज, एसआईटी को मिले अहम साक्ष्य, अग्रिम जमानत पहले ही हो चुकी है खारिज

बरेली। उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या और उनके पति बरेली निवासी गिरधारी लाल साहू के बीच चल रहा विवाद अब कानूनी कार्रवाई के निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। गिरधारी लाल साहू के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद देहरादून पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। वहीं, अपने खिलाफ दर्ज मुकदमा निरस्त कराने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे साहू की याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है। अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। देहरादून पुलिस की कई टीमें उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। मामले की जांच कर रही एसआईटी को गिरधारी लाल साहू के खिलाफ महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की बात सामने आई है। देहरादून के एसएसपी के मुताबिक, पुलिस टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं। गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद अब पुलिस का लक्ष्य उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करना है।

मंगलवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ ने गिरधारी लाल साहू की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान रेखा आर्या और साहू की ओर से अधिवक्ताओं ने अपने-अपने पक्ष रखे। मंत्री की ओर से याचिका का विरोध करते हुए आरोप लगाया गया कि साहू उन्हें बदनाम करने और राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। यह भी दावा किया गया कि साहू ने उन्हें कंपनियों से हटाकर उनके 80 प्रतिशत शेयर बेच दिए। वहीं, साहू के अधिवक्ता ने इन आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना था कि कंपनियों से हटाने की प्रक्रिया रेखा आर्या की सहमति से हुई थी। न तो फर्जी हस्ताक्षर किए गए और न ही उनके शेयर समाप्त हुए हैं। साहू की ओर से धमकी देने के आरोपों को भी गलत बताया गया। उन्होंने मुकदमे को गलत तथ्यों पर आधारित बताते हुए निरस्त करने की मांग की। गौरतलब है कि रेखा आर्या ने 15 अक्टूबर को दर्ज मुकदमे में घरेलू हिंसा, धोखाधड़ी, धमकी और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। दूसरी ओर, गिरधारी लाल साहू ने शादी के 22 वर्षों के दौरान किसी मनमुटाव से इनकार किया है। उन्होंने मंत्री बनने के बाद रेखा आर्या पर 210 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग भी की है। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। साहू की अग्रिम जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। अब गैर जमानती वारंट, एसआईटी की जांच और हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित होने से मामले पर सबकी नजरें टिकी हैं। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब अदालत का फैसला आगे की कानूनी कार्रवाई की दिशा तय करेगा। फिलहाल किसी भी पक्ष के आरोपों पर अंतिम न्यायिक निर्णय नहीं आया है।

फेसबुक आईडी से की आपत्तिजनक पोस्ट, रिपोर्ट

बहेड़ी। फेसबुक पर 'बहेड़ी की आवाज' नाम से बनाए गए पेज पर एक दंपति के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी और पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने 27 अक्टूबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात व्यक्ति फेसबुक पेज पर उसके और उसकी पत्नी के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कर रहा है। इससे उनके मान-सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। शिकायतकर्ता ने संबंधित फेसबुक आईडी, पोस्ट और आपत्तिजनक सामग्री की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com







बड़ी माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता। -जागरण मोर्चा



डॉक्टर शैलेश पाठक के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब। -जागरण मोर्चा

डॉ. शैलेश पाठक के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

1000 गाड़ियों के काफिले के साथ निकला भव्य रोड शो

- कछला से दातागंज तक जगह-जगह हुआ जोरदार अभिनंदन, फूलों की वर्षा और आतिशबाजी से गूंजा बदायूं
- महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण, मंदिरों में पहुंचकर लिया आशीर्वाद
- दातागंज में भांगड़ा और ढोल-नगाड़ों के बीच हुआ स्वागत



डॉक्टर शैलेश पाठक के रोड शो में शामिल गाड़ियां व स्वागत करते लोग।



डॉ. शैलेश पाठक को मीठा खिलाते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। -जागरण मोर्चा



महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करते डा. शैलेश पाठक।

भाजपा कार्यालय पर डॉ. शैलेश पाठक का भव्य स्वागत एक कुंतल फूलों की माला पहनाकर किया अभिनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

रोड शो में उमड़े जनसैलाब को देखकर गदगद हुईं जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मिठाई खिलाकर दिया आशीर्वाद

बदायूं। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य बनाए जाने के बाद डॉ. शैलेश पाठक के प्रथम जनपद आगमन पर बुधवार को जिले में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कछला से दातागंज तक निकले रोड शो में समर्थकों का भारी जनसैलाब उमड़ा। करीब 1000 गाड़ियों के काफिले के साथ निकले स्वागत जुलूस ने जिले में राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन की झलक दिखाई। जगह-जगह फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नारों के बीच उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। स्वागत जुलूस की शुरुआत कछला से हुई। यहां नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश लोनिया, ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल शाक्य और गंगा आरती संयोजक नीरज मिश्रा के नेतृत्व में समर्थकों ने डॉ. पाठक का भव्य स्वागत किया।

उझानी में जोरदार स्वागत: इसके बाद काफिला उझानी पहुंचा, जहां मोहित राज शर्मा, कृपा राम शर्मा और शंकर गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने उनका अभिनंदन किया। उझानी में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह, महाराणा प्रताप और वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई से जुड़े स्मारकों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उझानी से बदायूं पहुंचने पर पुलिस लाइन और इंद्रा चौक समेत प्रमुख स्थानों पर स्वागत हुआ। इसके बाद डॉ. पाठक भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, विधायक महेश चंद्र गुप्ता, अमित कुमार सिंह, शैलेंद्र शर्मा, मुनीश पंडित, आशीष शाक्य, उमेश राठौर, जुगेंद्र राठौर, केशव सिंह और सुनील राठौर समेत पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

शहर में भारी तादात में जुटे समर्थक: शहर में रोड शो के दौरान परशुराम चौक, भामाशाह चौक, महाराणा प्रताप चौक, कल्याण चौक और वीरांगना चौक पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इन स्थानों पर समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। लंबे काफिले और भारी भीड़ के चलते कई स्थानों पर यातायात भी प्रभावित रहा। इसके बाद काफिला दातागंज पहुंचा तो स्वागत का नजारा और भव्य हो गया। भारी भीड़ के चलते डॉ. पाठक को कई स्थानों पर वाहन छोड़कर पैदल चलना पड़ा। ढोल-नगाड़ों, भांगड़ा, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के बीच समर्थकों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। दातागंज विधायक महेश चंद्र गुप्ता समेत स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया। नगर भ्रमण के दौरान डॉ. पाठक ने मंदिरीया देवी और अस्तल मंदिर पहुंचकर माथा टेका तथा आशीर्वाद लिया। प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद डॉ. पाठक के पहले जनपद आगमन पर हुए इस आयोजन ने जिले की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी। समर्थकों ने इसे जिले के बड़े स्वागत आयोजनों में शामिल बताते हुए अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

बदायूं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य बनाए जाने के बाद जिले में प्रथम आगमन पर डॉ. शैलेश पाठक का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता और सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान एक कुंतल फूलों की विशाल माला पहनाकर डॉ. शैलेश पाठक का स्वागत किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर और जयकारों के साथ अपनी खुशी का इजहार किया।

डॉ. शैलेश पाठक के स्वागत में उमड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों के उत्साह को देखकर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता गदगद नजर आईं। उन्होंने भव्य रोड शो और कार्यकर्ताओं की भारी भागीदारी को संगठन की मजबूती का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह उत्साह भाजपा के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने उत्साहित अंदाज में कहा, 'तय भाजपा, जय भाजपा'। वहीं सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने डॉ. शैलेश पाठक को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और आशीर्वाद दिया। उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी में जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। भाजपा कार्यालय पर हुए इस स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और जश्न का माहौल बना रहा।

डॉ. शैलेश पाठक के रोड शो की गूंज लखनऊ तक पहुंची

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी समिति में सदस्य बनाए जाने के बाद डॉ. शैलेश पाठक के जनपद आगमन पर निकले भव्य रोड शो की गूंज अब लखनऊ तक पहुंच गई है। कछला से दातागंज तक निकले रोड शो में उमड़े जनसैलाब, हजारों वाहनों के काफिले और जगह-जगह हुए जोरदार स्वागत ने राजनीतिक हलकों में खूब चर्चा बटोरी। डॉ. शैलेश पाठक के स्वागत में उमड़े लोगों का उत्साह केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी रोड शो की तस्वीरें और वीडियो छाए रहे। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज चैनलों ने इस आयोजन को प्रमुखता से कवरेज दी। रोड शो की भव्यता और कार्यकर्ताओं की भारी भागीदारी की चर्चा लखनऊ तक होती दिखाई दी। प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद डॉ. पाठक के पहले जनपद आगमन को समर्थकों ने उत्सव के रूप में मनाया। जगह-जगह फूलों की वर्षा, माल्यार्पण और आतिशबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया गया। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। इस रोड शो ने एक बार फिर बदायूं की स्थानीय राजनीति में डॉ. शैलेश पाठक की सक्रियता और उनके समर्थकों की ताकत को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।



भाजपा कार्यालय पर स्वागत को खड़े भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता। -जागरण मोर्चा

शर्मा डीजे की धुन ने मचाया शोर... दातागंज में डॉ. शैलेश को विधायक बनाए जाने की उठी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

देवेश मिश्रा

बदायूं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य बनाए जाने के बाद डॉ. शैलेश पाठक के प्रथम जनपद आगमन पर निकाले गए भव्य रोड शो ने जिले के राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया। शर्मा डीजे की धुन पर निकले रोड शो में बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता शामिल हुए। कछला से दातागंज तक जगह-जगह स्वागत और जनसमर्थन के प्रदर्शन ने कार्यक्रम को खास बना दिया। काफिले में शामिल वाहनों और कार्यकर्ताओं के उत्साह को लेकर पूरे दिन राजनीतिक चर्चाएं होती रहीं। डॉ. शैलेश पाठक के स्वागत में कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा की और कई स्थानों पर आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। समर्थकों का कहना था कि प्रदेश कार्यकारिणी में जिम्मेदारी मिलने से बदायूं जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिली है। रोड शो के दौरान दातागंज क्षेत्र में उन्हें भाजपा से विधायक प्रत्याशी बनाए जाने की मांग भी समर्थकों की ओर से उठाई गई। राजनीतिक दृष्टि से भी इस रोड शो को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दातागंज क्षेत्र में धर्मेंद्र कश्यप के सपा की ओर जाने के बाद भाजपा के संभावित राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। ऐसे में डॉ. शैलेश पाठक की सक्रियता और उनके स्वागत में जुटी भीड़ को पार्टी के स्थानीय संगठन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। समर्थकों का दावा है कि डॉ. पाठक की सक्रियता का प्रभाव केवल दातागंज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले की अन्य विधानसभा सीटों पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि रोड शो में जुटी भीड़ को सीधे चुनावी परिणाम से जोड़कर देखना जल्दबाजी होगी, लेकिन इस आयोजन ने जिले की राजनीति में डॉ. शैलेश पाठक की सक्रियता को जरूर चर्चा के केंद्र में ला दिया है।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शैलेश पाठक।

महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर डॉ. शैलेश पाठक ने लिया आशीर्वाद

बदायूं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाए जाने के बाद जिले में प्रथम आगमन पर डॉ. शैलेश पाठक ने कछला से दातागंज तक रोड शो निकाला। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों और वीर सपूतों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इसके बाद कल्याण सिंह चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बदायूं शहर में वीरांगना चौक और भामाशाह चौक पहुंचकर भी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

पंचतत्वेश्वर महादेव मंदिर में डॉ. शैलेश पाठक ने किया जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य बनने के बाद जनपद आगमन पर डॉ. शैलेश पाठक का स्वागत और अभिनंदन लगातार जारी है। इसी क्रम में वह अपने काफिले के साथ सराय स्थित पंचतत्वेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कुशलता की कामना की। इस दौरान उन्होंने भगवान महादेव से आशीर्वाद लेकर जनसेवा के संकल्प को दोहराया। डॉ. शैलेश पाठक के मंदिर पहुंचने पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। पूरे काफिले के साथ पहुंचे डॉ. पाठक का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। सराय में कार्यकर्ताओं की ओर से जलपान की व्यवस्था भी की गई। स्वागत और आत्मीयता देखकर डॉ. शैलेश पाठक गदगद नजर आए। इस दौरान दातागंज क्षेत्र के बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता उनके समर्थन में जुटे दिखाई दिए। जगह-जगह मिल रहे स्वागत और जनसमर्थन से पूरे क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी भी देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया।



सराय स्थित पंचतत्वेश्वर महादेव मंदिर पर स्वागत करते कार्यकर्ता।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

परिवार परामर्श केंद्र ने बिखरते परिवारों को फिर जोड़ने की पहल की

बदायूं। आपसी कलह और मनमुटाव के चलते टूटने की कगार पर पहुंचे परिवारों को जोड़ने के लिए बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र आयोजित किया गया। इसमें पारिवारिक विवादों से संबंधित 82 मामलों की फाइलें प्रस्तुत की गईं। काउंसलिंग के दौरान 54 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें 10 मामलों में दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कराया गया, जबकि 10 फाइलें निरस्त कर दी गईं। शेष मामलों में सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की गई। काउंसलर एसडी शर्मा, अशोक खुराना, गिरधारी सिंह राठौर, शिव स्वरूप गुप्ता और ज्वाला प्रसाद गुप्ता ने पक्षों की समस्याएं सुनीं। केंद्र प्रभारी महिला उपनिरीक्षक माया सहित महिला पुलिसकर्मियों ने सहयोग किया। समझौता करने वाले परिवारों को आपसी प्रेम, विश्वास और सामंजस्य बनाए रखने की सलाह दी गई।

दातागंज मेले में आखिर किसके इशारे पर नाच रही थी नर्तकी? इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप

एसएसपी से जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। दातागंज में आयोजित मेले को लेकर अब नया विवाद खड़ा हो गया है। मेले में नर्तकी के कार्यक्रम और उसके संचालन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अब थाना दातागंज के प्रभारी निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मेला आयोजक मोंटी गुप्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर इंस्पेक्टर पर शराब के नशे में मेले में पहुंचने, मेला कमेटी के सदस्यों के साथ अभद्रता करने और डंडे चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में मोंटी गुप्ता ने बताया कि उन्होंने दातागंज में मेले के आयोजन के लिए विधिवत अनुमति प्राप्त की थी। इसके बाद मेला कमेटी की ओर से आयोजन की तैयारियां की गई थीं। आरोप है कि दो नवंबर 2026 की रात थाना दातागंज के प्रभारी निरीक्षक कथित रूप से शराब के नशे में मेले में पहुंचे। वहां उन्होंने कमेटी के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया। आयोजक का आरोप है कि इस दौरान डंडे भी चलाए गए और उनके साथ-साथ चेयरमैन के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। आयोजक का कहना है कि पुलिस का दायित्व मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है, लेकिन कथित दुर्व्यवहार के कारण कमेटी के सदस्य खुद को अपमानित और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में मेले का शांतिपूर्ण आयोजन करना संभव नहीं है। इसी आधार पर मोंटी गुप्ता ने अपनी कमेटी की ओर से मेले की अनुमति तत्काल प्रभाव से वापस लेने का ऐलान किया है। उन्होंने शिकायती पत्र में यह भी कहा है कि अनुमति वापस लेने की सूचना के बावजूद यदि कोई व्यक्ति या अधिकारी मेला जारी रखता है और वहां कोई अव्यवस्था, मारपीट, दुर्घटना अथवा जान-माल का नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी आयोजन जारी रखने वाले संबंधित लोगों की होगी। मोंटी गुप्ता ने एसएसपी से घटना के समय मौजूद पुलिसकर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कराने, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोप सही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही अनुमति वापस लेने के निर्णय को सरकारी अभिलेखों में दर्ज कराने का अनुरोध किया है। फिलहाल इंस्पेक्टर पर लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और इस संबंध में पुलिस प्रशासन का पक्ष सामने आना बाकी है। अब देखना होगा कि एसएसपी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और जांच में किन तथ्यों का खुलासा होता है।



मेले में अस्त व्यस्त पड़ा सामान। -जागरण मोर्चा



जानकारी देते मेला अध्यक्ष मोंटी गुप्ता।

प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से मिले अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ अपराध नियंत्रण, जनजागरूकता और सामाजिक कल्याण के कार्यों को लेकर हुई चर्चा

बिसौली। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति, लखनऊ के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश पर जिला अपराध निरोधक कमेटी, बदायूं के पदाधिकारियों ने बुधवार को जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समिति के मीडिया प्रभारी इंतजार हुसैन और ग्रामीण सचिव नेत्रपाल सैलानी ने विभिन्न अधिकारियों से मुलाकात कर समिति के उद्देश्यों और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एडीएम (प्रशासन) मानवेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास शर्मा, जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार, सीओ सिटी एसीपी जाधव (आईपीएस) तथा जिला पूर्ति अधिकारी सतीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों से भेंट की। इस दौरान अपराध नियंत्रण, सामाजिक जागरूकता, बंदियों के कल्याण एवं उनके पुनर्वासन और जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि समिति प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर समाज में अपराधों की रोकथाम, जनजागरूकता तथा सामाजिक कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के सहयोग से समिति अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनहित के कार्यों को निरंतर गति प्रदान करेगी।

सदर विधायक ने हेलमेट बांटकर किया जागरूक

▶ चौराहे पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, नियमों का पालन करने वाले वाहन चालक हुए सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत बुधवार को भामाशाह चौराहे पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, आरटीएम सोसायटी एनजीओ और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से वाहन चालकों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर उन्हें सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई। इसके अलावा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने और निर्धारित लेन में चलने के प्रति जागरूक किया गया। स्टंट बाइकिंग, प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर के इस्तेमाल से बचने की भी अपील की गई। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने वाहन चालकों को हेलमेट वितरित करते हुए कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन अपनी जिम्मेदारी समझकर करना चाहिए। इस दौरान नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। बदायूं पुलिस ने आमजन से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।



यातायात माह के तहत हेलमेट वितरण में मौजूद सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता यातायात पुलिस अधिकारी।

अलापुर पुलिस ने सात वारंटी दबोचे

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को अलापुर पुलिस ने सात वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बाबू निवासी कुतरई, सेवाराम निवासी उघैनी, ओमकार निवासी अलापुर, प्रेमपाल निवासी इमलिया नगला, राजेश निवासी पतसा, लालबहादुर निवासी गुढ़ाना और विजय निवासी खिरिया शामिल हैं। सभी के खिलाफ विभिन्न मामलों में न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी थे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना किया। गिरफ्तारी करने वाली टीमों में उपनिरीक्षक राजू राणा, राहुल कुमार, अश्वनी कुमार और विजय सिंह मय पुलिस टीम शामिल रहे।

पुलिस ने लौटाए 112 गुमशुदा मोबाइल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। बदायूं पुलिस ने गुम और खोए मोबाइल फोन की बरामदगी के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अलग-अलग कंपनियों के 112 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 16 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने सीईआईआर (CEIR) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और मोबाइल गुम होने से संबंधित प्रार्थना पत्रों के आधार पर लगातार प्रयास कर इन मोबाइलों को खोज निकाला। बुधवार को पुलिस कार्यालय में एसएसपी अंकिता शर्मा ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामियों ने बदायूं पुलिस और सर्विलांस टीम का आभार जताते हुए पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। बरामद मोबाइलों में सिविल लाइंस से सर्वाधिक 25, जरीफनगर से 14, अलापुर से 11, जबकि साइबर क्राइम, सहसवान, इस्लामनगर और कोतवाली क्षेत्र से सात-सात मोबाइल शामिल हैं। इस कार्रवाई में स्वाट प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह और सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ अपनी टीमों के साथ शामिल रहे।



मोबाइल पाकर खुश हुए लोग एसएसपी अंकिता शर्मा ने लौटाए खोये हुए मोबाइल।

विधिक माप विज्ञान विभाग की छापेमारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और बाजार में घटतौली पर अंकुश लगाने के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग ने बुधवार को जनपद में विशेष अभियान चलाया। निरीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व में विभागीय टीम ने मिठाई की दुकानों, सर्राफा प्रतिष्ठानों और अन्य व्यावसायिक संस्थानों पर औचक छापेमारी कर जांच की। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान मिठाई विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि मिठाई तौलते समय डिब्बे अथवा पैकेजिंग का वजन मिठाई के वजन में शामिल न करें। निरीक्षक ने बताया कि कुछ दुकानदार मिठाई के साथ डिब्बे का वजन जोड़कर ग्राहकों से अतिरिक्त कीमत वसूल रहे हैं, जो कानूनन गलत है। टीम ने दातागंज स्थित रामश्री देवी इंडेन गैस, वजीरगंज के राहुल सर्राफ और प्रेमपाल सर्राफ, आभाष ज्वेलर्स बिसौली, मुकेश पाल मिठाई विक्रेता, बालाजी स्वीट्स वजीरगंज और निहार स्वीट्स सैदपुर समेत कई प्रतिष्ठानों की जांच की। कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मच गई। निरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि उपभोक्ताओं को सही माप और निर्धारित वजन के अनुसार सामान उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने घटतौली होने पर विभाग से शिकायत करने की अपील की।



दुकान पर जांच करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

सहसवान (बदायूं)। एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सहसवान पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त और दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम रसूलपुर टप्पा मलसई निवासी प्रेम सिंह पुत्र केशपाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस ने वारंटी मुसर्रत अली निवासी भवानीपुर खल्ली और नेस्सू निवासी कटरा शहबाजपुर को भी गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह, रामनरेश सिंह सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

एसडीबी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने सजाए रंग-बिरंगे दीये

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। एसडीबी पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए कैंडल, दीया एवं डेकोरेशन गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग कर अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गतिविधि के दौरान बच्चों ने मोमबत्तियों और दीयों को रंग-बिरंगी सामग्री से आकर्षक ढंग से सजाया।

उनकी सुंदर कलाकृतियों और रचनात्मक सजावट ने दीपावली के उत्सव में चार चांद लगा दिए। कक्षा दो के प्रतिभागियों में आयुष भदौरिया, अक्षय, आरुषि पाठक, रमन, प्रतीक यादव, सृष्टि सिंह, नित्या चौहान, तान्या, संस्कृति, अन्नव पाराशरी, शौर्य, श्रद्धा, गौरी, ज्योतिका, वरुण, चिराग, हर्ष यादव, तनु, भक्ति यादव, वैभव, पार्थ, आसिका, गौरव, जयंत, राधिका एवं देवांश शामिल रहे। वहीं कक्षा तीन से आराध्या सिंह, अन्या, अंशुमान शंखधार, अंश सरीन, आरोही शर्मा, आर्यन यादव, अवंतिका यादव, अवंतिका, अक्षत शर्मा, अक्षत चौहान, आरुष चौहान, दिव्यांशु अग्रवाल, देवांश सक्सेना, काव्या यादव, नैतिक, निशा, प्राची, राधिका, राघव एवं वान्या चौहान ने अपनी प्रतिभा दिखाई। गतिविधि को सफल बनाने में शिक्षिकाओं श्वेता शर्मा, मेघा सक्सेना, सिम्मी, स्वाति सक्सेना, विनिता, सुंदरी रस्तोगी, दिव्या चौहान, नीलोफर, अर्चना रस्तोगी, रीता वार्ष्णेय, नीलम मिश्रा एवं गौरी सिंह का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू बत्रा एवं निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में प्रतिभा करते स्कूल की छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा



मारपीट से घायल विवाहिता की इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिनावर (बदायूं)। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव भूरीपुर कुसैना निवासी एक विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव भूरीपुर कुसैना निवासी बाबूराम पुत्र नंदराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री ममता की शादी सात वर्ष पूर्व सहसवान क्षेत्र के गांव पीतम नगर निवासी मुकेश के साथ की थी। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और उनकी पुत्री को लगातार प्रताड़ित करते थे। पिता के मुताबिक, तीन नवंबर को दामाद मुकेश ने फोन कर ममता की तबीयत खराब होने और सहसवान के एक अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। वहां पहुंचने पर पता चला कि हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज बदायूं रेफर कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज में भी चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। इसी दौरान आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उन्हें अकेला छोड़कर चले गए। इसके बाद वह ममता को सीएचसी घटपुरी ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

गन्ना किसानों की समस्या होगी दूर

कुंवरगांव। ब्लॉक सालारपुर क्षेत्र के गांव बावट में पेराई सत्र 2026-27 के लिए राणा शुगर मिल करीमगंज का गन्ना क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। हुसैनपुर एट बावट के नाम से शुरू हुए इस केंद्र पर बावट और हरीनगला गांव के किसानों के गन्ने की खरीद होगी। केंद्र स्थापित होने से किसानों को दूर स्थित केंद्रों तक गन्ना ले जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। पर्याप्त जगह होने से गन्ने की तौल और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की पार्किंग में भी सुविधा रहेगी। ग्रामीण लंबे समय से गांव के नजदीक केंद्र स्थापित कराने की मांग कर रहे थे। किसानों के आपसी सहयोग से केंद्र के लिए स्थान चिह्नित किया गया। इस दौरान केन मैनेजर त्रिभुवन गंगवार, तेजपाल सिंह पटेल, पूर्व प्रधान जगराव सिंह पटेल आदि रहे।

युवक की मौत के बाद कैली गांव में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुंवरगांव। कैली गांव में 18 वर्षीय युवक की बुखार से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर घर-घर बीमार लोगों की जानकारी जुटाई और ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान कुल 49 ग्रामीणों की जांच की गई। इनमें अधिकांश लोग वायरल बुखार, सर्दी और खांसी से पीड़ित मिले। वहीं, 29 लोगों की विशेष जांच कराई गई, जिनकी सभी रिपोर्ट सामान्य आईं। राहत की बात यह रही कि जांच में डेंगू का कोई नया मामला सामने नहीं आया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. मेहराज, डॉ. फहीम, डॉ. अशोक और राजपाल शामिल रहे। चिकित्सकों ने मरीजों को उपचार संबंधी परामर्श देने के साथ साफ-सफाई रखने, घरों के आसपास पानी जमा न होने देने और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी। साथ ही बुखार आने पर लापरवाही न बरतने और तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराने की अपील की।

गौरतलब है कि सोमवार को गांव निवासी सुतेश चौहान (18) पुत्र सोमवीर सिंह की बुखार से मौत हो गई थी। परिजनों और ग्रामीणों ने युवक की मौत की वजह डेंगू बताई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव में जांच अभियान चलाया। फिलहाल विभागीय जांच में डेंगू का कोई नया मरीज नहीं मिला है।

बिसौली विधानसभा प्रभारी आशुतोष शर्मा ने मंडल अध्यक्षों के साथ की परिचय बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बगरैन। बिसौली विधानसभा के प्रभारी आशुतोष शर्मा ने मंडल अध्यक्षों के साथ परिचय बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा की। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों ने अपना परिचय देते हुए संगठन के कार्यों और क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता से अवगत कराया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी आशुतोष शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और सक्रियता के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी तालमेल बनाकर पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में मंडल अध्यक्षों से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी ली गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान शहद सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरी सक्रियता से कार्य करने का भरोसा दिलाया।



परिचय बैठक के बाद सम्मान स्वागत करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

पंजाब के पटियाला में शाहबाद के मेंहदी आर्टिस्ट की मौत

शाहबाद। नगर के मोहल्ला भीतरगांव निवासी मेंहदी आर्टिस्ट पंजाब के पटियाला में अचानक बीमार पड़ गए, जिसके चलते मंगलवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा मेंहदी आर्टिस्ट का शव उनके पैतृक निवास शाहबाद के भीतरगांव लाया गया। जहां बुधवार को गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद नगर के मोहल्ला भीतरगांव निवासी तोताराम प्रजापति (42) पंजाब के पटियाला में मेंहदी आर्टिस्ट थे और मेंहदी लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे, बीते दिनों अचानक उनकी तबियत बिगड़ने लगी और वह बीमार पड़ गए। बीमारी से जूझ रहे मेंहदी आर्टिस्ट तोताराम ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। मेंहदी आर्टिस्ट की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के द्वारा उनके शव को उनके पैतृक घर भीतरगांव लाया गया और बुधवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

विद्यार्थियों ने गंगा स्वच्छता का लिया संकल्प

हरदेव राजा स्थल पर गंदगी से रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय नदी गंगा के गौरव, स्वच्छता और संरक्षण का संदेश देने के लिए बुधवार को विकासखंड मिर्जापुर स्थित श्री रामसहाय मेमोरियल इंटर कॉलेज में गंगा उत्सव का आयोजन किया गया। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति की ओर से आयोजित उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से निर्मल एवं अविरल गंगा का संदेश दिया।



नमामि गंगे कार्यक्रम में शपथ लेते लोग। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कलान के चेयरमैन हरि नारायण गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मेरा युवा भारत के उप निदेशक माहे आलम, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विनय शर्मा, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव कुमार और विद्यालय के प्रधानाचार्य बृज किशोर शर्मा ने मां गंगा और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उत्सव में जूनियर और सीनियर वर्ग की चित्रकला, भाषण, रंगोली और लाइव क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। भाषण प्रतियोगिता में सूर्य प्रताप सिंह प्रथम, निखिल कुमार द्वितीय और हर्ष सिंह तृतीय रहे। सीनियर वर्ग की चित्रकला में स्मिता ने पहला, वंदित ने दूसरा और मंजरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अदिति शर्मा प्रथम, प्रियंका द्वितीय और राधिका तृतीय रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में अंशिका सिंह और प्रिया सैनी विजेता बनीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने मां गंगा की आरती, निर्मल गंगा-अविरल गंगा पर नाट्य मंचन और केवट संवाद प्रस्तुत किया। सामूहिक नृत्य ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। लाइव क्विज में अनूप, प्रज्ञा, अभिषेक, अजीत, रजत, विद्यासागर, राधिका और आलोक ने बेहतर प्रदर्शन किया। क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों को गंगा के उद्गम, प्रवाह क्षेत्र, सहायक नदियों, जलीय जीवों और नदी प्रदूषण से जुड़ी जानकारियां दी गईं। मुख्य अतिथि हरि नारायण गुप्ता ने कहा कि गंगा भारत की सांस्कृतिक पहचान और जीवनदायिनी धरोहर है। इसे

▶ चित्रकला, भाषण, रंगोली और क्विज प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

स्वच्छ रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने और परिवार व समाज को भी नदी संरक्षण के लिए प्रेरित करने की अपील की।

माहे आलम और डॉ. विनय शर्मा ने जलचक्र, नदी पारिस्थितिकी तंत्र और जलीय जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी। गंगा समग्र के मैथिली शरण गुप्ता ने उपस्थित लोगों को नदियों और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। सहकार भारती के अभिनव कश्यप ने निर्णायक मंडल में भूमिका निभाई। खंड प्रचारक सृजल, दुर्गेश, ज्ञानेश बाजपेई, वन दरोगा दीपनारायण, विद्यालय प्रबंधक, ऋषि आश्रम जीवन धारा के निदेशक आलोक मिश्रा और वरिष्ठ पत्रकार धर्मवीर सिंह चंदेल ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि गंगा उत्सव का उद्देश्य नई पीढ़ी को राष्ट्रीय नदी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व से जोड़ना है। इस मौके पर अतिथियों और सहयोगियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में पूनम सक्सेना, राहुल, आदर्श, कौशल, उत्पल, अवनीश द्विवेदी, अंश गुप्ता, अमन प्रताप सिंह, हर्ष पांडेय, देवेश सिंह और प्रेमपाल शर्मा का विशेष योगदान रहा।

पुवायां। हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदानंद सरोज को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि नगर स्थित हरदेव राजा के प्राचीन देवस्थान पर पिछले कई महीनों से जलभराव और गंदगी की समस्या बनी हुई है। इससे श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ करने में परेशानी हो रही है। संगठन ने शीघ्र समस्या का समाधान कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि दीपावली से पहले सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो संगठन तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ पटेल, उपाध्यक्ष हरिश्याम मिश्रा, मीडिया प्रभारी रिंकू अग्निहोत्री, अजय कुमार, महेंद्र, रीना देवी, राजा शर्मा, नगर अध्यक्ष भारत राठौर, राघव श्रीवास्तव और अंकित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम ने 350 लीटर मिलावटी दूध पकड़ा

मिलावटखोरी पर बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। दीपावली के त्यौहार पर पटाखा बाजार के लिए भूमि चिन्हित करने निकले एसडीएम आदेश कुमार और सीओ देवकीनंदन ने शाहबाद में मिलावटी दूध पकड़ लिया। एसडीएम आदेश कुमार ने मिलावटखोरी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 350 लीटर मिलावटी दूध को नष्ट कराया और खाद्य विभाग के अधिकारी को बुलाकर मिलावटी दूध का सैंपल भरवाया।बुधवार को एसडीएम आदेश कुमार और सीओ देवकीनंदन द्वारा पटाखा बाजार के लिए जमीन का चयन करने के लिए निकले थे, इसी दौरान उनकी नजर कंस मेला स्थित जयतौली मार्ग पर आम के एक बाग में तैयार हो रहे नकली दूध पड़ी। एसडीएम ने मौके से करीब 350 लीटर मिलावटी दूध बरामद किया। इस मामले में तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया है। एसडीएम शाहबाद ने बताया कि क्षेत्राधिकारी के साथ दीपावली के मद्देनजर पटाखों की दुकानों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान आम के बाग में संदिग्ध स्थिति में दूध के केन, गाड़ी आदि पाये जाने पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो वहां विभिन्न केनों में दूध भरा मिला। प्राथमिक जांच में सामने आया कि पानी, मिल्क पाउडर आदि मिलाकर नकली दूध तैयार किया जा रहा था। मौके से करीब 350 लीटर मिलावटी दूध के अलावा एक पिकअप वाहन, बर्फ, दूध तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य सामग्री बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को बुलाया गया। खाद्य अधिकारियों ने बरामद दूध के नमूने लेकर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की। नायब तहसीलदार सचिन कुमार ने मिलावटी दूध को गड्ढे में डलवाकर नष्ट कराया।



शाहबाद में पकड़े गए नकदी दूध को चेक करते एसडीएम आदेश कुमार और सीओ देवकीनंदन। -जागरण मोर्चा

अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, महिला ज़ख्मी

शाहबाद। बुधवार को रामगंगा पुल के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे में बाइक फिसलने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार मिलक थाना क्षेत्र के गांव कूप निवासी चंद्रकली (55) अपने बेटे प्रकाश के साथ बाइक से बाजार के काम से शाहबाद आ रही थीं। रामगंगा पुल के निकट पहुंचते ही बाइक सड़क पर बने गहरे गड्ढे में फिसलकर गिर गई। हादसे में चंद्रकली सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हातिम अली शाह मियां का उर्स शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिलहर (शाहजहांपुर)। हज़रत हाजी हाफ़िज़ मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के सालाना उर्स शरीफ़ का पहला दिन अकीदत और एहतराम के साथ कुरआनख़्वानी से शुरू हुआ। इस मौके पर कुरआन पाक की तिलावत की गई और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली तथा आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। उर्स के पहले दिन सुबह से ही जायरीन और अकीदतमंदों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने मजार शरीफ पर पहुंचकर हाजिरी दी और गुलपोशी कर अपनी अकीदत का इजहार किया। लोगों ने मजार पर फातिहा पढ़कर अपने परिवार, समाज और देश की तरक्की एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। उर्स के दौरान माहौल पूरी तरह रूहानी और



खुशनुमा बना रहा। जायरीन ने हज़रत हातिम अली शाह मियां की दरगाह पर हाजिरी देकर अपनी अकीदत पेश की। पहले दिन आयोजित कुरआनख़्वानी के साथ उर्स की धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने बताया कि उर्स के दूसरे दिन 5 नवंबर को चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी तथा रात में जलसे का आयोजन होगा। वहीं, 6 नवंबर को सुबह 10:30 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उन्होंने सभी अकीदतमंदों और जायरीन से उर्स में शिरकत कर सवाबे दारैन हासिल करने की अपील की।



स्काउट गाइड शिविर के समापन के मौके पर छात्रा को सम्मानित करते चौकी इंचार्ज।

खान सिंह इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ढकिया गांव स्थित खान सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे स्काउट गाइड शिविर का बुधवार को रंगारंग समापन हो गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि ढकिया चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर स्काउट के छात्र-छात्राओं द्वारा बेहद आकर्षक और मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनकी मुख्य अतिथि ने काफी सराहना की। शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चौकी प्रभारी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

किसानों को मिलेगी उर्वरक की बड़ी राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। जिले में किसानों को समय पर और आसानी से खाद-उर्वरक उपलब्ध कराने की दिशा में सहकारिता विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। जनपद में नवगठित चार नए एम-पैक्स (बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों) केंद्रों पर उर्वरक व्यवसाय का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पीसीएफ गोदाम हरदोई बाईपास से जिला सहकारी बैंक के सभापति डीपीएस राठौर ने हरी झंडी दिखाकर उर्वरक से भरे ट्रक को रवाना किया।



इस दौरान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. गणेश गुप्ता, अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर हरिकेश परमार, संजय सिंह, सहायक विकास अधिकारी राकेश एवं अनिल सिंह, पीसीएफ के जिला प्रबंधक यशवीर, इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक, समिति के सभापति पवन सिंह, नितेश चौहान, शिवम राठौर, जितेंद्र सहित स्थानीय किसान मौजूद रहे। जिले में जिन चार नए केंद्रों पर उर्वरक बिक्री शुरू की गई है, उनमें विकासखंड खुदागंज के एम-पैक्स भुरिया एवं कंधरापुर, विकासखंड तिलहर के एम-पैक्स रुजवारी तथा विकासखंड ददरौल के एम-पैक्स बबक्करपुर शामिल हैं। इन केंद्रों के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को अब अपने नजदीक ही उचित मूल्य पर यूरिया एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध हो सकेंगे। इससे उन्हें खाद के लिए दूरदराज के केंद्रों पर जाने और लंबी कतारों में लगने की परेशानी से राहत मिलेगी। वहीं किसानों की सुविधा के लिए सहकारिता विभाग की ओर से 'उर्वरक सेतु' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था भी संचालित की जा रही है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. गणेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में अब तक करीब पांच हजार किसान इस व्यवस्था के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर 16 हजार बोरी उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने एंड्रॉइड मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से 'उर्वरक सेतु' ऐप डाउनलोड कर पंजीकरण करें और आवश्यकतानुसार खाद की ऑनलाइन बुकिंग कर इस सुविधाजनक व्यवस्था का लाभ उठाएं। इससे खाद वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और किसानों को समय पर उर्वरक मिल सकेगा।



पिता के ट्रैक्टर चलाते समय रोटावेटर में फंसा किशोर का पैर, गंभीर हालत

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। मिलक थाना क्षेत्र के गांव शहदरा गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव निवासी उस्मान का 16 वर्षीय पुत्र अदनान ट्रैक्टर के रोटावेटर पर पीछे से चढ़ने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सीधे रोटावेटर पर गिर गया, जिससे उसका पैर बुरी तरह कट गया। रोटा वेटर को अदनान के पिता उस्मान चला रहे थें। परिजन आनन-फानन में घायल अदनान को शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए हैं, जहां उसका उपचार जारी है।

शाहबाद में मिट्टी की ढांग के मलबे में दो दबे

शाहबाद। थाना क्षेत्र के गांव चंदपुरा सालिस में तालाब किनारे मिट्टी निकालते समय अचानक ढांग गिर गई। इसके मलबे में दबकर मासूम बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गांव निवासी राणा की पत्नी सुनीता और अजब सिंह की मासूम बेटी उशी तालाब किनारे मिट्टी निकाल रही थीं। इसी दौरान अचानक मिट्टी की ढांग भरभराकर गिर गई और दोनों मलबे में दब गईं। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। परिजन घायलों को चिकित्सक के पास ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद सुनीता को घर भेज दिया गया, जबकि गंभीर हालत में उशी को मुरादाबाद के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिले में 8 हजार घरों तक पहुंची पीएनजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है। मार्च 2026 से अब तक 8,000 से अधिक घरों में घरेलू गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। वहीं, 15 वाणिज्यिक कनेक्शन भी उपलब्ध कराए गए हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ऑफिसर्स कॉलोनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की ओर से स्थापित घरेलू पीएनजी कनेक्शन का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएनजी कनेक्शन से लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ईंधन उपलब्ध होगा। उपभोक्ताओं को अब गैस सिलेंडर बुक कराने और उसे बदलवाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। पाइपलाइन के माध्यम से 24 घंटे गैस आपूर्ति की



सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की पहल पीएनजी ड्राइव 3.0 के तहत जिले में गैस नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। मार्च 2026 में एलपीजी आपूर्ति में आई बाधा के बाद इस दिशा में तेजी लाई गई है। एचपीसीएल की ओर से जिले के 20 नए क्षेत्रों में पाइप्ड गैस का बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। पीएनजी कनेक्शन में उपभोक्ताओं को केवल इस्तेमाल की गई गैस का ही भुगतान करना होता है। इसके लिए सिलेंडर बुक कराने की जरूरत नहीं पड़ती और न ही घर में सिलेंडर रखने के लिए अतिरिक्त जगह की आवश्यकता होती है। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह, एचपीसीएल के यूपी-यूके क्लस्टर हेड पी. आनंद विक्टर, जीए हेड रवि कुमार भट्टी और परियोजना प्रबंधक तन्मय सिन्हा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैंक जाने की बात कहकर निकली युवती लापता

पुवायां, शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव बड़ागांव में बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली 20 वर्षीय युवती लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर मां ने पुलिस को तहरीर दी। गांव निवासी शोभावती ने बताया कि उनकी बेटी शान देवी तीन नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे स्टेट बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। युवती अपने साथ पांच हजार रुपये नकद और सोने के कुंडल ले गई है। पुवायां पुलिस ने चार नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक विपिन गौतम को सौंपी है। कोतवाली प्रभारी आरके रावत ने बताया कि युवती की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

सीएचसी की बदहाल व्यवस्था उजागर

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपूर। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के दावे किए जाते हैं, लेकिन पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सामने आई तस्वीरें इन दावों की हकीकत पर सवाल खड़े कर रही हैं। अस्पताल परिसर के भीतर शौचालय की हालत बेहद खराब दिखाई दे रही है। फर्श पर गंदगी और कूड़ा जमा है। शौचालय की सीट के आसपास भी सफाई का अभाव नजर आ रहा है। दीवारों और फर्श पर गंदगी की परत जमी हुई है। तस्वीरों में शौचालय का खराब पड़ा उपकरण भी दिखाई दे रहा है। वहीं, एक अन्य कमरे में एसी की हालत जर्जर नजर आ रही है। फ्रीजर का बाहरी हिस्सा खुला हुआ है और अंदर मशीन के पुर्जे दिखाई दे



रहे हैं। आसपास धूल और गंदगी जमा है। सवाल यह है कि जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र के सैकड़ों मरीज रोजाना इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पहुंचते हैं। वहां साफ-सफाई और उपकरणों के रखरखाव की जिम्मेदारी आखिर कौन निभा रहा है? सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि मरीजों और तीमारदारों की सेहत से जुड़ा गंभीर विषय है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इन तस्वीरों का संज्ञान लेकर व्यवस्था सुधारने के लिए क्या कदम उठाते हैं या फिर मरीज इसी बदहाल व्यवस्था के बीच इलाज कराने को मजबूर रहेंगे। तस्वीरें पुवायां सीएचसी की व्यवस्थाओं पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

मिट्टी के दीयों से जगमगाने लगे बाजार

चंदौसी। दीपों के पावन पर्व दीपावली को लेकर नगर व आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। रोशनी के इस त्योहार पर घरों को जगमगाने के लिए मिट्टी के दीयों की मांग को देखते हुए स्थानीय कुम्हार पूरी लगन और मेहनत से दीये व मिट्टी के कलात्मक बर्तन तैयार करने में जुट गए हैं। वहीं, तैयार दीयों को नगर के प्रमुख बाजारों में बिक्री के लिए सजा दिया गया है। दीपावली पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बाजारों में मिट्टी के दीयों की रौनक बढ़ने लगी है। कुम्हार दिन-रात चाक पर मिट्टी को आकार देकर विभिन्न प्रकार के दीये, दीया-बाती, कंडे और पूजन सामग्री तैयार कर रहे हैं। इस वर्ष पारंपरिक साधारण दीयों के साथ-साथ डिजाइनर दीयों, फैंसी कुल्हड़ों और मिट्टी के खिलौनों की भी बाजार में काफी मांग देखी जा रही है। स्थानीय कुम्हारों का कहना है कि अब लोग चाइनीज लाइटों के बजाय पारंपरिक मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे उनकी उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

राजीव शर्मा अध्यक्ष और जितेंद्र पाल सिंह बने सचिव

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। स्थानीय जिला न्यायालय परिसर स्थित बार रूम में बुधवार को चन्दौसी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव बेहद शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। सुबह 10 बजे से शुरू हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम 5 बजे तक चले मतदान के बाद रात में मतगणना की गई, जिसमें विभिन्न पदों पर विजयी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। चुनाव परिणामों के आते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और जश्न का माहौल बन गया।

चंदौसी बार एसोसिएशन चुनाव



राजीव कुमार शर्मा, अध्यक्ष।



जितेंद्र पाल सिंह, सचिव।

प्रमुख पदों के विजयी उम्मीदवार और मत

अध्यक्ष पदः राजीव कुमार शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की। कुल 1,198 मतदाताओं में से राजीव कुमार शर्मा को 791 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी नवनीत सिंह यादव को 287 मतों से संतोष करना पड़ा।

सचिव पदः जितेंद्र पाल सिंह ने कड़े मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोज कुमार वार्ष्णेय को पराजित कर सचिव पद पर कब्जा जमाया। जितेंद्र पाल सिंह को कुल 562 मत प्राप्त हुए।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पदः इस पद पर मोहम्मद सलीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रेमनारायण गुप्ता को हराकर विजय प्राप्त की।

कोषाध्यक्ष पदः पूनम रानी दुबे ने नीलम वार्ष्णेय को पराजित किया। पूनम रानी को 621 मत मिले।



चंदौसी में बार एसोसिएशन की गणना करते एल्डर कमेटी के सदस्य।

सहसचिव पदः सुभाष चंद्र यादव ने 670 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी रामवीर को पराजित किया। इस मुकाबले में रजत कुमार राणा भी मैदान में थे।

सह सचिव इस पद पर मंजू रानी को निर्विरोध चुना गया है।

मत दान और मतगणना के दौरान रहा उत्साहः चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला न्यायालय परिसर में सुबह से ही अधिवक्ताओं की गहमागहमी बनी रही। बार रूम में कुल 1,198 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। मतदान समाप्त होने के बाद जैसे ही मतगणना शुरू हुई, मतगणना स्थल के बाहर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही। हर राउंड के परिणाम के साथ समर्थकों की धड़कनें तेज होती गईं और जीत की घोषणा के बाद फूल-मालाओं के साथ विजयी प्रत्याशियों का जोरदार स्वागत किया गया।



चंदौसी मतदान के लिए लाइन में लगे अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा



गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। भारत विकास परिषद शाश्वत शाखा के तत्वावधान में लक्ष्मी देवी हर प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए किया गया।

शाखा अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने परिषद के पाँच सूत्रों (संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण) पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में इसके योगदान को रेखांकित किया। शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि संस्कारवान विद्यार्थी ही सशक्त राष्ट्र के निर्माता होते हैं। शिक्षा और संस्कारों का समन्वय ही एक योग्य नागरिक तैयार करता है।



गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व विधार्थी।

समारोह के दौरान प्रत्येक कक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए विद्यालय के गुरुजनों को भी स्मृति-चिह्न व प्रशस्ति-पत्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सीए सचिन गुप्ता, डॉ. दुर्गा टंडन, दृगपाल सिंह, मुकेश गुप्ता, अजय कुमार, लक्ष्मी पाठक, अर्चना, लक्ष्मी, अंजलि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ हुआ।

पुलिस चौकी के ठीक सामने से चोर उड़ा ले गए ट्रैक्टर और जनरेटर का कीमती सामान

जागरण मोर्चा कार्यालय

सुरक्षा दावों की खुली पोल, व्यापारियों में भारी आक्रोश

चंदौसी। संभल-चंदौसी मार्ग पर सुरक्षा के दावों की पोल उस समय खुल गई, जब चोरों ने पुलिस चौकी के ठीक सामने बने एक गोदाम को अपना निशाना बनाया। चोर गोदाम से महिंद्रा ट्रैक्टर की बैटरी समेत हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

काजी टोला, नरौली निवासी अजहर उलहक का संभल-चंदौसी रोड पर नरौली पुलिस चौकी और पवन पैलेस के निकट गोदाम है। रोजाना की तरह वे मंगलवार शाम अपना गोदाम बंद करके घर गए थे। बुधवार की सुबह जब वे गोदाम पर पहुंचे, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित अजहर उलहक के अनुसार ट्रैक्टर का बैटरी बॉक्स, जनरेटर का अल्टरनेटर, रेडिएटर की कटोरी, अल्टरनेटर में लगा तांबा, चोरी कर ले गए सामान की कीमत हजारों रुपये आंकी गई है।

दिन-दहाड़े और पुलिस चौकी के बिल्कुल नजदीक हुई इस चोरी की घटना से स्थानीय व्यापारियों में रोष व्याप्त है। पीड़ित अजहर उलहक ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

शिक्षक हितों की आवाज बुलंद करने के लिए विमलेश कुमारी ने किया जनसंपर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। मुरादाबाद-बरेली मंडल शिक्षक निर्वाचन को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी की नेत्री एवं चंदौसी विधानसभा क्षेत्र की उपविजेता विमलेश कुमारी एडवोकेट ने मंगलवार को चंदौसी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जनसंपर्क कर शिक्षकों से संवाद किया। विमलेश कुमारी ने अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज, चंदौसी इंटर कॉलेज, आरएस इंटर कॉलेज तथा चंद्रपाल आदर्श कन्या इंटर कॉलेज पहुंचकर शिक्षकों और स्टाफ से मुलाकात की। उन्होंने आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले एमएलसी शिक्षक चुनाव में सपा प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर के पक्ष में प्रथम वरीयता का मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला हैं। उनके अधिकारों की रक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। शिक्षक समुदाय की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए मतदान में सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने शिक्षकों से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।



चंदौसी में शिक्षकों के साथ संवाद करतीं विमलेश कुमारी। -जागरण मोर्चा



परिवार परामर्श सुलह केंद्र पर पति-पत्नी के विवादों का निस्तारण करती काउंसलर व पुलिस।

परिवार परामर्श केंद्र ने दो बिखरते परिवारों को मिलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत व क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह के निर्देशन में गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी चंदौसी में परिवार परामर्श केंद्र की बैठक आयोजित हुई। महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में काउंसलरों के सहयोग से पति-पत्नी के विवादों को सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 16 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 3 का निस्तारण हुआ। इसमें 2 बिछड़े परिवारों को समझा-बुझाकर पुनः एक कराया गया, जबकि 1 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने पर बंद कर दी गई। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, रेनू राठी, महिला हेड कांस्टेबल रुचि आदि उपस्थित रहे।

राजकीय पॉलीटेक्निक में एआई प्रशिक्षण आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, में बुधवार को भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा पोषित एक दिवसीय सरकारी कामकाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता प्रशिक्षण है। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद के अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन-प्रशासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के प्रयोग, उसकी उपयोगिता, पारदर्शिता, जन सेवाओं में सुधार और डिजिटल गवर्नेंस को अधिक प्रभावी बनाने के प्रति संवेदनशील और प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण में जनपद के विभिन्न विभागों के लगभग 70 अधिकारी-कर्मचारी एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लखनऊ से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षण और एल्विन ने सत्र के दौरान एआई के व्यावहारिक प्रयोग, ई-गवर्नेंस, डेटा सुरक्षा और नवीन तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह पूरा प्रशिक्षण दो सत्रों प्रथम सैद्धांतिक और द्वितीय प्रायोगिक में विभाजित था।



चंदौसी के राजकीय पॉलिटेक्निक में एआई सेंसिटाइजेशन ट्रेनिंग देते ट्रेनर।

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार और सीडीओ गोरखनाथ भट्ट की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ई डीएम विपिन कुमार, पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य शंकर सिंह, तथा विभागाध्यक्ष श्री गंगवार, मेघा शर्मा, दिनेश मोहन आर्य, सुनील कुमार, क्षितिज कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार चौरसिया, चेतन प्रसाद सिंह, श्रुति अग्रवाल, अंजना यादव, मनीष कुमार, प्रशांत यादव, निलय यादव समेत समस्त संस्थागत स्टाफ उपस्थित रहा।

बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत, तीन हुए घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बदायूं चुंगी के पास बुधवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, गांव गुमथल निवासी धर्मेंद्र अपनी बहन प्रेमवती के साथ बाइक से चंदौसी से घर लौट रहा था। बुधवार शाम करीब चार बजे उनकी बाइक बदायूं चुंगी के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक गांव अकबरपुर चितौरी निवासी राज चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में धर्मेंद्र, प्रेमवती और राज के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों को निजी वाहन से सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. दिग्विजय सिंह ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद घायलों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भैंसों से भरी पिकअप पकड़ी, मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बदायूं-मुरादाबाद मार्ग पर बुधवार को एक बार फिर पशु तस्करों की सक्रियता सामने आई। बनियाखेड़ा विकासखंड कार्यालय के सामने एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष ने मुस्तैदी दिखाते हुए भैंसों से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ लिया। चलती गाड़ी से खून टपकता देख पीछा कर गाड़ी रोकी गई, जिसके बाद चालक समेत तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

गाड़ी के अंदर क्रूरता से लादकर ले जाई जा रही 10 भैंसें बरामद हुई हैं, जिनमें से कई गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, एनिमल फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहित शर्मा को बदायूं-मुरादाबाद रोड पर एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी गुजरती हुई दिखाई दी, जिसकी चलती बॉडी से नीचे खून टपक रहा था। मामला संदिग्ध लगने पर मोहित शर्मा ने बिना देर किए अपनी बाइक पिकअप गाड़ी के आगे लगाकर उसे रोक लिया। गाड़ी रुकते ही उसमें सवार चालक समेत तीनों लोग मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। जब स्थानीय लोगों की मदद से पिकअप गाड़ी को खोलकर देखा गया, तो उसमें क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरी गईं कुल 10 भैंसें बरामद हुईं।

इनमें से कई भैंसों की हालत गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है। पशुओं को छुपाने और उनके मांस को सुरक्षित रखने के लिए गाड़ी में बर्फ और मिट्टी का इस्तेमाल किया गया था। घटना की सूचना मिलते ही चंदौसी थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना स्थल पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों और राहगीरों का जमावड़ा लग गया, जिससे सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने पिकअप गाड़ी और सभी 10 मवेशियों को अपने कब्जे में ले लिया है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस जुटी हुई है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



चंदौसी में पिकअप से भैंसों को उतरता युवक। -जागरण मोर्चा

▶ चलती गाड़ी से टपक रहा था खून, एनिमल फाउंडेशन के अध्यक्ष ने रोकी गाड़ी, चालक समेत तीन तस्कर फरार

तबादला सूची मुख्यमंत्री के अनुमोदन को भेजी

चंदौसी। चार प्रतिशत विभागीय कोटे के तहत ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने बताया कि शिक्षकों की स्थानांतरण सूची पूरी तरह तैयार कर ली गई है। अपर मुख्य सचिव के लौटते ही सूची मुख्यमंत्री के अवलोकन और अंतिम अनुमोदन के लिए भेजी जाएगी। शिक्षक प्रतिनिधि दिनेश कुमार, अमर गौतम और 'सत्यम शिवम सुंदरम' ने बताया कि विभाग में करीब 700 शिक्षकों के स्थानांतरण का मामला लंबे समय से लंबित है। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि रिक्त पदों की उपलब्धता के आधार पर एक सप्ताह के भीतर स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इससे शिक्षकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

एडीएम ने जनगणना प्रशिक्षण परखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत बुधवार को जनपद सम्भल में 1746 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एडीएम सत्यप्रिय सिंह ने चन्दौसी के सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल स्थित प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जो देश के विकास और नीतियों के निर्धारण में मुख्य भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को पूरी गंभीरता, शुद्धता और समयबद्धता के साथ आंकड़ों का संकलन करने के लिए एडीएम ने निर्देश दिए।



चंदौसी में जनगणना प्रशिक्षण देते एडीएम। -जागरण मोर्चा

प्रशिक्षण में मोबाइल ऐप के माध्यम से सटीक डेटा एंट्री और त्रुटिरहित सूचनाएं दर्ज करने के तकनीकी पहलू समझाए गए। स्व-गणना' के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में लोगों को स्वयं ऑनलाइन माध्यम से जनगणना फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट https://se.census.gov.in/ और हेल्पलाइन नंबर 1855 का प्रचार करने को कहा गया, ताकि जनपद में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

सीमित चुनावों के बड़े संकेत

विधान परिषद के चुनावों में कांग्रेस 'बड़े शून्य' के धब्बे से बच गई। बुधवार देर रात उसने नागपुर स्नातक सीट जीत कर सभी को चौंका दिया। नागपुर की जीत 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि यहां आरएसएस का मुख्यालय है और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी यहां से सांसद हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुर की एक सीट से विधायक हैं। क्या नागपुर में स्नातक युवाओं पर संघ परिवार का मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है? उप्र में प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। इस सीट पर प्रधानमंत्री की सांसद के तौर पर जीत का अंतर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपा की नई चिंता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपा से विमुख हो रहा है? छिटक रहा है? लखनऊ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह-गढ़ है। लखनऊ में भाजपा की पराजय हुई है और गोरखपुर में 'दूसरी वरीयता' के स्तर पर मात्र 307 मतों से जीत पाई है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपा का गढ़ है। वहां से भी सपा ने जीत हासिल की है। उप्र में मार्च, 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषद के चुनाव 'सीमित' होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेश से कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उप्र में आम विधानसभा चुनाव से पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा-कांग्रेस ने वाकई गठबंधन में चुनाव लड़ा, तो नतीजे 'अप्रत्याशित' भी हो सकते हैं! अलबत्ता विधान परिषद की कुल 28 में से 16 सीटें भाजपा ने जीती हैं, लिहाजा संतोष किया जा सकता है। यह जीत भाजपा-एनडीए की साझा जीत है। उप्र में कुल 11 सीटों में से भाजपा के हिस्से 6 और सपा के हिस्से 5 सीटें आई हैं। भाजपा पिछले चुनाव की तरह ही है, लेकिन सपा ने 2 सीटों की बढ़त बनाई है, लिहाजा संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपा के सामने चुनावी चुनौतियां हैं। जनादेश इतना आसान, सहज, सरल नहीं होगा। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। सभी चारों सीटों पर भाजपा-जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरु में पुट्टन्ना परिषद की शिक्षक वर्ग सीट से 5 बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद-एस ने छीन ली है। शेष तीनों सीटों पर भाजपा विजयी रही है। यह 2028 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'बदलाव का संकेत' है। महाराष्ट्र में भाजपा-महायुति दावा कर रहे थे कि वे पांचों सीटों पर 'क्लीन स्वीप' करेंगे, लेकिन 'बुजुर्ग चाणक्य' शरद पवार और कांग्रेस ने तीन सीट जीत कर तमाम समीकरण बदल दिए और सत्ता के दावे ध्वस्त कर दिए। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के हिस्से 1-1 सीट ही आई। बिहार में एनडीए ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वे प्रशांत किशोर की 'जनसुराज पार्टी' की एक सीट पर जीत को रोक नहीं पाए। बहरहाल सबसे संवेदनशील राज्य उप्र रहा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन, श्रीराम, माफिया, बुलडोजर आदि के जरिए आक्रामक प्रचार करने में जुटे हैं। विपक्ष में सपा-कांग्रेस की सीटें अभी तय नहीं हो पाई हैं। तीसरे पक्ष के तौर पर ओवैसी मुसलमानों को लामबंद करके अपनी पार्टी का खाता खोलने में जुटे हैं। उप्र विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। यह चुनाव भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता की ही सरपरस्ती में हुआ है। जो परिणाम सामने हैं और जिस तरह विपक्ष ने जीत हासिल की है, उससे 'वोट चोरी' का जुमला अब छोड़ देना चाहिए। यदि मनमर्जी की मतदाता सूची बनाई जा सकती है, तो कर्नाटक सरकार भी कर सकती थी और कुछ सीटें जीत सकती थी, लेकिन ऐसा संभव नहीं होता। 'वोट चोरी' का मुद्दा उछालने के बाद विपक्ष और खासकर कांग्रेस सभी चुनाव हारी है, लेकिन अप्रत्याशित जीत भी दर्ज की गई हैं।

ईरान पर 'परमाणु हमला'



नौवीं बार संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अमरीका ईरान पर 'परमाणु हमला' कर सकता है! राष्ट्रपति ट्रंप इजरायल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नेतन्याहू के लगातार दबाव में हैं कि परमाणु हमले से ही 'ईरान समस्या' का कोई समाधान मिल सकता है। यदि ईरान पर परमाणु हमला किया गया, तो उसके बाद तीसरे विश्व युद्ध की स्थितियां 'चरम' पर होंगी। रूस, उत्तरी कोरिया, चीन और भारत भविष्य के विनाशकारी युद्ध में शामिल होने को बाध्य होंगे! लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध के 8 लंबे महीनों के बाद भी दोहरी जुबान बोल रहे हैं कि ईरान के साथ 'डील' की बातचीत अच्छी चल रही है। वह युद्ध नहीं चाहते, लेकिन फिर यह भी बयान देते हैं कि हम ईरान का अस्तित्व खत्म कर देंगे। अमरीका में मध्यावधि चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं, लिहाजा अब राष्ट्रपति ट्रंप के लिए दोनों ही विकल्प खुले हैं कि ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोपा जाए अथवा समझौते की संभावनाओं को पुख्ता किया जाए। इसी दौरान अमरीका के वरिष्ठ पत्रकार और कभी राष्ट्रपति ट्रंप के बेहद करीब रहे टकर कार्लसन ने 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर पोस्ट लिखी है कि अमरीका कुछ ही दिनों में ईरान के नतांज परमाणु केंद्र के करीब 'पिकएक्स पहाडियों' पर परमाणु हमला कर सकता है। इस बार 'बी 61-11' बॉम्बर्स के जरिए 'बंकरफोड़ू' बमबारी की जा सकती है या मिसाइलों से हमला किया जा सकता है! अमरीका पहले भी ईरान के परमाणु केंद्रों की पहाडियों पर हमले कर चुका है, लेकिन इस बार 'परमाणु सम्मत हथियारों' से हमले की संभावनाएं जताई जा रही हैं। दिलचस्प यह है कि उपराष्ट्रपति वेंस और ट्रंप के 'विशेष दूत' स्टीव विटकॉफ युद्ध नहीं, ईरान के साथ बातचीत और डील के पक्षधर हैं। बहरहाल यदि इस बार युद्ध का विस्तार हुआ, तो कच्चे तेल की कीमतें 140 डॉलर प्रति बैरल तक उछल सकती हैं और फिर वहीं स्थिर रह सकती हैं, क्योंकि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। अमरीका और यूरोपीय देशों में खासकर गैस की मांग 'चरम' पर पहुंच जाती है, क्योंकि वहां के घरों को गर्म रखने के लिए गैस की बुनियादी जरूरत होती है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक, 15 देशों में ऊर्जा की जबरदस्त किल्लत है। गैस के साथ-साथ तेल के संकट भी हैं। फ्रांस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, स्लोवाकिया, जापान सरीखे देशों में 'ऊर्जा आपातकाल' और 'राशनिंग' की व्यवस्था लागू करनी पड़ी है। जहां तक भारत का सवाल है, तो उसने अक्तूबर माह में 56 लाख बैरल तेल औसतन हररोज खरीदा है। सुखद संकेत यह है कि खाड़ी देशों से औसतन रोजाना 23 लाख बैरल तेल हररोज आयात किया जा सका है और 20 लाख बैरल तेल रूस से खरीदा है। भारत कुछ अन्य देशों से भी सीमित मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है। यदि ईरान युद्ध नए सिरे से भडक़ता है, तो होर्मुज के रास्ते आयात फिर बंद हो सकता है। सऊदी अरब के तेल ठिकानों पर हूती आतंकी लगातार हमले कर रहे हैं। रूस पर यूक्रेन ने इतने हमले किए हैं कि उसके 49 फीसदी तेल संयंत्र, रिफाइनरियां, तेल के संसाधन नष्ट अथवा क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। रूस से हमें नवंबर-दिसंबर में तेल की आपूर्ति निश्चित रूप से कम होगी! यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 140 डॉलर या अधिक रहीं, तो भारत में मुद्रास्फीति, आम वस्तुओं के महंगे दाम, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और 'रुपए' के अवमूल्यन की स्थितियां लगातार बनेंगी। नतीजतन भारत की आर्थिक विकास दर 7 फीसदी से कम हो सकती है। बहरहाल अमरीका के ईरान पर संभावित परमाणु हमले की समूचे देश में यह 'सामूहिक प्रतिक्रिया' सामने आ रही है कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि से बाहर आए और अपनी परमाणु नीति में बदलाव करे। अर्थात परमाणु बम बनाए। ईरान के पास जितना यूरेनियम सवंर्धित है, उससे कुछ ही दिनों में 10-12 परमाणु बम बनाए जा सकते हैं।

आइए, किताब तेरस का लाभ उठाइए

किताब प्रेमियों को यह जानकर दिमागी प्रसन्नता होगी कि इस बार किताब तेरस मनाते हम उन पर किताब वर्षा करने जा रहे हैं। ऐसी किताब वर्षा कि जिस किताब प्रेमी का मन किताब की जिल्द खरीदने तक को आज तक नहीं हुआ, वह भी किताब खरीदने को लालायित हो उठेगा, किताब पढने को मन न होने के बाद भी। किताब पढने को कराह उठेगा। अपनी अन्य कराहटों को दबाता हुआ। अबके किताब तेरस पर हमारी ओर से किताबबाजों पर जो किताब वर्षा की जा रही है, वह किसी अमृत वर्षा से कम नहीं। किताब तेरस को हम लेकर आए हैं, अपने किताबबाजों को एक से एक चमत्कारी किताबी ऑफरें। मसलन- पांच सौ रुपए तक की किताबों की फिफ्टी परसेंट डिस्काउंट के साथ ऑनलाइन खरीददारी पर पिज्जा, बर्गर की तरह होम डिलीवरी बिल्कुल फ्री। नो शिपिंग चार्ज। यही नहीं, इसके साथ ही साथ चुनिंदा किताबों पर अस्सी प्रतिशत तक की सीधी छूट। हम चाहते हैं कि हर खोपड़ी में दिमाग हो या न, पर हर हाथ में किताब जरूर हो। आदमी के लिए दिमाग से जरूरी किताब होती है। हम चाहते हैं कि हर चेहरे पर हिजाब हो या न, पर हर चेहरे पर किताब हो। आदमी के लिए हिजाब से जरूरी किताब होती है। हम चाहते हैं कि हर पांव में जूता हो या न, पर हर हाथ में किताब हो। आदमी के लिए जूते से जरूरी किताब होती है। हम चाहते हैं कि हर जूते के अंदर जुराब हो या न, पर हर जूते में किताब हो। हर जूते के लिए जुराब से जरूरी किताब होती है। इसके अतिरिक्त किताबों को रखने के लिए एक जर्म फ्री बैग फ्री। इसमें आप जितने दिन चाहें, जितने महीने चाहें, जितने साल चाहें, बिन पढ़ी किताबों को बंद करके सेफ रखिए। क्या मजाल जो जरा सी भी दीमक उनमें लग जाए। क्या मजाल! जो जरा सा भी काक्रोच उनको सताए। काक्रोच तो इन दिनों सत्ताधारियों को सताने, रुलाने में मस्त व्यस्त हैं। जीवन में पहली बार किताबें खरीदने वाले किताब प्रेमियों को विशेष ऑफर के अंतर्गत हजार रुपए की किताबें खरीदने पर दो हजार के कमीज पैंट मुफ्त। हर त्योहारी अवसर की सेल का अंधाधुंध लाभ उठाना गधे से गधे जीव का मूलभूत अधिकार है। अतः इस अवसर का लाभ उठाते जो किताबबाज अपनी प्रिय किताबें खरीदना चाहेगा, हम उसे सीधे फिफ्टी परसेंट छूट देंगे। यही नहीं, किताब तेरस के अवसर पर किताबों के गिफ्ट सेट के ऊपर सीधे साठ प्रतिशत छूट। किताबों के कॉम्बों ऑफर पर सहत्तर प्रतिशत तक छूट।

निजी क्षेत्र से वित्तीय सहयोग



वाइल्ड फ्लावर हॉल के मार्फत आ रही कमाई का हक अगर जीवंत रखा जाए तो हिमाचल की संपत्तियां अपना सदुपयोग करेंगी। जाहिर तौर पर वाइल्ड फ्लावर हॉल की कानूनी लड़ाई ने हिमाचल के स्वामित्व अधिकार लौटाते हुए नई आर्थिक भूमिका पैदा की है। ई-नीलामी के जरिए हिमाचल को वार्षिक राजस्व का 47.1 प्रतिशत हिस्सा मिल रहा है, तो अग्रिम लाइसेंस फीस के 48 करोड़ और होटल संपत्ति में 50 करोड़ का न्यूनतम निवेश भी तय हुआ है। अपनी ही मिलकीयत में कानूनी प्रतिनिधित्व की यह अनूठी मिसाल है जो प्रदेश में विनिवेश की अवधारणा को तर्कसंगत बनाएगी। सरकार ने मानदंड तय करते हुए संपत्ति के बदले चार सौ करोड़ की राशि भी प्राप्त की है। भविष्य की आर्थिक संरचना में प्रदेश को अलाभकारी संपत्तियों की घाटे में रखवाली करने के बजाय निजी क्षेत्र के साथ वित्तीय सहयोग करने के अवसर बढ़ाने होंगे। पर्यटन निगम के ही कई होटल व रेस्तरां अगर घाटे के दौर में पहुंच गए हैं, तो उन्हें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप में चलाना चाहिए। घाटे के बस डिपो, बस रूट और सार्वजनिक बोर्ड-निगमों की वित्तीय कमजोरियों को निजी क्षेत्र के सफल सहयोग के साथ बांट लेना चाहिए। वित्तीय हिफाजत या जवाबदेही के लिए यह जरूरी है कि पूरी व्यवस्था को बदला जाए। हिमाचल की कूरियर सेवाओं के साथ एचआरटीसी का गठबंधन हो जाए, तो घाटे की बसों को निजी क्षेत्र के साथ कूरिअर आमदन बांटने का अवसर मिलेगा। हिमाचल आ रही निजी वोल्वो बसों की कमाई का एक बड़ा कारण यह भी है कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग अपना माल इनके माध्यम से ढो रहा है। सरकारी संपत्तियों का ऑडिट बता सकता है कि कितने भवन, कितने वाहन, कितने दफ्तर और कितने कर्मचारी-अधिकारी अवांछित हैं। आर्थिक संसाधन बढ़ाने से पहले फिजूलखर्ची रोकना तथा कुशल वित्तीय प्रबंधन है। सरकार अगर कुछ शिक्षण संस्थाएं या अनावश्यक संस्थान-दफ्तर बंद करती है, तो इसका मूल्यांकन सही परिप्रेक्ष्य में होना चाहिए। बात गुणवत्ता और काबिलीयत बढ़ाने की है, तो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को अपने खर्चे कम करने होंगे। प्रदेश के निजी क्षेत्र के बड़े आपरेटर, ट्रक व टैक्सी आपरेटर, सरकारी बसों से भिन्न बस या टैक्सी डिपो नहीं बनाते हैं।

अगर डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदल कर सरकार करोड़ों कमा रही है, तो पांच नए इलेक्ट्रिक बस डिपो खड़े करने का खर्च अलाभकारी ही साबित होगा। हैरानी तो यह कि नगरोटा और धर्मशाला से मात्र 18-20 किलोमीटर की दूरी पर कांगड़ा में बस डिपो बनाने की घोषणा हो चुकी है। जाहिर तौर पर पूरे प्रदेश की आर्थिक, भौतिक, प्राकृतिक और व्यापारिक संपदा पर सरकार का दखल स्पष्ट है और अगर इस भूमिका में सारा अवलोकन आर्थिक धरातल पर किया जाए, तो जनता भी साथ देगी। हिमाचल की सियासी दौड़ ने आम नागरिक को सिर्फ घोषणाएं और विकास के शिलालेख ही दिए हैं, जबकि जनता को आर्थिक तरक्की का पार्टनर बनाना होगा। पंजाब राज्य के मुकाबले हिमाचल ने सबसे अधिक सरकारी कालेज, विश्वविद्यालय, मेडिकल कालेज व बस डिपो खोले हैं। पर्वतीय विकास में आरंभिक गतिशीलता बेशक सरकारी ढांचे की मजबूती से ही आई, लेकिन अब जनता स्वयं निजी क्षेत्र पर भरोसा कर रही है। अच्छे स्कूल, कालेज, अस्पताल व बसों की तलाश में हिमाचल की जनता का रुझान निजी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। पिछले दस सालों से पर्यटन के डेस्टिनेशन स्थलों से निजी वोल्वो बसों का एक बड़ा बेड़ा हिमाचल में तैयार हो गया। अब यही ट्रेंड प्रदेश के विभिन्न शहरों से आगे बढ़ रहा है। चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, हरिद्वार, देहरादून व कुछ अन्य शहरों के लिए अब हिमाचल के विभिन्न भागों से वोल्वो, डीलक्स, एसी या छोटे वाहन दैनिक रूप से चल रहे हैं और इसके परिणामस्वरूप सरकारी बसों के रूट असफल हो रहे हैं। हिमाचल में निजी क्षेत्र अब इतना सशक्त व विविधता से भरा है कि प्रदेश को इसकी जरूरत व दक्षता पसंद आ रही है। प्रदेश में दूध, डेयरी व उपभोक्ता मांग के हर सामान की एक चेन सप्लाई बन चुकी है। ऐसे में हिमाचल को अभी से निजी क्षेत्र के साथ हाथ मिलाते हुए अपने घाटे और वित्तीय फायदे बांट लेने चाहिए।

भारत की गरीबी के अर्धसत्य



क्या भारत में गरीबी 'नगण्य' स्तर पर आ रही है? क्या बहुत जल्द 'गरीबी-रेखा' की अवधारणा और मानकता समाप्त हो जाएंगी? क्या 285-400 रुपए रोजाना की आमदनी 'सामान्य स्थिति' है? गरीबी से उबरना है? देश के कण-कण, चप्पे-चप्पे, गली-मुहल्लों में जो गरीब परिवार दिखाई देते हैं, क्या उनमें से अधिकतर गरीबी से बाहर निकल आए हैं और सामान्य आय-वर्ग में शामिल हो चुके हैं? आरएसएस के सरकार्यवाह (महामंत्री) दत्तात्रेय होसबाले ने 375 रुपए से भी कम रोजाना कमाने वालों को 'गरीबी' की श्रेणी में रखा था, जिसमें करोड़ों भारतीय बताए गए थे, क्या उस आकलन और सर्वेक्षण का अर्थशास्त्र गलत था? पश्चिम बंगाल से उप्र तक की पट्टी में देश के करीब 57 फीसदी गरीब माने जाते रहे हैं, क्या उनमें से अधिकतर गरीबी से बाहर निकल आए हैं? देश में ऐसी कॉन-सी क्रांति या औद्योगिक विकास हुआ है, जिनसे गरीबी 3 फीसदी से भी कम पर आने का निष्कर्ष बताया जा रहा है? विश्व बैंक ने भारत की गरीबी पर जो रपट जारी की है, उसकी प्रामाणिकता और विश्वसनीयता कितनी है? भारत में गरीबी और गरीब के आंकड़े विश्व बैंक ने खुद तो जमा नहीं किए। भारत सरकार, मंत्रालयों और एजेंसियों ने जो डाटा मुहैया कराया होगा, विश्व बैंक ने उन्हीं का विश्लेषण किया होगा! तो उस आधार पर कैसे माना या दावा किया जा सकता है कि भारत में गरीबी बहुत कम हो चुकी है और करीब 50 करोड़ लोग, 2011-23 के दौरान, गरीबी-रेखा से बाहर आ चुके हैं? विश्व बैंक की रपट के मुताबिक, भारत में 'अत्यधिक गरीबी' 3 डॉलर (करीब 285 रुपए) रोजाना के मानक स्तर पर 27.1 फीसदी से घट कर मात्र 2.6 फीसदी रह गई है? यह 'अत्यधिक गरीबी' क्या होती है? यह शब्दावली किसने तय की और क्या सभी को स्वीकार्य है? बहरहाल 12 साल के कालखंड में साढ़े 3 साल यूपीए सरकार के हैं, शेष कालखंड मोदी सरकार का है। इन सालों में 49.6 करोड़ लोग गरीबी-रेखा से बाहर आए हैं। निम्न मध्यम आय-वर्ग में रोजाना 4.2 डॉलर (करीब 400 रुपए) कमाने और जीवनयापन करने वालों की आबादी 57.7 फीसदी से घट कर 16.1 फीसदी पर आ गई है। इसी स्तर पर 2026 की गरीबी-दर 14.2 फीसदी से घट कर 2028 में 12.1 फीसदी तक लुढक़ सकती है। इस विश्लेषण और इन निष्कर्षों पर कई सवाल हैं। भारत में औसतन 300-400 रुपए रोजाना कमाने वाले को 'गरीब' नहीं मानेंगे, तो क्या वह 'सामान्य' श्रेणी में गिना जाएगा? सरकारों ने न्यूनतम वेतन 18,000 रुपए से 24,000 रुपए तक तय कर रखा है। औसतन मजदूर भी 600-700 रुपए की दिहाड़ी मांगता है। विश्व बैंक के हिसाब से 9000-12,000 रुपए माहवार कमाई, आय वाले को 'गरीब' नहीं मानना चाहिए, लेकिन औसत किसान की आमदनी 10,000 रुपए माहवार भी नहीं है। उसे मजदूरी करनी पड़ती है। किसानी से 5000 रुपए भी नहीं मिलते। खेती पर 42 फीसदी कार्यबल आश्रित है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी कृषि का योगदान 16-18 फीसदी है। यह डाटा भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो और विश्व बैंक का है। जिन आधारों पर गरीबी-उन्मूलन के दावे किए जा रहे हैं, उनके अपने 'अद्र्धसत्य' हैं। यह एक अलग विश्लेषण का विषय है, लिहाजा इसे यहीं छोड़ते हैं। 'गरीबी हटाओ' इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री काल से एक बेहद संवेदनशील मुद्दा रहा है। इसी आधार पर उन्होंने 1971 का चुनाव जीत लिया था। बाद में कुछ और प्रधानमंत्री भी गरीबी-उन्मूलन के दावे करते रहे। भारत सरकार में इसका बाकायदा एक मंत्रालय है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपनी योजनाओं के जरिए गरीबी मिटाने के लगातार दावे किए हैं। विश्व बैंक उनकी राजनीति को पुख्ता करता है, लेकिन यह सच भी देश के सामने आना चाहिए कि देश पर करीब 215 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। यह भी यथार्थ है कि वित्त वर्ष 2026-27 में अभी तक बेरोजगारी दर 14.6 फीसदी से बढ़ कर 15.9 फीसदी हो गई है।

पांच नवंबर का राशिफल

मेष राशि (Aries) : लंबे समय से चली आ रही परेशानियों और चिंताओं से छुटकारा मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और आर्थिक मामलों में लाभ हो सकता है।

वृषभ राशि (Taurus) : लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होंगे। वाहन चलाने में थोड़ी सावधानी बरतने की सलाह है।

मिथुन राशि (Gemini) : काम, पैसों की योजना और समझदारी भरे फैसलों पर ध्यान केंद्रित रहेगा।

कर्क राशि (Kark/ Cancer) : नए लोगों से जुड़ना और संपर्कों का दायरा बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। भाई-बहनों और करीबी लोगों के सहयोग से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

सिंह राशि (Leo): बृहस्पति की स्थिति से आपको तरक्की के नए मौके मिलेंगे।

कन्या राशि (Kanya / Virgo) : आज चंद्रदेव कन्या राशि में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे व्यवस्था और समझदारी से काम पूरे होंगे।

तुला राशि (Libra) : सूर्य कमजोर स्थिति में तथा बुध और शुक्र वक्री हैं, इसलिए करियर और पैसों के मामलों में संभलकर चलें।

वृश्चिक राशि (Scorpio) : रिश्तों में संतुलन और सहजता लाने से सुधार होगा। आर्थिक मामलों में धन लाभ के योग हैं।


धनु राशि (Sagittarius) : मेहनत रंग लाएगी और कुछ जातकों को प्रमोशन भी मिल सकता है।

मकर राशि (Capricorn) : दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहेगा, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। मकर और मीन राशि वालों के लिए दिन शुभ रहेगा।

कुंभ राशि (Aquarius) : करियर में गति आएगी और नए पेशेवर अवसर व मान-सम्मान मिल सकता है।

मीन राशि (Pisces) : सेहत का ध्यान रखें और काम का अत्यधिक दबाव न लें। व्यापार से जुड़े लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर



लखनऊ-बैंकॉक की सीधी उड़ान फिर शुरू होगी

लखनऊ। लखनऊ से बैंकॉक के बीच उड़ान भरने वाली थाई एयर एशिया की सीधी उड़ान 16 नवंबर से बहाल की जा रही है। ईंधन संकट के चलते यह सेवा बीते पांच जून को बंद कर दी गई थी। मध्य एशिया में युद्ध के कारण ईंधन संकट खत्म होने के आसार जताए जा रहे हैं। इसके चलते बंद की जा चुकी विमान सेवाओं को बहाल किया जा रहा है। एयर एशिया की लखनऊ से क्वालालंपुर(मलयेशिया) की सीधी उड़ान भी बहाल करने की तैयारी की जा रही है। जबकि 16 नवंबर से बैंकॉक की सीधी उड़ान बहाल हो रही है। एफडी-147 रात 11:30 बजे उड़ान भरकर सुबह 4:25 बजे बैंकॉक पहुंचेगी। विमान का किराया 24438 रुपये चल रहा है।

राजभर बोले- अखिलेश यादव चुनाव लड़ने से डर रहे हैं, हिम्मत है तो किसी एक सीट से लड़कर दिखाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय




लखनऊ। कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव को विधानसभा चुनाव लड़ने की चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश चुनाव से बच रहे हैं क्योंकि उन्हें हार का डर है। राजभर ने तंज कसते हुए उन्हें रेडीमेड पार्टी का रेडीमेड शहजादा बताया और काशी जाकर दर्शन करने की नसीहत दी।

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में किसी सीट से चुनाव नहीं लड़ने की चर्चा है। नेता वह नहीं होता जो चुनाव से भागे। उनमें हिम्मत है तो किसी एक सीट से चुनाव लड़कर दिखाएं।

राजभर ने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव टोना-टोटका मानते हैं। बिना चुनाव लड़े मुख्यमंत्री बन जाना उनके लिए किसी टोना-टोटका से कम नहीं था। वह रेडीमेड पार्टी के रेडीमेड शहजादे होने के कारण मुख्यमंत्री बने थे। अब उन्हें लग रहा है कि चुनाव लड़ने पर हार तय है, इसलिए मैदान छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने 10 साल पहले ही टोना-टोटका मानने वाली सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था। आज प्रदेश से भूत-प्रेत और टोना-टोटका सब खत्म कर दिए गए हैं। राजभर ने तंज कसा कि अखिलेश एक बार मुख्यमंत्री बन पाए हैं और आगे मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने अखिलेश को काशी जाकर बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन करने की नसीहत भी दी

इन्होंने यदुवंशियों और रघुवंशियों दोनों की भावनाएं आहत की हैं', अखिलेश बोले-इनकी यूपी में एंट्री बंद हो

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री के भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण पर विवादित टिप्पणी करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इनकी यूपी में एंट्री बंद की जाए।

भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नाराजगी जताई है और पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर तीखा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि इन्होंने यदुवंशियों और रघुवंशियों दोनों की भावनाएं आहत की हैं। अब इन्हें न ब्रज में प्रवेश मिलेगा, न अवध में। अब न तो कोई सच्चा रघुवंशी इनका स्वागत करेगा, न सच्चा यदुवंशी।

उत्तर प्रदेश- मध्य प्रदेश के बार्डर पर इनकी नाकाबंदी का बोर्ड लग जाना चाहिए, जिस पर लिखा हो : 'ईशनिंदा' करनेवालों का उप्र की धर्म-भूमि पर प्रवेश वर्जित है। जिसने धर्म-मज़हब नहीं छोड़ा वो अगली बार सम्प्रदायों पर छींटाकशी करने से बाज़ नहीं आयेगा। समझाने की ज़रूरत नहीं अगला नंबर किस का है। नेपाल बार्डर भी बंद करना पड़ेगा नहीं तो उधर से इधर आना ज़्यादा पास पड़ेगा। लगता है उत्तर प्रदेश में किसी बाहरी के इशारे पर किसी की राजनीतिक-धार्मिक सत्ता को चुनौती देने का काम हो रहा है। आपस की टकराहट में सियासी लोग भगवान को क्यों ला रहे हैं। अखिलेश यादव का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि 17 नवंबर से प्रतापगढ़ में हाने वाली कथा के लिए धीरेंद्र शास्त्री आने वाले हैं। इस कथा का आयोजन राजा भैया करवा रहे हैं। अखिलेश यादव ने पहले भी इस मुद्दे पर बयान जारी कर नाराजगी जताई है।

राज्य अध्यापक और सीएम शिक्षक पुरस्कार के आवेदन 10 से

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक और शिक्षक 10 से 30 नवंबर तक राज्य अध्यापक पुरस्कार और मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने बुधवार को इसकी समयसारिणी जारी कर दी। चयन प्रक्रिया 24 जनवरी 2027 तक पूरी की जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) और संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व प्रधानाध्यापकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व प्रधानाध्यापकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए चुना जाएगा। आवेदन विभाग की वेबसाइट https://upmsp.edu.in पर भरे जाएंगे। जिला स्तरीय समिति एक से 15 दिसंबर तक आवेदनों का परीक्षण और स्थलीय सत्यापन कर पात्र अभ्यर्थियों के प्रस्ताव मंडलीय समिति को भेजेगी। मंडलीय समिति 16 से 30 दिसंबर तक प्रस्ताव निदेशालय स्तरीय चयन समिति को भेजेगी। इसके बाद 31 दिसंबर से 14 जनवरी 2027 तक प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति को भेजे जाएंगे। राज्य स्तरीय समिति 15 से 24 जनवरी तक चयन प्रक्रिया पूरी करेगी। चयन वर्ष 2022 में निर्धारित मानकों के आधार पर होगा। मूल्यांकन 120 अंकों में किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट कार्य, छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम, नामांकन वृद्धि और विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों को आधार बनाया जाएगा। शिक्षकों को विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयासों का भी ब्योरा देना होगा।

डबल इंजन सरकार पर प्रियंका का वार, कहा- वादे बड़े-बड़े, जमीनी हकीकत सिर्फ जुमला

जागरण मोर्चा कार्यालय



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीडिया विभाग की वाइस चेयरमैन प्रियंका गुप्ता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीडिया विभाग की वाइस चेयरमैन प्रियंका गुप्ता ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीडिया विभाग की वाइस चेयरमैन प्रियंका गुप्ता ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की आम जनता महंगाई से बुरी तरह त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन डबल इंजन की सरकार इस पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

योगी सरकार पूरी तरह संवेदनहीन होकर सिर्फ भाषणों और जुमलों तक सीमित रह गई है। प्रियंका गुप्ता ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में रसोई गैस की कीमतों में 128 प्रतिशत की बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। इतना ही नहीं, पहले साल में मिलने वाले 12 सब्सिडी वाले घरेलू गैस सिलेंडरों की संख्या को घटाकर अब सिर्फ 4 कर दिया गया है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवार इस सब्सिडी के दायरे से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भाजपा शासित अन्य राज्यों में सब्सिडी वाले 12 सिलेंडर दिए जा रहे हैं, तो उत्तर प्रदेश की जनता के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है?

संक्षेप समाचार

प्रदेश में खत्म हुआ चक्रवात का असर, कई जिलों में तेजी से लुढ़का रात का पारा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चक्रवात का असर पूरी तरह समाप्त हो चुका है और बुधवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों अच्छी धूप खिली। तराई को छोड़कर बाकी जगहों से कोहरे का प्रकोप भी नहीं रहा। मौसम विभाग का कहना है कि दिन में धूप खिलेगी और अगले एक हफ्ते दिन के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आने वाला है। हालांकि रात के तापमान में मामूली गिरावट क्रमशः जारी रहेगी। बुधवार को हरदोई, कानपुर, इटावा, मुजफ्फरनगर, मेरठ समेत दस जिलों में रात का तापमान 18 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में न्यूनतम तापमान में थोड़ी और गिरावट आएगी और रातें और ठंडी होंगी। बुधवार को 26 .2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ फर्रुखाबाद में सबसे ठंडा दिन रहा। वहीं 14 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ हरदोई में सबसे ठंडी रात रही।

महिलाओं ने तैयार किए गोबर के 40 हजार दीये, लखनऊ से बनारस तक बिखरेगी रोशनी



लखनऊ। इस दिवाली घरों में मिट्टी के दीयों के साथ गोबर के दीयों की भी खास चमक दिखाई देगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मलिहाबाद के गणेश स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए गोबर के दीये दिवाली पर धार्मिक, आध्यात्मिक और पर्यावरण के महत्व को बढ़ावा देंगे। समूह की महिलाओं ने त्योहार के लिए 40 हजार गोबर के दीये बनाए हैं। इनमें से ज्यादातर दीये लखनऊ में दिवाली पर घरों को रोशन करेंगे, जबकि पांच हजार दीये वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर जगमगाएंगे। इस पहल से करीब 40 महिलाओं को घर बैठे रोजगार भी मिला है। जो दिवाली पर लखनऊ में घरों को रोशन करेंगे। साथ ही पांच हजार दीये वाराणसी में देव दीपावली को जगमग करेंगे। करीब 40 महिलाओं को घर बैठे रोजगार मिला है। एक दीये की फुटकर कीमत तीन रुपये है। इसमें दो रुपये लागत व एक रुपये बचत है। 11 दीयों का पैकेट 33 रुपये और 50 दीयों का पैकेट 125 रुपये का है। बड़े दीये भी बनाए हैं। इसकी कीमत पांच रुपये है। मलिहाबाद के गणेश स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस काम में जुटी हैं। ग्राम अटौरा निवासी समूह की सदस्य रीता देवी का कहना है कि गाय के गोबर को पवित्र माना जाता है और इसमें मां लक्ष्मी का वास होता है। इसे जलाने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता आती है। इसी मान्यता को बढ़ावा देने के लिए मिशन से सीआईएफ (फंड) लेकर त्योहर के लिए दीये तैयार कर रहे हैं। अन्य समूह को भी इस काम से जोड़ रखा है। समूह की महिलाएं केवल दीये ही नहीं, बल्कि गोबर से हवन में इस्तेमाल होने वाली स्टिक भी तैयार कर रही हैं। इसके अलावा गोबर की स्टिक भी बनाए हैं। जो हवन सामग्री में प्रयोग की जाती है। एक स्टिक की कीमत सात रुपये है। अब तक 20 हजार दीये ऑर्डर पर भेज चुके हैं। इसमें ज्यादातर अधिकारियों ने दीये खरीदें हैं। करीब पांच हजार दीये देव दीपावली के लिए बनारस में खरीदे गए हैं। इस कार्य में महिलाओं प्रति दीया एक रुपये मिलता है। इससे कई परिवारों की आजीविका में सुधार आएगा। इस पहल से त्योहार की तैयारियों के साथ महिलाओं की आजीविका को भी नई रोशनी मिल रही है।

पॉवर कारपोरेशन अध्यक्ष बोले- दीपावली व छठपूजा पर न हो बिजली कटौती

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। दीपावली और छठ पूजा सहित त्योहारों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कॉरपोरेशन ने तैयारी की है। अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने अधिकारियों को कटौती मुक्त बिजली देने, खराबी जल्द ठीक करने और मरम्मत गैंग तैयार रखने के निर्देश दिए। ढीले तार, झुके पोल और ट्रांसफार्मरों की जांच कराने को कहा गया है।

प्रकाश पर्व दीपावली, छठपूजा सहित अनेक प्रमुख त्योहारों पर प्रदेश वासियों को अनवरत सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पावर कारपोरेशन ने व्यापक तैयारी की है। प्रमुख सचिव व पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेन्सिंग से विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। अध्यक्ष ने डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशकों, मुख्य अभियन्ताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी क्षेत्रों को कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। स्थानीय स्तर पर विद्युत आपूर्ति में आने वाले अवरोधों को भी कम से कम समय में ठीक करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। अप्रत्याशित ब्रेकडाउन होने की दशा में जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति को चालू करने के लिए पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंगों की व्यवस्था रहे। वितरण के अधिकारी एवं कर्मचारी अपना

किसान मोर्चा की नई टीम घोषित, सुरेंद्र प्रताप पांडेय बने मीडिया संयोजक

जागरण मोर्चा कार्यालय



भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया संयोजक बनने पर हुआ भव्य अभिनंदन।

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लखनऊ महानगर ने अपनी किसान मोर्चा कार्यसमिति का विस्तार करते हुए नई टीम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष जितेंद्र सिंह की संयुक्त सहमति से जारी इस सूची में कुल 47 पदाधिकारियों और सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई टीम की घोषणा के बाद से ही क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

इस नई कार्यसमिति में सुरेंद्र प्रताप पांडेय को जिला मीडिया संयोजक की अहम कमान सौंपी गई है। वहीं, संगठन को धार देने के लिए रामकिशोर चौबे, शिव बरन शुक्ला सहित 8 नेताओं को जिला उपाध्यक्ष और आकाश बाजपेयी, संजीव कुमार सिंह और अर्जुन लोधी को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा लखनऊ महानगर में सुरेंद्र प्रताप पांडेय को मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी मिलने पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों, समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुधाकर त्रिपाठी ने सुरेंद्र प्रताप पांडेय को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

वहीं प्रदेश मंत्री आर.के. चारी, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला, महानगर उपाध्यक्ष डी. शुक्ला और पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने भी उनका अभिनंदन किया। इसके अलावा मंडल उपाध्यक्ष अजय यादव, लखन दुबेदी, विनय शुक्ला, विवेक शुक्ला और सुमित त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि सुरेंद्र प्रताप पांडेय अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। साथ ही किसान मोर्चा की गतिविधियों और संगठन की नीतियों को मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नई जिम्मेदारी मिलने पर सुरेंद्र प्रताप पांडेय ने सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन के प्रति आभार जताया। उन्होंने लिखा, "लखनऊ महानगर में किसान मोर्चा का मीडिया संयोजक मुझे बनाए जाने पर संगठन का कोटि-कोटि आभार एवं धन्यवाद।" उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

लखनऊ में सजेगा पटाखों का बाजार, 60 जगह खुलेंगी 1201 दुकानें, ग्रीन पटाखे ही बिकेंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। दीपावली और छठ त्योहारों पर पटाखों की बिक्री के लिए लखनऊ कमिश्नरेट में 1201 अस्थायी दुकानें लगाने की तैयारी है। पुलिस ने इसके लिए शहर के अलग-अलग जोन में 60 स्थान चिह्नित किए हैं। इन स्थानों पर निर्धारित मानकों और शर्तों के अनुसार ही पटाखा बिक्री के अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। पुलिस ने दुकानदारों के लिए सुरक्षा इंतजाम अनिवार्य करते हुए नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्त करने और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

पुलिस कमिश्नरेट की ओर से मंगलवार को जारी सूचना के मुताबिक, पश्चिमी जोन में आरएमएल लॉन में 19, मधुबन मैरिज लॉन में 25, डीएवी इंटर कॉलेज में 40, दुबग्गा की आम्रपाली योजना में 40 और पारा स्थित शकुंतला डिग्री कॉलेज में 45 दुकानें प्रस्तावित हैं। मध्य जोन में आशियाना के कथावाचक मैदान में 50, मड़ियांव की सेक्टर-ई सचिवालय कॉलोनी में 40 और जानकीपुरम की मौर्या भट्ठा नहर रोड पर 30 दुकानें लगेंगी।

उत्तरी जोन में विकासनगर मिनी स्टेडियम और पूर्वी जोन में राजकीय पॉलीटेक्निक ग्राउंड, गाजीपुर में 50-50 दुकानों की अनुमति प्रस्तावित है। गोमतीनगर के विनीत खंड पानी की टंकी के पास 30, विभूतिखंड के एलपीएस ग्राउंड में 25 और चिनहट में कठौता झील के किनारे 35 दुकानें लगाई जा सकेंगी। दक्षिणी जोन में सरोजनीनगर के सैनिक ग्राउंड में सबसे अधिक 67 दुकानें प्रस्तावित हैं। पीजीआई के रामभरोसे मैकू लाल स्थल पर भी 50 दुकानें लगेंगी। इसके अलावा मोहनलालगंज, निगोहां, गोसाईंगंज, नगराम और बंथरा समेत अन्य क्षेत्रों में भी बिक्री स्थल तय किए गए हैं। पुलिस ने प्रत्येक दुकानदार को लाइसेंस की प्रति दुकान पर चस्पा करने का निर्देश दिया है। दुकान पर 200 लीटर पानी का ड्रम, दो लाल रंग की बाल्टियां, पर्याप्त बालू, फावड़ा और पांच किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य होगा। दुकानें केवल टीनशेड में लगेंगी। दो दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी और सामने तीन से छह मीटर चौड़ा रास्ता रखना होगा। दुकानें रिहायशी मकान, अस्पताल, स्कूल, बिजली ट्रांसफार्मर और ज्वलनशील पदार्थों के गोदाम से कम से कम 50 मीटर दूर होंगी।

आक्रोश सहमति के बाद भी शासनादेश नहीं, यूपी में नर्सेस का फूटा गुस्सा

राजकीय नर्सेस संघ मनायेगा काला दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ में प्रदर्शन करतीं नर्स। –जागरण मोर्चा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजकीय नर्सेस संघ का बुधवार को भी 2 घंटे का कार्य बहिष्कार जारी रहा। 13 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ बीते 27 दिन से लगातार आंदोलनरत है। आरोप है कि नर्सों की मांगों पर शासन ने भी अपनी सहमति दे दी है, बावजूद इसके शासनादेश अभी तक जारी नहीं हुआ है। जिसके कारण नर्सों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है, बुधवार को अलग-अलग जिलों से आईं प्रदर्शन की तस्वीरें इस बात की गवाह बन रही हैं। बताया जा रहा है कि सात नवंबर को नर्सेस यूपी में काला दिवस मनायेंगी।

संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि संघ की तरफ से पूर्व में एक पत्र भेजा गया था, यह पत्र नर्सों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर था, इसी आधार पर सितंबर महीने में शासन स्तर पर बैठक हुई थी। जिसमें नर्सिंग संवर्ग की 13 सूत्रीय मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में वार्ता हुई, वहीं बैठक में पांच प्रमुख मांगों पर सहमति भी प्रदान की गई थी। इसके बावजूद लगभग एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी संबंधित शासनादेश जारी नहीं किए गए हैं। इससे प्रदेश के नर्सिंग संवर्ग में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि राजकीय नर्सेस संघ के नेतृत्व में 9 अक्टूबर से प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 21 अक्टूबर को दो घंटे का कार्य बहिष्कार तथा 22 अक्टूबर को लखनऊ स्थित स्वास्थ्य भवन, महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं पर विशाल धरना-प्रदर्शन एवं घेराव किया गया था। प्रदर्शन के दौरान महानिदेशक द्वारा मांगों के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस आदेश जारी नहीं हुआ है। संघ के महामंत्री ने कहा कि आगामी 7 नवम्बर को प्रदेश के सभी जनपदों के चिकित्सालयों एवं राजकीय मेडिकल कॉलेजों में काला दिवस मनाते हुए शासन की सहमति के बावजूद लंबित पांच मांगों जिस पर शासन की सहमति पत्रों की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेशभर में लगातार दो घंटे का कार्य बहिष्कार भी जारी रहेगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक तथा शासन के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि नर्सिंग संवर्ग की जायज एवं सहमत मांगों पर तत्काल शासनादेश निर्गत कराए जाएं, जिससे प्रदेश की लाखों जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले नर्सिंग कर्मचारियों में व्याप्त आक्रोश समाप्त हो सके। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि इसके बाद भी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक एवं निर्णायक रूप दिया जाएगा।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





जहाननगर में दर्दनाक घटना, 16 वर्षीय किशोरी और 17 वर्षीय किशोर के शव मिलने से सनसनी

'जहाननगर में दोहरे मौत के मामले से मचा हड़कंप, चार घंटे तक पेड़ पर लटके रहे दोनों शव'

- 'परिजनों और पुलिस के बीच हुई तीखी झड़प, भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में उतारे गए शव'
- 'स्कूल गए दो नाबालिगों के शव बाग में मिले, तीन सर्किलों की पुलिस फोर्स पहुंची'

जागरण मोर्चा कार्यालय

मैगलगंज-खीरी। जहाननगर में आरुषि यादव और सुधाकर यादव की मौत के मामले ने बुधवार को क्षेत्र में सनसनी फैला दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। मितौली, मोहम्मदी और गोला सर्किल के पुलिस अधिकारियों के साथ पीएसी की बटालियन भी घटनास्थल पर पहुंची। हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए, जब परिजनों और पुलिस के बीच काफी देर तक झड़प हुई। परिजनों के आक्रोश और घटनास्थल पर जुटी भारी भीड़ के बीच करीब चार घंटे तक दोनों शव पेड़ पर लटके रहे। इस दौरान परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा और परिवार में कोहराम मचा रहा।

घटनास्थल पर मौजूद परिजन लगातार पुलिस से कार्रवाई की मांग करते रहे। परिजनों का आरोप था कि जिन लोगों के खिलाफ उन्होंने शिकायत की है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाने-बुझाने का प्रयास किया जाता रहा। परिजनों और पुलिस के बीच काफी देर तक तनातनी और झड़प की स्थिति बनी रही। आखिरकार पुलिस ने दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

तीन सर्किल सहित पीएसी बन बल तैनात : मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर मितौली, मोहम्मदी और गोला सर्किल का भारी पुलिस बल तैनात रहा। पीएसी की बटालियन भी मौके पर पहुंची। परिजनों द्वारा जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, उनमें से कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

घटना के बाद इलाके में तनाव जगह जगह के चर्चा : घटना के बाद से ही जहाननगर और आसपास के इलाके में तनाव और तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। दोनों शवों के करीब चार घंटे तक पेड़ पर लटके रहने के दौरान घटनास्थल पर परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद ही दोनों की मौत के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। शव को नीचे उतरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है परिवार के लोग शव के साथ रवाना हो गए।



शव को ले जाता वाहन। -जागरण मोर्चा



घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़। -जागरण मोर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही कस्ता के पूर्व विधायक सुनील कुमार लाला मौके पर पहुंचे

घटना की जानकारी मिलने पर कस्ता विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सुनील भार्गव 'लाला' भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। वहीं भारतीय किसान यूनियन भानू गुट युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।



रोती-बिलखती मृतकों के परिवार की महिलाएं। -जागरण मोर्चा

शारदा नदी में उतराता मिला लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

- पिता ने बेटे की हत्या कर शव नदी में फेंके जाने का लगाया आरोप, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन-खीरी। मछली का शिकार करने की बात कहकर घर से निकले युवक का शव बुधवार सुबह शारदा नदी में उतराता मिला। मंगलवार देर शाम से लापता युवक की परिजन तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह नदी में शव मिलने की सूचना पर आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची निघासन पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, युवक के पिता ने बेटे की हत्या कर शव नदी में फेंके जाने की आशंका जताई है।कोतवाली निघासन क्षेत्र के खमरिया गांव निवासी दुजई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 23 वर्षीय बेटा अमित कुमार मंगलवार को शारदा नदी में मछली का शिकार करने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक अमित के घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। रात से ही परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे रहे।

बुधवार सुबह शारदा नदी में एक युवक का शव उतराता दिखाई दिया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव की पहचान खमरिया निवासी अमित कुमार के रूप में हुई। बेटे का शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के पिता दुजई ने आशंका जताई कि उनके बेटे की हत्या करने के बाद शव नदी में फेंका गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि शारदा नदी में युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते लोग। -जागरण मोर्चा

किसान नेता के पिता की तेरहवीं में पहुंचे हाजी इमरान अहमद, अर्पित की श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

मोहम्मदी-खीरी। समाजवादी पार्टी के 144-मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी हाजी इमरान अहमद ने ग्राम रायपुर (मुड़ागालिब) पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन यूथ विंग के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह यादव के पिता की तेरहवीं में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत हाजी इमरान अहमद ने मुड़ागालिब, पड़सर, उमरपुर, मूड़ीनिजाम सहित आसपास के कई गांवों का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और क्षेत्र के लोगों से संवाद स्थापित किया। इस दौरे के दौरान उनके साथ तशरीफ खान, तौफीक खान, असलम खान, अफ्फान, नागम खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



किसान नेता के पिता की तेरहवीं में श्रद्धांजलि अर्पित हाजी इमरान अहमद।

मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे कथित डॉक्टर

पडरियातुला-खीरी। बिजुआ क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग किला प्रवाही इस कदर हावी है की गली मोहल्ले में बैठे डॉक्टर सरेआम मरीजो की हर मर्ज का इलाज कर रहे हैं यही नहीं बिना किसी डिग्री डिप्लोमा के सिर्फ 3 महीने के बच्चे का इलाज भी बेधड़क कर रहे हैं उनको बस अपनी जब भरनी है मरीज का चाहे जो हाल हो जब हालत गंभीर हो जाते हैं तो बहाना बना देते हैं ऐसे ही वीडियो क्षेत्र के रैनागंज बाजार में बैठे कथित डॉक्टर सिर्फ 3 महीने के बच्चे का इलाज करते मिले जिसे बाकायदा इंजेक्शन लगा रहे थे पूछने पर बताया कि हमारे पास डिग्री डिप्लोमा सब कुछ है लेकिन मांगे जाने पर कुछ नहीं दिखा सके लेकिन बेधड़क होकर अपना नाम अमित कुमार बताया।

तमंचा, कारतूस के साथ चोरी की बाइक और ई-रिक्शा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

निघासन पुलिस ने सहतेपुरवा मोड़ से पकड़ा, आरोपी पर विभिन्न थानों में दर्ज हैं 11 मुकदमे

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन-खीरी। निघासन पुलिस ने बुधवार को सहतेपुरवा मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चला रही थी। इसी दौरान उपनिरीक्षक राजवीर सिंह और उनकी टीम ने सहतेपुरवा मोड़ से मो. शानू (20) पुत्र मो. शफी निवासी बुद्धीपुरवा, थाना निघासन को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। इसके अलावा चोरी की बाइक (यूपी 34 बीपी 2287) और लाल रंग का देवा. डीएलएक्स कंपनी का ई-रिक्शा (यूपी 34 डीटी 1351) बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ निघासन, सदर कोतवाली, शारदानगर, सिंगाही और संपूर्णानगर थानों में चोरी, चोरी के माल की बरामदगी और अन्य संबंधित धाराओं में कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, कांस्टेबल सुरेंद्र दुबे, आलोक यादव, प्रशांत तेवतिया और अंकित यादव शामिल रहे।



बाइक और ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार आरोपी। -जागरण मोर्चा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु रोग मेले का किया गया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

रमियाबेहड-खीरी। पशुपालन विभाग धौरहरा द्वारा न्याय पंचायत बैरिया के ग्राम सभा बैरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश सचान के दिशा निर्देशन में किया गया लिए।

मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान श्री दामोदर द्वारा गौपूजन कर किया गया मेले में पशुपालन विभाग के ईसानगर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी एवं उनके टीकाकरण के बारे में खासकर खुर पका मुक्का गला घोटू एलसीडी एवं बकरियां में होने वाली पीपीआर बीमारी के बारे में के बारे में विस्तार जानकारी दी गई सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बकरी पालन भेड़ पालन एवं कुक्कुट न्यूज़ 2022 के बारे में पशुपालकों को जानकारी प्रदान की गई डॉ अनिल दुबे पशुधन प्रसार अधिकारी ने पशुओं के देखरेख के लिए कृमि नाशक दवा पान एवं सहभागिता योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। शिविर के दौरान 72 पशुपालकों के 465 गाय भैंस एवं बकरियों का उपचार गर्भ परीक्षण कृमि नाशक दवा पान बढीया कारणएवं कृत्रिम गर्भाधान किया गया।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग की तरफ से पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ अनिल दुबे सिंह पशु औषधिक राजेश बहुगुणा संतोष कुमार पशु मैत्री एवं पैरावेट राजेश, राजकुमार, कमाल, विनीत, प्रशांत, मनोज, शिवपाल, रामायण,अजय, मनीष और शाहिद, निर्मल एवं भारी संख्या में पशुपालक भाई उपस्थित रहे। डॉ राकेश कुमार उपमुख पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा द्वारा कैंप में आए सभी पशुपालक भाइयों का धन्यवाद दिया इससे कैंप को सफल बनाया जा सकता।



पशु मेले का शुभारम्भ करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

श्री विष्णु कृपा सेवा संस्थान 12 वर्षों से कर रहा सेवा कार्य, प्रेरणा दिवस पर होगा पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ

गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा, खेल उत्सव, वृक्षारोपण और जरूरतमंद परिवारों की मदद करती है संस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन-खीरी। श्री विष्णु कृपा सेवा संस्थान द्वारा विगत 12 वर्षों से निरंतर प्रेरणा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। संस्था सामाजिक और जनसेवा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद कर रही है। संस्था की ओर से गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीण बच्चों के लिए खेल उत्सव और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इसके अलावा दीपावली के अवसर पर गरीब परिवारों को पूजन सामग्री वितरित की जाती है। वहीं बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, पेन सहित अन्य शैक्षिक सामग्री भी निशुल्क दी जाती है। प्रेरणा दिवस के अवसर पर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्रमुख रविंद्र कुमार यादव ने समस्त क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।



संस्था प्रमुख रविन्द्र कुमार यादव।

अहंकारी रावण की लंका का हुआ दहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिकुनियां-खीरी। कस्बे में चल रही रामलीला में बुधवार को लंका दहन और विभीषण शरणागत की लीला का मंचन कलाकारों ने किया।

माता सीता की खोज में लंका पहुंचे हनुमान जी ने रावण के पुत्र अक्षय कुमार का कर दिया। फिर मेघनाद ने ब्रम्हास्त्र से हनुमान को बंदी बना लिया और रावण के दरबार मे प्रस्तुत किया। रावण के आदेश पर जब राक्षसों ने हनुमानजी की पूँछ में कपड़ा लपेटकर तेल डालकर आग लगा दी तो हनुमानजी ने अपना आकार विशाल बना लिया। उन्होंने जलती हुई पूंछ से एक महल से दूसरे महल पर कूदकर पूरी स्वर्ण लंका को जलाकर भस्म कर दिया। इस घटना से रावण के अहंकार और उसकी लंका की शक्ति को पहली बार करारा झटका लगा। लंकापति रावण के छोटे भाई विभीषण धर्म,न्याय और नीति के पक्षधर थे।जब रावण ने माता सीता का अपहरण किया और विभीषण ने उसे समझा बुझाकर सीता को ससम्मान श्रीराम को लौटाने का आग्रह किया तो रावण ने विभीषण का अपमान किया और लंका से निकाल दिया। इसके बाद विभीषण अपने कुछ सहयोगियों के साथ श्रीराम की शरण मे पहुंच गए। इस अवसर पर मेला कमेटी अध्यक्ष व भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य दिनेश गुप्ता नीटू, उपाध्यक्ष अनुज गुप्ता,अशोक निषाद,कृष्णा सिंह,महामंत्री अजय गर्ग टीटू, कोषाध्यक्ष शिशिर गुप्ता,मंत्री अनुज कुमार गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता,उमेश निषाद,अनिल कुंबले,जगदीश, राजकुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



रावण की लंका का हुआ दहन। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि विधायक व सीओ रहे, तराई क्षेत्र से 300 युवाओं ने मेले में भाग लिया

विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

धौरहरा-खीरी। शासन के निर्देश पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को बहुप्रतीक्षित आई टी आई कालेज परिसर में रोजगार मेले का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक धौरहरा व विशिष्ट अतिथि सी ओ धौरहरा रहे रोजगार मेले में लगभग 300 युवाओं ने भाग लिया।

जानकारी के मुताबिक़ क्षेत्र में एकल व बहुप्रतीक्षित जनप्रतिनिधियों के वादों से निर्मित करीब 20 वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद शुरू हुए आई टी आई कालेज टेगनहा के परिसर में बुधवार को जिला सेवायोजन कार्यालय खीरी की देख-रेख में रोजगार मेले का आयोजन हुआ इस मेले में क्षेत्र का युवा वर्ग रोजगार की तलाश में परिसर में सुबह जमा हो गए थे। बुधवार को रोजगार मेले के शुभारंभ में मुख्य अतिथि विधायक विनोद शंकर अवस्थी व विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी धौरहरा अभिषेक यादव रहें।इस दौरान जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों संग कालेज स्टाफ की मौजूदगी रही। इस मामले में जानकारी देते हुए आई टी आई कालेज के प्रधानाचार्य राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र से 300 छात्रो ने रोजगार मेले में भाग लिया।



मेले में मुख्य अथिति व विशिष्ट अथिति। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण का शुभारंभ

शैक्षिक, प्रशासनिक एवं संस्कार आधारित गतिविधियों का निरीक्षण कर परखी विद्यालय की गुणवत्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। भारतीय शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संचालित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चार व पांच नवंबर 2026 को दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण का शुभारंभ हुआ। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, शिक्षण पद्धति, अनुशासन, प्रशासनिक व्यवस्था, सहशैक्षिक गतिविधियों एवं संस्कार आधारित शिक्षा का व्यापक मूल्यांकन करना है। निरीक्षण के प्रथम दिवस निरीक्षण दल द्वारा विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का अत्यंत गंभीरता, बारीकी एवं व्यवस्थित ढंग से अवलोकन किया गया। सर्वप्रथम कक्षाओं में संचालित शिक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसमें शिक्षकों की शिक्षण शैली, विषय की प्रस्तुति, विद्यार्थियों की सहभागिता, कक्षा अनुशासन एवं शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही छात्र संसद के पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें छात्र नेतृत्व, विद्यालय की व्यवस्थाओं में विद्यार्थियों की भूमिका, उत्तरदायित्व एवं अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। निरीक्षण दल द्वारा विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ भी बैठक की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, व्यवस्थाओं, भावी योजनाओं तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। निरीक्षण दल ने विद्यालय के कार्यालय का भी गहन निरीक्षण किया तथा अभिलेखों, दस्तावेजों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं



मौजूद स्टाफ और बच्चे। -जागरण मोर्चा

कार्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। विद्यालय की शैक्षिक सुविधाओं एवं संसाधनों का मूल्यांकन करते हुए निरीक्षण दल ने कंप्यूटर विज्ञान प्रयोगशाला, भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय सहित विद्यालय की समस्त प्रयोगशालाओं एवं शैक्षिक संसाधनों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रयोगशालाओं में उपलब्ध उपकरणों, विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक कार्यों, संसाधनों के रखरखाव एवं उनके शैक्षिक उपयोग की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण दल ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए आवश्यक टिप्पणियां एवं निरीक्षण संबंधी विवरण भी तैयार किया। इस दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण में संयोजक के रूप में सी.बी. गुप्ता सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलीगढ़ के प्रधानाचार्य श्रीमान योगेश कुमार जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,निरीक्षण दल के अन्य सदस्यों में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अलीगढ़ के प्रधानाचार्य श्रीमान विजय प्रकाश शर्मा जी, श्री दिनेश पाल सिंह, आचार्य एवं पीजीटी अर्थशास्त्र, अलीगढ़; श्री विजय अग्रवाल, पीजीटी भौतिक विज्ञान, अलीगढ़; श्री अनिल त्रिपाठी, कार्यालय प्रमुख; श्रीमती अनीता शर्मा, प्राइमरी हेड, अलीगढ़ तथा श्रीमती अवंतिका द्विवेदी, अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ, अलीगढ़ सम्मिलित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने निरीक्षण दल का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों,विद्यार्थियों की उपलब्धियों तथा विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि वार्षिक निरीक्षण विद्यालय की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करने के साथ-साथ शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने, नवीन सुझाव प्राप्त करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नई दिशा निर्धारित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। दो दिवसीय निरीक्षण के दूसरे दिन 5 नवंबर को पूर्व छात्रों, अभिभावकों एवं संस्कार केंद्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से विद्यालय एवं पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने, अभिभावकों से सुझाव प्राप्त करने तथा संस्कार केंद्रों की गतिविधियों एवं विद्यालय की सामाजिक और शैक्षिक भूमिका पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य श्री सौरभ वार्ष्णेय ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वार्षिक निरीक्षण से प्राप्त सुझाव एवं मार्गदर्शन विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन, संस्कार आधारित शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

बरसाने की फूलों की होली के मंचन से झूम उठे हजारों श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

बीसलपुर। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में चल रही रासलीला में बुधवार को पूरा पंडाल ब्रजधाम के भक्तिमय रंग में रंग गया। वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा आयोजित रासलीला में ब्रज की प्रसिद्ध 'फूलों की होली' का ऐसा मनमोहक मंचन प्रस्तुत किया जिससे दर्शकों को बीसलपुर में ही सीधे वृंदावन की पावन झलक महसूस होने लगी।रासलीला के माध्यम से दिखाया गया कि किस तरह भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी ने बरसाने में गोपिकाओं के साथ फूलों की होली खेली थी। कलाकारों ने जब राधा-कृष्ण के होली के सुमधुर गीत प्रस्तुत किए, तो पूरा प्रांगण भक्ति रस में डूब गया। राधा-कृष्ण की मनमोहक



झांकी पर फूलों की वर्षा होते ही श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर जयकारे लगाए, जिससे पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा।कार्यक्रम का कुशल संचालन राधा रमण व्यास ने किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में लीला प्रबंधक गोपाल कृष्ण अग्रवाल, सह मंत्री विपिन कुमार पांडे, ऑडिटर वीरेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक अभय मित्तल, प्रबंधक मोहित मित्तल और पंकज अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली गई। आरती के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया।

बाघों ने संभाली जंगल की मेहमाननवाजी पर्यटकों को लगातार हो रहे बाघों के दीदार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बांकेगंज। दुधवा के जंगलों में इस बार सैलानियों की मेहमाननवाजी बाघ कर रहे हैं। जंगल सफारी पर निकलने वाले पर्यटकों को लगातार बाघों के दीदार हो रहे हैं। घने कोहरे के बीच अचानक सामने आ जाने वाले बाघ सैलानियों के रोमांच को दोगुना कर रहे हैं। किशनपुर अभयारण्य और मैलानी वन्यजीव विहार रेंज का 23 नंबर पर्यटन मार्ग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

एक नवंबर से पर्यटन सत्र शुरू होने के बाद से ही यहां बाघों की लगातार साइटिंग हो रही है। पर्यटन सत्र के पहले दिन रविवार को घने कोहरे की चादर के बीच सैलानियों को बाघ दिखाई दिए। इसके बाद भी लगातार तीन दिनों



तक पर्यटकों को बाघों के दीदार हुए। सोमवार तक यहां आने वाले सैलानियों की संख्या 281 पहुंच चुकी थी। बाघ देखने की हसरत लेकर जंगल पहुंच रहे पर्यटक यहां से रोमांचक अनुभव लेकर लौट रहे हैं।


किशनपुर अभयारण्य के बेलडंडा, 23 और 17 नंबर पर्यटन मार्गों के साथ ही मैलानी वन्यजीव विहार रेंज के 23 नंबर टूरिस्ट सर्किट में भी बाघों की मौजूदगी सैलानियों को आकर्षित कर रही है। मैलानी-भीरा हाईवे पर स्थित गेट से प्रवेश कर पर्यटक करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र में फैले हरे-भरे और घने साल के जंगल का आनंद लेते हैं। यहां जंगल का सन्नाटा, बाघों की दहाड़ और जलाशयों में प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट सफारी को यादगार बना रही है।

जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम को बताई ट्रांस शारदा क्षेत्र की समस्याएं

विकास कार्यों में तेजी लाने की उठाई गई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। ट्रांस शारदा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रशासकों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं और ग्रामीणों को रोजाना होने वाली परेशानियों से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग उठाई। ग्राम पंचायत प्रशासकों ने जिलाधिकारी के समक्ष ट्रांस शारदा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखते हुए कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य क्षेत्रों से काफी अलग हैं। यहां के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कई तरह की कठिनाइयों



डीएम से मिलते प्रशासक। -जागरण मोर्चा

का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवागमन और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाना जरूरी है। इन समस्याओं का सीधा असर ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। खासकर बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों की परेशानियां और बढ़ जाती हैं। ऐसे में संबंधित विभागों के अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाते हुए धरातल पर कार्य करने की जरूरत है। ग्राम पंचायत प्रशासकों ने जिलाधिकारी से मांग की कि ट्रांस शारदा क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं। साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा कराई जाए, जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। प्रशासकों ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं को लगातार सुना जाता है, लेकिन कई समस्याएं ऐसी हैं जिनका समाधान जिला स्तर पर संबंधित विभागों के हस्तक्षेप के बिना संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने जिलाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर समस्याओं के निस्तारण की पहल करने का आग्रह किया।

अतिरिक्त दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। दहेज में नगदी और सोने की चैन ना देने पर विवाहिता को माल जेवर छीनकर घर से निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने पति समेत दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले दियूरियाकला थाना क्षेत्र के गांव पैनिया हिम्मत निवासी मुनीष कुमार के साथ हुई थी। जिसमे उसके परिवार ने अपनी हैशियत के तहत दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली खुश नही थे। विवाहिता ने वताया कि शादी के कुछ महीनो के बाद ही ससुरालियों ने विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रूपये की नगदी, सोने की चेन की मांग शुरु कर दी। मना करने पर विवाहिता को आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरु कर दिया। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति एक महिला के उकसाने पर दहेज मांगता है और परेशान करता है। ससुराली उसको रखना नही चाहते हैं,आरोप है कि सास ने कहा कि अगर लडकी होती है तो दवाई खिलाकर गर्भ गिरवाने की धमकी दी। 26-5-2026 को माल जेवर छीनकर घर से निकाल दिया। विना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता ने मामले की तहरीर पुलिस अधीक्षक को दी। एसपी के आदेश पर घुंघचाई पुलिस ने पति मुनीष कुमार, सास गीता देवी, ससुर राजाराम, देवर मुकेश,ननद खुशबू, छत्रपाल, रामनरायन, ज्ञानप्रकाश, अजय पाल, आयुष कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना के निर्देश दिए गए हैं।

संक्षेप समाचार

सीएचसी में मेडिकल के नाम पर महिला से मांगा शुल्क

पूरनपुर। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में मेडिकल के नाम पर महिला से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि सीएचसी में तैनात एक कर्मचारी ने महिला से 6000 रुपये की मांग की। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप के बाद वसूली करने वाला मौके से भागगया जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव चतीपुर निवासी एक महिला मंगलवार को पूरनपुर में मेडिकल कराने पहुंची थी ।आरोप है कि सीएचसी में मौजूद एक व्यक्ति ने मेडिकल रिपोर्ट बनाने के एवज में महिला से 6000 रुपये की मांग की। महिला ने पैसे देने में असमर्थता जताई तो उसे टरकाया जाने लगा ।मामले की जानकारी जब भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को हुई तो वे अस्पताल पहुंच गए और हंगामा किया। किसान नेताओं ने अवैध वसूली का विरोध किया तो पैसे मांगने वाला व्यक्ति मौके से भाग निकला ।किसान यूनियन ने मामले की शिकायत अधीक्षक से की है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी में मेडिकल और अन्य कार्यों के नाम पर अवैध वसूली आम बात हो गई है ।गरीब मरीजों से पैसे मांगे जाते हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गैस एजेंसी पर क्यूआरसी टीम की जांच, खंगाले रिकॉर्ड

पूरनपुर। क्षेत्र के रुरिया सलेमपुर स्थित राज इंडियन ग्रामीण वितरण गैस एजेंसी पर बुधवार को क्यूआरसी टीम ने जांच की। टीम ने करीब चार घंटे तक एजेंसी पर रुककर गैस वितरण से जुड़े दस्तावेजों और सिलेंडरों की स्थिति की बारीकी से जांच पड़ताल की। जांच में एजेंसी में कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई। जिसके बाद टीम वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर क्यूआरसी की टीम अचानक रुरिया सलेमपुर स्थित राज गैस एजेंसी पर पहुंची। टीम के पहुंचते ही एजेंसी पर हड़कंप मच गया। टीम ने सबसे पहले गैस वितरण से संबंधित स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, कैश बुक और अन्य रिकॉर्ड का मिलान किया। इसके बाद एजेंसी में उपलब्ध भरे और खाली गैस सिलेंडरों की गिनती और उनकी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया ।एजेंसी पर करीब चार घंटे तक जांच पड़ताल चलती रही। टीम ने एक-एक दस्तावेज को बारीकी से देखा और सिलेंडरों की स्थिति भी परखी। सभी दस्तावेज और सिलेंडर देखने के बाद टीम ने अपनी जांच पूरी की। एजेंसी पर मौजूद डिस्ट्रीब्यूटर रमेश चंद्र भास्कर ने बताया कि क्यूआरसी टीम रूटीन जांच के लिए पहुंची थी। टीम ने दस्तावेजों और सिलेंडरों की जांच की। उनके मुताबिक एजेंसी में कोई समस्या या गड़बड़ी नहीं मिली। सभी रिकॉर्ड दुरुस्त पाए गए। टीम संतुष्ट होकर वापस लौट गई।

पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

बीसलपुर। थाना करेली पुलिस ने अपराध नियंत्रण और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। करेली पुलिस ने मीरपुर हीरपुर के पास से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कय्यूम उर्फ झब्बू को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से ग्राम प्रहलादपुर थाना क्योलड़िया, जनपद बरेली का रहने वाला है और वर्तमान में बीसलपुर जनपद पीलीभीत के मोहल्ला सराय मस्जिद के पास रह रहा था। आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें बरेली और पीलीभीत के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम, जुआ अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं।

गर्म दूध बच्चों के हाथ पर गिरा बच्चा झुलसा अस्पताल में भर्ती

बीसलपुर। नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी मोहित कुमार का 1 वर्षीय पुत्र मृदुल आज सुबह बोतल से दूध पी रहा था इसी समय गर्म दूध बच्चों के हाथ पर गिर गया जिससे वह झुलस गया परिजनों ने बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर द्वारा बच्चों का प्राथमिक उपचार किया है।

मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट दो लोग घायल अस्पताल में भर्ती

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हाफिज नगर बन्नाही निवासी अनुराग पुत्र अरविंद ने बीसलपुर कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीती रात वह अपने घर पर लेटा हुआ था इसी समय गांव का ही करन कुमार उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर रहा था उसके द्वारा विरोध करने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां डॉक्टर द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है

करंट लगने से महिला अचेत होकर हुई बेहोश अस्पताल में भर्ती

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौखंडी निवासी वीरवती पत्नी रामदास बीती रात अपने घर पर फर्राटा पंखा लगा रही थी पंख लगाते समय महिला को अचानक बिजली का जोरदार करंट लगा जिससे महिला अचेत होकर जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई परिजनों ने तत्काल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार किया गया है।

साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हालत गंभीर रेफर

बीसलपुर। जनपद शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम ऊन कला निवासी रिंकू बीसलपुर नगर में चल रहे मेला श्री रामलीला परिसर में झूला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था वह बीती रात खाना खाने के लिए जा रहा था इसी समय बीसलपुर गजरौला रोड पर स्थित गुमटी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही साइकिल सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।

33 केवी लाइन से निकली चिंगारी से आठ एकड़ गन्ने की फसल राख

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरखेड़ा। क्षेत्र के गांव ज्योरहा कल्यानपुर में मंगलवार शाम करीब चार बजे 33 केवी की हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। चिंगारी से गन्ने के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसकी चपेट में आकर आधा दर्जन किसानों की करीब आठ एकड़ (50 बीघा) गन्ने की फसल जलकर राख हो गई।

गांव निवासी बुद्धसेन बताया कि मंगलवार शाम अचानक गन्ने के खेतों से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा और सूखे पत्तों के कारण आग तेजी से



फैलती चली गई। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पास के तालाब से पानी लाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कुछ किसानों ने आग को आगे बढ़ने से रोकने के लिए बीच खेत में गन्ना काटकर अलग करने का भी प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग की चपेट में आकर नंदकिशोर, भगवान दास, बुद्धप्रकाश, दामोदर, नत्थूलाल और निखिल पंडित के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल जल गई। पीड़ित किसान नंदकिशोर ने आरोप लगाया कि खेतों के ऊपर से गुजर रही 33 हजार केवी की बिजली लाइन से अचानक चिंगारी निकली, जिससे गन्ने की फसल में आग लग गई।

एक माह में तीन टूर्नामेंट, तीनों में फाइनल जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा

निघासन। क्रिकेट के मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल चैंपियन कुमार विशेष और उनकी टीम ने एक माह के भीतर तीन अलग-अलग टूर्नामेंटों में जीत हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। टीम की इस उपलब्धि का सिलसिला महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट से शुरू हुआ। यहां शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने खिताबी जीत दर्ज की। इसके बाद लखनऊ में आयोजित दो प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भी टीम ने अपना दबदबा कायम रखा और दोनों के फाइनल मुकाबले जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। हाल ही में लखनऊ के एसएआर स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित लेट केएन सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मिली जीत ने टीम की उपलब्धियों में एक और ट्रॉफी जोड़ दी।

कार्यक्रम मुख्य अतिथियों ने पहुंच कर कार्यक्रम में लिया भाग

महाविद्यालय में युवासंकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा संकल्प 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस की मुख्य अतिथि श्रुति गंगवार राज्यसभा सांसद रहीं। कार्यक्रम में रजनीश पाण्डेय कार्यसमिति सदस्य भाजपा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विचार और नवाचार का समावेश करते हुए उस के परिणामों से देश को 2047 तक विकसित करना है। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं संकल्प लेना होगा कि वो राष्ट्र के लिए अपने आप को समर्पित कर देंगे।इन



मौजूद मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

विचारों को नवाचार में बदलना होगा। रजनीश पाण्डेय ने कहा कि हमें आपसी भेदभाव से दूर रहकर शिक्षा,अनुशासन और संस्कार को अपनाना होगा। सबको रोजगार, शिक्षा, सम्मान और अवसर मिले। तब ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। इन सब का समावेश करना युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आवाह्न किया कि आपसी भेद भाव भूल कर राष्ट्र को विकसित करने के लिए संकल्प लें। श्रीमती श्रुति गंगवार के छात्रों से संवाद किया।उन्होंने छात्रों को कहा कि युवा संकल्प व विकसित भारत 2047 का लक्ष्य है कि भारत आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से मजबूत और शिक्षित हो। उन्होंने विभिन्न नीतियों पर बात की। उन्होंने कहा कि युवा सोच ही सही अर्थों में विकसित भारत बनाएगी। युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह अपने विचारों को साझा करे ,उन पर मंथन करेऔर आगे निकलें। उन्होने कहा कि युवाओं में वो उत्साह और सामर्थ्य है कि वे देश को विकसित कर सकते हैं। युवा भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने युवाओं से आवाह्न किया कि युवा मेहनत, सत्यनिष्ठा, समर्पण, सहभागिता और सामूहिक कार्य - इन संकल्पों को लेते हुए देश के लिए एकजुट होकर काम करें। उन्होंने युवाओं के साथ संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं को संतोषजनक उत्तरों से शांत किया।बच्चों ने उनसे रोजगार, सूचना प्रौद्योगिकी में भविष्य, नशा मुक्ति, सामाजिक सुरक्षा आदि पर भारत के लक्ष्यों से संबंधित प्रश्न पूछे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं को मिल रहा नया मंचः विकास



खिलाड़ियों से परिचय कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते महापौर -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। खेल निदेशालय उत्तराखंड एवं जिला खेल कार्यालय की ओर से स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय ओपन बालक अनुसूचित जाति कबड्डी प्रतियोगिता का बुधवार को मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने शुभारंभ किया। यहां महापौर ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंचे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां पहुंचे सभी खिलाड़ी अपने-अपने जिलों में जीत हासिल कर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनके भीतर अपार ऊर्जा, क्षमता और प्रतिभा है। उन्हें उम्मीद है कि खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भी जीत हासिल कर आगे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे और अपने खेल के साथ-साथ जीवन में भी सफलता के नए मुकाम हासिल करेंगे। सीएम धामी के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखंड में खेलों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

खेत में गेहूं की बुआई कर रहे दो भाइयों पर हमला, छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से किया हमला, एक भाई के सिर में आई गंभीर चोट

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। खेत में गेहूं की बुआई कर रहे दो सगे भाइयों पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और बेरहमी से मारपीट की। हमले में एक भाई के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि दूसरा भाई भी शरीर के कई हिस्सों में घायल हो गया। शोर सुनकर ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को उप जिला अस्पताल सितारगंज पहुंचाया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव थारू बघौरी निवासी देवेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन नवंबर को भूपेंद्र सिंह और जोगेंद्र सिंह अपने खेत में गेहूं की बुआई कर रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाला नरेंद्र सिंह, कमलजीत सिंह, हैप्पी सिंह, राजकौर, कृष्णा कौर, मंजीत कौर की पत्नी और अन्य साथी खेत में पहुंच गए। आरोप है कि खेत में पहुंचते ही आरोपियों ने दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में भूपेंद्र सिंह के सिर पर गंभीर चोट लग गई, जबकि जोगेंद्र सिंह के कंधे, हाथ और पैरों में चोटें आईं। अचानक हुए हमले से दोनों भाई संभल नहीं पाए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र होने लगे। ग्रामीणों को आता देख आरोपी दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए उप जिला अस्पताल सितारगंज में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिम के बाहर पांच युवकों के साथ पहुंचकर दी जान से मारने की धमकी

पूर्व में दर्ज कराई गई प्राथमिकी की रंजिश में धमकाने का आरोप, परिवार में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। जिम के बाहर पांच युवकों के साथ पहुंचकर एक युवक को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवकों ने युवक को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हालांकि, घटना के समय युवक जिम में मौजूद नहीं था। इसके बावजूद आरोपी काफी देर तक जिम के बाहर उसका इंतजार करते रहे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वार्ड नंबर नौ निवासी हैदर अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 सितंबर की रात सितारगंज निवासी गौरव लूथरा पांच अन्य युवकों के साथ खटीमा रोड स्थित जिम पहुंचा था। आरोप है कि वहां गौरव ने उसके साथियों के सामने उसे लेकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। हैदर के अनुसार, गौरव ने कथित तौर पर कहा कि वे पूरी तैयारी के साथ आए हैं और उसे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। उस दिन हैदर जिम नहीं गया था। इसके बावजूद आरोपी काफी देर तक जिम के बाहर उसका इंतजार करते रहे।

हैदर अली का आरोप है कि 23 अगस्त 2026 को उसने गौरव लूथरा के खिलाफ कार में तोड़फोड़ करने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और नंगी तलवार लहराने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसका कहना है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते उसे निशाना बनाया जा रहा है। घटना के बाद से वह और उसका परिवार भयभीत है। उसे आशंका है कि आरोपी भविष्य में उसके साथ कोई अनहोनी कर सकते हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज

ट्रांजिट कैंप पुलिस ने शांति भंग में दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में शांति भंग में आरोपी -जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। एसएसपी के निर्देश पर जनपद में पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान ट्रांजिट कैंप पुलिस ने दो लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार कर चालान की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक जिले में अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। रुद्रपुर और ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सीओ सिटी विभव सैनी के दिशा-निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली धर्मवीर सोंलकी के नेतृत्व में आपरेशन प्रहार के तहत आवास विकास पुलिस चौकी प्रभारी प्रकाश चन्द्र ने शान्ति भंग में दो लोगों को किया है। सीओ सिटी ने बताया कि 3 नवंबर को चौकी आवास विकास क्षेत्र में दो पक्षों का मकान बटवारे के विवाद प्रार्थना पत्र की जांच को प्रथम पक्ष पवन कुमार जैन पुत्र उग्रसेन जैन निवासी आवास विकास ट्रांजिट कैंप और दूसरा पक्ष सुरेश कुमार जैन पुत्र उग्रसेन जैन निवासी आवास विकास को चौकी बुलाया गया था।

दोनो पक्षो की चौकी प्रभारी प्रकाश चन्द्र द्वारा काउसलिंग की जा रही थी। तभी दोनो पक्ष उग्र होकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने दोनों को समझाया बुझाया। नहीं मानने पर दोनों को शान्ति भंग में गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में कांस्टेबल चन्दन सिंह,दिनेश घपोला आदि शामिल रहे।

दीपावली पर्व को लेकर नैनीताल जनपद में प्रशासन अलर्ट, 13 क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

नैनीताल। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद के 13 प्रमुख क्षेत्रों में मजिस्ट्रेटों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। दीपावली का प्रमुख पर्व 06 से 11 नवंबर 2026 के मध्य मनाया जाएगा। इस दौरान जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार नैनीताल में उप जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल, भवाली में तहसीलदार मजिस्ट्रेट नैनीताल, भीमताल में तहसीलदार मजिस्ट्रेट धारी, हल्द्वानी नगर में नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, हल्द्वानी ग्रामीण में उप जिला मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, श्री कैंचीधाम में अपर उप जिला मजिस्ट्रेट श्री कैंचीधाम, धारी में उप जिला मजिस्ट्रेट धारी, लालकुआं में उप जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) हल्द्वानी, कालाढूंगी में उप जिला मजिस्ट्रेट कालाढूंगी, रामनगर में उप जिला मजिस्ट्रेट रामनगर, काठगोदाम में तहसीलदार मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, बैतालघाट में तहसीलदार मजिस्ट्रेट बैतालघाट तथा खनस्यूं में तहसीलदार मजिस्ट्रेट खनस्यूं को तैनात किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी तैनात मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए हैं कि वे दीपावली त्योहार से तीन दिन पूर्व से ही अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर स्थिति का जायजा लें तथा पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें। इसके लिए पुलिस अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर क्षेत्र की संवेदनशीलता के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सूचना के लिए कार्यालय में नहीं मिले अभिलेख एसडीएम ने आरटीआई के जवाब में दी जानकारी

सुनील यादव ने मांगी थी पांच बिंदुओं पर सूचना, तीन बिंदुओं की जानकारी पहले भेजी जा चुकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी को लेकर खटीमा उप जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से आवेदक को जवाब दिया गया है। इसमें कार्यालय ने स्वीकार किया है कि मांगी गई सूचना के दो बिंदुओं से संबंधित अभिलेख काफी खोजबीन के बाद भी कार्यालय में उपलब्ध नहीं हो सके। इसके चलते संबंधित सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी खटीमा ने इस संबंध में राजस्व अहलमद की रिपोर्ट के आधार पर आवेदक को लिखित रूप से अवगत कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सितारगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम दहड़ा निवासी सुनील यादव पुत्र राजबीर सिंह यादव ने एक अगस्त 2024 को सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर पांच बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। उनका आवेदन उप जिलाधिकारी कार्यालय ऊधमसिंह नगर के माध्यम से पांच अगस्त 2024 को संबंधित कार्यालय को भेजा गया था। इसके बाद 13 अगस्त 2024 को आवेदन सूचना सहायक पटल पर प्राप्त हुआ। इस मामले में लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी खटीमा रविन्द्र सिंह की ओर से जारी जवाब में बताया गया कि आवेदन के बिंदु संख्या तीन, चार और पांच से संबंधित सूचनाएं पहले ही 17 अगस्त 2024 को पत्रांक 380 के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी हैं। वहीं बिंदु संख्या एक और दो की सूचना के संबंध में राजस्व अहलमद कार्यालय खटीमा से रिपोर्ट मांगी गई थी।

छह सितंबर 2024 को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि संबंधित अभिलेखों की कार्यालय में काफी खोजबीन की गई, लेकिन इसके बावजूद मांगे गए अभिलेख उपलब्ध नहीं हो पाए। इसके बाद लोक सूचना अधिकारी ने राजस्व अहलमद के पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करते हुए आवेदक को जवाब भेज दिया। इस जवाब के सामने आने के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि आवेदन के पांच में से तीन बिंदुओं की सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है, जबकि दो बिंदुओं से संबंधित अभिलेख कार्यालय में खोजने के बावजूद नहीं मिले। हालांकि, जवाब में अभिलेख उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी गई है, लेकिन उनके अनुपलब्ध होने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है। ऐसे में संबंधित अभिलेखों के रखरखाव और उनके कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की साइंस एंड ह्यूमैनिटीज सोसाइटी की ओर से भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड रुद्रपुर के सहयोग से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। कार्यक्रम का शुभारंभ विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा आरसी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा एवं नैतिक आचरण की शपथ दिलाकर किया। बाद में बीएचईएल के प्रतिनिधि विवेक कुमार, डीजीएम (विजिलेंस) ने विद्यार्थियों को सतर्कता जागरूकता, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बीएचईएल सोहन कुमार, इंजीनियर (विजिलेंस) भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में लगभग 120 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। क्विज का उद्देश्य विद्यार्थियों में ईमानदारी, जवाबदेही, नैतिक मूल्यों और भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता विकसित करना,सार्वजनिक जीवन एवं कार्यस्थल पर सत्यनिष्ठा के महत्व को समझाना था।

730 वर्गफीट के प्लाट का बैनामा कराकर दी 511 वर्गफीट जमीन, विक्रेता पर धोखाधड़ी का आरोप

विरोध करने पर विक्रेता और बेटे ने गाली-गलौज कर जमीन देने से किया इनकार, जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। प्लाट की रजिस्ट्री में निर्धारित क्षेत्रफल से कम जमीन मिलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विक्रेता ने 730 वर्गफीट क्षेत्रफल का प्लाट बेचने के नाम पर पूरी रकम वसूल ली, लेकिन मौके पर खरीदार को केवल 511 वर्गफीट जमीन ही उपलब्ध हो सकी। शेष जमीन के संबंध में जानकारी लेने और अपना हक मांगने पर विक्रेता और उसके बेटे ने कथित तौर पर गाली-गलौज कर जमीन देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, खरीदार ने विक्रेता पर धक्का-मुक्की करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। श्याम रतन वाटिका कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल को उसने गांव बघौरा निवासी जरनैल सिंह से खसरा संख्या 466 और 467 में स्थित 730 वर्गफीट क्षेत्रफल का प्लाट खरीदा था। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच रजिस्टर्ड बैनामा कराया गया था। संदीप के अनुसार उसने बैनामे में दर्ज क्षेत्रफल के आधार पर प्लाट की पूरी कीमत अदा की थी। जमीन खरीदने के बाद वह उस पर निर्माण कराने की तैयारी कर रहा था। आरोप है कि जून 2024 में जब संदीप प्लाट पर निर्माण कार्य कराने के लिए मौके पर पहुंचा तो पड़ोसी ने उसे बताया कि संबंधित स्थान पर विक्रेता की 730 वर्गफीट नहीं, बल्कि केवल 511 वर्गफीट जमीन ही उपलब्ध है। यह जानकारी मिलने पर संदीप के सामने जमीन के क्षेत्रफल को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। इसके बाद उसने विक्रेता जरनैल सिंह और उसके बेटे पवनदीप सिंह से संपर्क कर बैनामे में दर्ज क्षेत्रफल और मौके पर उपलब्ध जमीन के अंतर के बारे में जानकारी मांगी। संदीप का आरोप है कि दोनों ने उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद जुलाई माह में वह दोबारा इस संबंध में बातचीत करने पहुंचा तो जरनैल सिंह और उसके बेटे ने कथित तौर पर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने शेष जमीन देने से साफ इनकार कर दिया। संदीप के अनुसार दाखिल-खारिज की पत्रावली में शामिल संयुक्त निरीक्षण आख्या में भी मौके पर केवल 511 वर्गफीट जमीन उपलब्ध होने की बात सामने आई है। ऐसे में बैनामे में दर्ज 730 वर्गफीट और मौके पर मौजूद जमीन के क्षेत्रफल में 219 वर्गफीट का अंतर पाया गया। संदीप ने यह भी आरोप लगाया कि 25 जून को जब वह अपने प्लाट पर पहुंचा तो वहां जरनैल सिंह आ गया। इस दौरान उसने उसके साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

नैनीताल बैंक लि. द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में जनकल्याणकारी पहल करते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया



बैंक द्वारा उप जिला चिकित्सालय, कर्णप्रयाग को एक एम्बुलेंस भेंट की गई -जागरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

नैनीताल। नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में जनकल्याणकारी पहल करते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया। इस क्रम में बैंक द्वारा उप जिला चिकित्सालय, कर्णप्रयाग को एक एम्बुलेंस भेंट की गई। माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय श्री न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में एम्बुलेंस की चाबी सी.एम.एस डॉक्टर भागवती प्रसाद पुरोहित चिकित्सालय प्रशासन को सौंपी गई। बैंक की इस पहल से क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए बैंक द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज एवं अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, नैनीताल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग, ट्रैक सूट एवं शैक्षणिक किट वितरित की गईं।

पेराई की तैयारियों को लेकर डीएम ने कैंप कार्यालय में समीक्षा बैठक की

जागरण मोर्चा कार्यालय



डीएम कैंप कार्यालय पर पेराई सत्र को लेकर समीक्षा करते डीएम -जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। जनपद की सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में आगामी पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को कैम्प कार्यालय में समीक्षा बैठक की।

डीएम ने चीनी मिलों की मरम्मत और साफ-सफाई के काम शीघ्र पूरे करते हुए 13 से 18 नवंबर के बीच सभी चीनी मिलों में पेराई शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने चीनी मिल परिसरों और गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, शौचालय, प्रतिक्षालय और आने वाली ठंड को देखते हुए अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही क्रय केंद्रों पर वाहनों की लोडिंग व अनलोडिंग के लिए श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिलाधिकारी ने प्रत्येक चीनी मिल में 'शिकायत निवारण सेल' गठित करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने सहायक गन्ना आयुक्त को निर्देश दिए कि वे क्रय केंद्रों पर सामने आने वाली छोटी-छोटी समस्याओं का तुरंत संज्ञान लेकर निस्तारण करें। उन्होंने घटतौली रोकने के लिए बाट-माप निरीक्षक को हर 14 दिन (पक्ष) के अंतराल पर गन्ने के कांटों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, सहायक गन्ना आयुक्त शैलेन्द्र सिंह, एआरटीओ नवीन सिंह कोठारी,चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक राजबीर सिंह प्रत्यक्ष रूप से मौजूद रहे, जबकि गन्ना आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया,एसडीएम ऋचा सिंह,डॉ. अमृता शर्मा एवं अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

दीपावली की खुशियां पर्यावरण मित्रों के संग कार्यक्रम का किया आयोजन

काशीपुर। महापौर दीपक बाली के मार्गदर्शन में नगर निगम काशीपुर की ओर से पर्यावरण मित्रों के सम्मान और उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा करने के उद्देश्य से 'दीपावली की खुशियां – पर्यावरण मित्रों के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर दीपक बाली, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्षद गुरविंदर सिंह चंडोक नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल साह एवं शालिनी नेगी कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा दिनेश ध्यानी सहित नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पर्यावरण मित्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सबसे बड़ी बात यह रही की महापौर दीपक बाली ने पर्यावरण मित्रो के परिवारों की पांच बालिकाओं और पांच बुजुर्ग महिलाओं के पैर पखार कर उनका आशीर्वाद लिया।

स्व. अजय सरदाना की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर का महापौर विकास ने किया शुभारंभ

बोले- रक्तदान सबसे बड़ा महादान, किसी जरूरतमंद की जान बचाने के लिए अधिक से अधिक लोग आएं आगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



रक्तदान शिविर का उदघाटन करते महापौर विकास शर्मा -जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। समाजसेवी एवं वरिष्ठ व्यापारी स्व. अजय सरदाना की स्मृति में रुद्रपुर सांस्कृतिक मंच एवं उनके परिवार की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने स्व. अजय सरदाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही रक्तदान के लिए आगे आए लोगों की सराहना करते हुए इसे मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम बताया। शिविर में कई लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने का संकल्प लिया। महापौर ने कहा कि वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी स्व. अजय सरदाना की पुण्यतिथि पर उनके परिवार और रुद्रपुर सांस्कृतिक मंच की ओर से दीपावली मेले में रक्तदान शिविर का आयोजन करना सराहनीय पहल है। स्व. सरदाना ने समाज में अपनी सेवाभावी कार्यशैली से जो पहचान बनाई, उनकी स्मृति में इस तरह के जनहितकारी आयोजन उनकी यादों को जीवंत रखने के साथ ही समाज को सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

उन्होंने कहा कि रक्तदान वास्तव में सबसे बड़ा महादान है, क्योंकि रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान ही रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ना समय की आवश्यकता है।महापौर ने स्व. अजय सरदाना के परिवार की सराहना करते हुए कहा कि परिवार ने उनकी स्मृति में लगातार सामाजिक और जनहितकारी कार्यों को आगे बढ़ाना प्रेरणादायी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि स्व. अजय सरदाना को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनका आशीर्वाद सदैव उनके परिवार एवं शहर पर बना रहे।

इस दौरान केवल कृष्ण बत्रा, पवन गाबा पाली, अमित बंगा, मोहित बत्रा,राजेश कमारा, राजेश बजाज, मनीष चावला, पार्षद पवन राणा,पार्षद बीनू,पार्षद चिराग कालरा आदि मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, 50 कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

16 से 30 नवंबर तक नागरिक घर बैठे कर सकेंगे स्वगणना, पहली बार डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। बीआरसी सभागार सितारगंज में तीन दिवसीय जनगणना सुपरवाइजर एवं प्रगणकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण को तीन चरणों में संचालित किया गया, आज के अंतिम दिन के प्रशिक्षण के अंतर्गत समस्त मूल बिंदुओं के अंतर्गत -प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के समस्त उत्तरदायित्व कर्तव्य एवं अधिकार, मानचित्र तैयार करना ,नजरी नक्शा बनाना, सूचनाओं की गोपनीयता, बेघरों की गणना,स्वगणना करना, पुनरीक्षण दौर, मोबाइल ऐप पर कार्य करना, परिवार के मुखिया एवं अन्य सदस्यों से क्रमशः 40 विशेष प्रश्नों को पूछने की तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं आदि समस्त बिंदुओं पर बारी-बारी से प्रशिक्षण दिया गया।इस कार्यक्रम के चार्ज अधिकारी तहसीलदार महोदय श्री हिमांशु जोशी जी, ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संदर्भदाता के रूप में श्री बदरुद्दीन सिद्दीकी एवं श्री दीपेश कुमार पंत ने बड़ी बखूबी से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया,अंतिम सत्र में 10 पर्यवेक्षकों एवं 40 प्रगणकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, चूंकि जनगणना हमारे लोकतंत्र के लिए आधार प्रदान करती है और इसके महत्व के कारण इसे भारत के संविधान में सम्मिलित किया गया है वैसे तो भारत में जनगणना 1872 में शुरू हो गई थी,वर्तमान जनगणना 2027 देश की 16वीं और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात आठवीं जनगणना है,जनगणना गांव, कस्बा और वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा स्रोत है। भारतीय जनगणना का 150 वर्षों का इतिहास रहा है जो कि मकानों की स्थिति, सुविधाऐं एवं संपत्तियां,जनसांख्यिकी, धर्म, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,भाषा,साक्षरता एवं शिक्षा,आर्थिक गतिविधि, प्रवर्जन तथा प्रजनन जैसे विभिन्न मानकों पर सूक्ष्म स्तर के आंकड़े उपलब्ध कराती है, हालांकि एकत्रित किए गए समस्त आंकड़े अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के समन्वयक श्री हृदयेश चौहान के साथ-साथ सुपरवाइजर श्री कृष्ण कुमार सिंह, उमेश चंद्र पाण्डेय, अंचल कुमार पथिक, मनोज कुमार जोशी, धनंजय कुमार सिंह, चंद्रपाल सिंह, कासिम रजा, आशु सैनी, शुभम पंत, प्रज्ञा पाण्डेय, रेनू, प्रेम आर्य, राकेश यादव, पूजा सिंह, संतोष जोशी, भूपेश कुमार, दीप चंद्र पंत, दुर्गेश पांडे, दीपिका पांडे, आशीष सैनी, रघुवर सिंह, निरंजन सिंह, आकांक्षा राजपूत आदि सभी कर्मचारी और अधिकारी गण मौजूद रहे।



सितारगंज के बीआरसी सभागार में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का सामूहिक चित्र। -जागरण मोर्चा

जनसमस्याओं का समाधान धामी सरकार की प्राथमिकता

नैनीताल। आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) भावना मेहरा ने बुधवार को नैनीताल प्राधिकरण सभागार में जनसुनवाई कर भीमताल, नैनीताल एवं भवाली सहित आस पास के क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में स्थानीय लोगों ने घरों की मरम्मत टीन शेड निर्माण दीवार बनाने छत की मरम्मत एवं भवन मानचित्र स्वीकृति से जुड़ी व्यावहारिक परेशानियां रखीं। राज्यमंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने टैक्सी बाइक संचालन से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस पर भावना मेहरा ने आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती से फोन पर वार्ता कर समस्या के उचित समाधान की बात कही जिसपर आईजी कुमाऊं ने इस विषय पर शीघ्र समाधान निकालने का भरोसा दिलाया।

एलायंस क्लब में धूमधाम से मनाया दीपोत्सव मिलन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। एलायंस क्लब द्वारा टनकपुर रोड स्थित कृदय फार्म में दीपोत्सव मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फैमिली गेट-टुगेदर के साथ ही दीपावली के उल्लास, उमंग और पारिवारिक आत्मीयता से सराबोर इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और रोचक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मेगा लकी ड्रॉ में एडवोकेट अमित मिश्रा ने प्रथम, ज्योति पाल ने द्वितीय तथा इंदु अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हौजी प्रतियोगिता में इंदु अग्रवाल विजेता बनीं। जबकि अन्य मनोरंजक प्रतियोगिताओं में तेजिंदर कौर व कृष गंभीर ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे ने किया। इस अवसर पर क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेंद्र पारूथी, अध्यक्ष मनोज कन्याल, सचिव नवनीत अरोरा, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, घनश्याम अग्रवाल, पंकज टम्टा, अमित सक्सेना, दीपक चंद, कुलदीप राणा, जगदीश पाल, अकबर हुसैन, अंशदीप गंभीर, मोहम्मद आमिल, गुरप्रीत सिंह, अरबाज अंसारी, केसर पारूथी, प्रेरणा गुप्ता, इंदु अग्रवाल, शिवानी राणा, ज्योति पाल, गुरप्रीत कौर, रुचि गहतोड़ी, रिचा सक्सेना, हरप्रीत कौर, नंद पांडे, संस्कृति अग्रवाल, नीति कौर, तेजिंदर कौर, रत्नाकर पांडे, ऋषभ खोलिया, फरहाज आदि सहित उनके परिजन मौजूद रहे।



कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागीयों को सम्मानित करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी -जागरण मोर्चा

पुरानी तहसील रोड का होगा चौड़ीकरण, मंडी रोड से जुड़ेगा मार्ग

वन विभाग की चाहरदीवारी हटाने को पालिकाध्यक्ष ने की वार्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। शहर को जाममुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका परिषद ने पुरानी तहसील रोड के चौड़ीकरण की कवायद तेज कर दी है। प्रस्तावित योजना के तहत इस मार्ग को चौड़ा कर सीधे मंडी रोड से जोड़ा जाएगा। इससे शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही लोगों को आवागमन में भी सुविधा मिलेगी। नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि मार्ग पर जमा कूड़े के ढेर को जल्द हटवाया जाएगा। वहीं, सड़क चौड़ीकरण में वन विभाग की चाहरदीवारी बाधा बन रही है। इसके समाधान के लिए उन्होंने वन विभाग के अधिकारी हरेंद्र बिष्ट से वार्ता कर चाहरदीवारी हटाने का अनुरोध किया है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी तहसील रोड को भविष्य में आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके तहत यहां सुंदर लाइटिंग और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित कर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा को विकसित और आदर्श शहर बनाने के संकल्प को साकार करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। पालिका बोर्ड और सभासदों के सहयोग से शहर में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि योजना के धरातल पर उतरने से पुरानी तहसील रोड की तस्वीर बदलेगी और शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने में मदद मिलेगी। इस दौरान सभासद जीशान उवैशी, हरीश भट्ट, अर्पित कालोनी, शुभम पटवा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



रमेश चंद्र जोशी नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा-जागरण मोर्चा

वार्ड पांच की महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष से की मुलाकात, सड़क निर्माण की उठाई मांग



वार्ड पांच के वार्डवासियों की समस्याएं सुनते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नगर पालिका परिषद खटीमा के वार्ड नंबर पांच की महिलाओं ने बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से मुलाकात कर वार्ड की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान महिलाओं ने पूर्व में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नाले की सफाई के दौरान निकली मिट्टी से रास्तों का भरान कराए जाने के बाद अब वहां सड़क निर्माण कराने की मांग रखी।

महिलाओं ने वार्ड की अन्य आवश्यकताओं से भी अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सड़क निर्माण के संबंध में सार्थक चर्चा की।

अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक वार्ड की जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की योजनाएं बनाई जा रही हैं। जनभावनाओं के अनुरूप आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने महिलाओं के विश्वास और सहयोग के लिए आभार जताया।

लोकतंत्र बचाओ यात्रा भाजपा का महज ढकोसला विधायक कापड़ी

पत्रकार रूपेश कुमार पर मुकदमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला, पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। विधायक व उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी ने बीते रोज भाजपा द्वारा निकाली गयी 'लोकतंत्र बचाओ यात्रा' पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक दिखावा करार दिया है। उन्होंने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने तथा आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों तथा पत्रकारों की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकार रूपेश कुमार के समर्थन में खुलकर आने का दावा करते हुए रुपेश के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर भाजपा नेताओं पर तंज कसा है। विधायक कापड़ी ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि लोकतंत्र की रक्षा करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुकर कर असहाय स्थिति में 'लोकतंत्र बचाओ यात्रा' का सहारा लेकर देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसे आयोजनों से वास्तविक मुद्दों से देशवासियों का ध्यान हटाने का असफल प्रयास कर रही है । कापड़ी ने आरोप लगाया कि भाजपा की सभा में कम भीड़ जुटने और कार्यक्रम समाप्त होने से पहले कुर्सियां हटाए जाने संबंधी खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार रूपेश कुमार को निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि खबर को सोशल मीडिया से हटवाने का प्रयास किया गया और पत्रकार के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। विधायक कापड़ी ने इसे निष्पक्ष एवं स्वतंत्रता पत्रकारिता पर हमला बताते हुए इसे सुनियोजित कार्रवाई की निंदा की है। विधायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पूर्व दौरे का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस दौरान मौसम का हवाला देकर स्कूल बंद कराए गए।

और स्कूली बसों का इस्तेमाल भीड़ जुटाने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और सच सामने लाने वाले पत्रकारों को मुकदमों के जरिए दबाने का प्रयास नहीं होना चाहिए।



भुवन चंद्र कापड़ी विधायक खटीमा-जागरण मोर्चा

देवभूमि सेंट पीटर स्कूल में आयोजित 22 वीं मदर टेरेसा एथलेटिक प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बनी सेंट थेरेसा स्कूल



किच्छा में विजेता टीम को चैंपियन शिप ट्रॉफी सौंपते अतिथि गण । -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

किच्छा (उधम सिंह नगर)। नगर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय 22 वीं मदर टेरेसा मेमोरियल एथलेटिक प्रतियोगिता का विधिवत समापन हो गया। इस मौके पर विभिन्न श्रेणियों में विजई होने वाले विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। ओवरऑल चैंपियनशिप में सेंट थेरेसा स्कूल, काठगोदाम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। निर्मला कान्वेंट स्कूल, काठगोदाम दूसरे स्थान, जबकि मेजबान विद्यालय सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किच्छा तीसरे स्थान पर रहा। बरेली धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष मोस्ट रेव डॉ इग्नेशियस डिसूजा ने खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, आत्मविश्वास एवं खेल भावना का महत्व समझाया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सूरजमल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

एंटीबायोटिक दवाओं के अनुचित उपयोग एवं बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं का सेवन करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में किया गया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

किच्छा (उधम सिंह नगर)। सूरजमल विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ फार्मेसी से जुड़े विद्यार्थियों द्वारा नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूक किया गया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अवसर पर सूरजमल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी (सूरजमल विश्वविद्यालय) के तत्वाधान में जन जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल की गई। फार्मेसी विद्यार्थियों ने एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति ग्राम भंगा में ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से नाटक का प्रभावशाली मंचन किया। निर्धारित थीम "कॉम्बैट एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस" के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपने अभिनय, संवादों एवं रचनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों एवं महिलाओं को एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे, एंटीबायोटिक दवाओं के अनुचित उपयोग तथा बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं का सेवन करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान का शुभारंभ सूरजमल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ सतीश कुमार शर्मा एवं सूरजमल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ विपिन कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के सामाजिक एवं शैक्षणिक प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें जनहित से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन केवल चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही करना चाहिए, एंटीबायोटिक दवाओं का अनावश्यक एवं अनुचित उपयोग भविष्य में दवाओं के प्रति सूक्ष्म जीवों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने का प्रमुख कारण बन सकता है, जिससे सामान्य संक्रमणों का उपचार भी चुनौती पूर्ण हो सकता है। इस मौके पर तमाम विद्यार्थियों के अलावा फार्मेसी संकाय के तमाम शिक्षक गण मौजूद रहे।



किच्छा में स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों के साथ विद्यार्थी एवं शिक्षक गण। -जागरण मोर्चा

जनजातीय लोक संस्कृति और परंपराओं की दी गई जानकारी, छात्राओं ने प्रस्तुत किए थारू होली गीत



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी एवं शिक्षक -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े के तहत बुधवार को राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय खटीमा के सभागार में जनजातीय लोक संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने झींझी गीत और थारू होली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सभासद संगीता राणा का विद्यालय परिवार की ओर से फूलमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की अधीक्षिका अंजलि कपिल ने की। इस दौरान रामरतन यादव ने झींझी गीतों की प्रस्तुति दी और भगवान बिरसा मुंडा सहित जनजातीय महापुरुषों के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि संगीता राणा ने छात्राओं को जनजातीय लोक संस्कृति, परंपराओं, खानपान और शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने का आह्वान किया।

खाली प्लाट में पड़ा मिला युवक का शव, अस्पताल में चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

मंगलवार रात से लापता था युवक, मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। बुधवार दोपहर उसका शव तिरंगा चौराहे के पास वन चौकी के पीछे एक खाली प्लाट में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को तत्काल उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया है। युवक की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 11 निवासी पप्पू राठौर (35) मंगलवार रात से घर नहीं लौटा था। उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह एक परिचित ने परिजनों को जानकारी दी कि पप्पू तिरंगा चौराहे के पास एक दुकान पर बैठा हुआ है। इसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। इसी बीच बुधवार दोपहर एक राहगीर की नजर वन चौकी के पीछे स्थित खाली प्लाट में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखकर राहगीर ने आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई और युवक को उपचार के लिए उप जिला अस्पताल सितारगंज पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त वार्ड नंबर 11 निवासी पप्पू राठौर के रूप में की। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक पप्पू नशे का आदी था और राजमिस्त्री का काम करता था। इसी काम से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह छह भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और उसके दो बच्चे हैं। उसकी मौत से परिवार के सामने बच्चों के पालन-पोषण और भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है। अचानक हुई इस घटना से परिजन सदमे में हैं। इधर, सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि युवक के शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



युवक का शव मिलने के बाद मौके पर लोगों से पूछताछ करते पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा



मृतक पप्पू राठौर की फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

पुलिस ने कबाड़ गोदाम से कॉपर का तार, कॉपर स्क्रैप चोरी में तीन दबोचे

घटना में प्रयुक्त टेंपो चोरी के माल समेत

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। कोतवाली की चौकी बगवाड़ा पुलिस ने कबाड़ के गोदाम से चोरी कू मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गोदाम से चोरी किया कॉपर की तार,कॉपर स्क्रैप, नगदी समेत घटना में प्रयुक्त टेंपो बरामद किया। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया। परवेज पुत्र अब्दुल वाहिद, निवासी पहाड़गंज, रुद्रपुर ने पुलिस को बताया कि 28/29 अक्टूबर 2026 की रात अज्ञात लोगों ने उसके गोदाम का ताला तोड़कर कॉपर का तार,ल्ले में रखे 40 हजार चोरी हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सीओ सिटी विभव सैनी ने बताया कि कबाड़ गोदाम से चोरी हुए मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टेंपो को कॉपर का तार एवं अन्य कॉपर स्क्रैप को कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि 12,940 नगदी भी बरामद की। टेंपो संख्या यूके 06 टीए 8268 सीज कर दिया। सीओ सिटी ने बताया कि पुलिस ने रिंग रोड पर चैकिंग के दौरान पकड़े। पुलिस ने तीनों को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई मोहन चन्द्र जोशी,एसआई निर्मल सिंह लटवाल, कांस्टेबल ललित मोहन,कांस्टेबल नवीन गिरी आदि शामिल रहे।

गिरफ्तार अभियुक्त-1.नाजिम पुत्र नसीर अहमद, निवासी वार्ड 15, पहाड़गंज, रुद्रपुर।

2.गुड्डू उर्फ मोहम्मद हनीफ पुत्र सद्दीक अहमद, निवासी वार्ड 15 पहाड़गंज।

3.राजीव पुत्र तेजपाल निवासी सुभाषनगर, तेलमिल, डिबडिबा बिलासपुर, रामपुर।



चोरी के स्कैप के साथ गिरफ्तार अभियुक्त -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया कोहली की धमाकेदार बल्लेबाजी; अर्शदीप की घातक गेंदबाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय



ऑकलैंड। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड की पारी 185 रन पर सिमट गई। हालांकि, टारगेट रिवाइज किया गया और भारत को 32 ओवर में 143 रन बनाने थे। भारत ने यह लक्ष्य 22.5 ओवर में पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया है। भारत को डकवर्थ लुईस नियम के तहत जीत के लिए 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य मिला था। टीम इंडिया ने यह लक्ष्य 22.4 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अगला वनडे सात नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की पारी 40.2 ओवर में 185 रन पर सिमट गई। स्कोर और भी कम होता, लेकिन आखिरी में ब्लेयर टिकनर की तूफानी पारी ने कीवियों को 180 के पार पहुंचाया। भारत को न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम और मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने इतना परेशान नहीं किया, जितना परेशन 11वें नंबर पर आए ब्लेयर टिकनर ने किया। न्यूजीलैंड का स्कोर एक वक्त नौ विकेट पर 146 रन था। इसके बाद टिकनर ने जैकब डफी के साथ 10वें विकेट के लिए 31 गेंद में 39 रन की साझेदारी निभाई। टिकनर 23 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 34 रन की तूफानी पारी खेलकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें गुरनूर बराड़ ने विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया। डफी 15 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि सिर्फ पांच बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। टिम साइफर्ट 43 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन, डेरिल मिचेल 41 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन और ग्लेन फिलिप्स 51 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा टिकनर और डफी ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। विल यंग नौ रन, हेनरी निकोल्स नौ रन, टॉम लाथम तीन रन, कप्तान मिचेल सैंटनर चार रन, नाथन स्मिथ एक रन और काइल जेमीसन एक रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लिए, जबकि गुरनूर बराड़ को तीन विकेट मिले। अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले। जवाब में भारत की शुरुआत भी खराब रही। रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हो गए। फिर शुभमन गिल और विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की। इस बीच मैच को दो बार बारिश के कारण रोकना पड़ा। पहली बार 10.5 ओवर के बाद मैच रोका गया। हालांकि, बारिश रुकी और मैच 40 ओवर का कर दिया गया। संशोधित लक्ष्य 167 रन का किया गया। हालांकि, कुछ गेंदों के बाद फिर बारिश शुरू हो गई और मैच रोकना पड़ा। बारिश जब रुकी तो एक बार फिर लक्ष्य को संशोधित किया गया। फिर भारत के सामने 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य था। हालांकि, भारत ने 22.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। गिल और कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी निभाई। गिल 56 गेंद में पांच चौके की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कोहली ने वनडे करियर का 80वां अर्धशतक लगाया। वह 51 गेंद में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 74 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कोहली के आउट होते ही दो और विकेट गिरे। अक्षर खाता खोले बिना पवेलियन लौटे, जबकि श्रेयस 15 रन बना सके। केएल राहुल तीन रन और नमन धीर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। भारत को 124 के स्कोर पर दो झटके लगे हैं। विराट कोहली 51 गेंद में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें डफी ने साइफर्ट के हाथों कैच कराया। फिर इसी ओवर की आखिरी गेंद पर डफी ने अक्षर को ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया। अक्षर खाता नहीं खोल सके। फिलहाल श्रेयस अय्यर और केएल राहुल क्रीज पर हैं। भारत को जीत के लिए 19 और रन की जरूरत है।

भारत को 114 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। नाथन स्मिथ ने शुभमन गिल को टॉम लाथम के हाथों कैच कराया। वह 56 गेंद में 37 रन बना सके। फिलहाल कोहली 69 रन बनाकर क्रीज पर हैं। गिल ने कोहली के साथ 113 रन की साझेदारी निभाई। उनका साथ देने श्रेयस अय्यर आए हैं। विराट कोहली ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। यह उनके वनडे करियर का 80वां अर्धशतक रहा। 16 ओवर के बाद भारत का स्कोर एक विकेट पर 102 रन है।

रणजी ट्रॉफी: कर्नाटक की पारी और 314 रन से बड़ी जीत, मुंबई के कोटियान ने झटके सात विकेट

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। कर्नाटक ने असम को पारी और 314 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। मुंबई ने तनुष कोटियान के सात विकेट की बदौलत रेलवे के खिलाफ मजबूत बढ़त बना ली। सर्विसेज के मोहित अहलावत ने पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ा, जबकि महाराष्ट्र के खिलाफ बंगाल की टीम हार के संकट में है। वहीं, त्रिपुरा ने सौराष्ट्र और गुजरात ने केरल पर शिकंजा कस दिया है।

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबलों में बुधवार को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कर्नाटक ने असम को पारी और 314 रन से करारी शिकस्त देकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, मुंबई ने तनुष कोटियान की शानदार गेंदबाजी के दम पर रेलवे के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ग्रुप सी में सर्विसेज के लिए मोहित अहलावत ने पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ा, जबकि महाराष्ट्र के खिलाफ बंगाल की टीम हार के कगार पर पहुंच गई है।

कर्नाटक ने श्रेस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर असम को पारी और 314 रन से हराया। इस जीत के साथ आठ बार की चैंपियन कर्नाटक को सात अंक मिले और वह कुल 16 अंकों के साथ ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। मैच के तीसरे दिन कर्नाटक ने अपनी पहली पारी 577 रन पर छह विकेट के नुकसान पर घोषित की। इससे उसे पहली पारी में 442 रन की विशाल बढ़त मिली। मैनवंत कुमार ने 108 गेंदों में आठ चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। यह इस सीजन में उनका दूसरा शतक था।

इसके जवाब में असम की दूसरी पारी 40.2 ओवर में महज 128 रन पर सिमट गई। श्रेस गोपाल ने 39 रन देकर चार विकेट और शिखर शेट्टी ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके। असम की ओर से कप्तान डेनिश दास ने सर्वाधिक 50 रन बनाए।

इसी ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को मुश्किल में डाल दिया। 342 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सौराष्ट्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 131 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे। उसे जीत के लिए अब भी 211 रन की जरूरत है। संदीप सरकार ने चार विकेट लेकर त्रिपुरा की जीत की उम्मीदें मजबूत कीं।

ग्रुप डी में मुंबई ने रेलवे के खिलाफ अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। तनुष कोटियान ने 45 रन देकर सात विकेट झटके, जिससे रेलवे की पहली पारी 259 रन पर सिमट गई। मुंबई को पहली पारी में 137 रन की बढ़त मिली। कोटियान ने लगातार दूसरे मुकाबले में पांच विकेट लेने का कारनामा किया। इससे पहले उन्होंने हरियाणा के खिलाफ आठ विकेट लिए थे।

मुंबई ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 174 रन बना लिए थे और उसकी कुल बढ़त 311 रन की हो गई थी। अंगकृष रघुवंशी ने 85 गेंदों में 79 रन बनाए, जबकि दिव्यांश सक्सेना 68 रन बनाकर नाबाद थे।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने दक्षिण कोरिया को 8-1 से रौंदा, रिकॉर्ड सातवीं बार फाइनल में बनाई जगह

जागरण मोर्चा कार्यालय



मोहाली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण कोरिया को 8-1 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारत ने रिकॉर्ड सातवीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। अब खिताबी मुकाबले में गुरुवार को भारत का सामना जापान से होगा।

मोहाली में बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। शिलानंद लाकड़ा ने चौथे मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने नौवें मिनट में गोल करके टीम की बढ़त 2-0 कर दी। हालांकि, इसी मिनट दक्षिण कोरिया के संगजुन हान ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। शिलानंद लाकड़ा ने 13वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 21वें और 25वें मिनट में लगातार दो गोल किए। सुखजीत सिंह ने भी 21वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम का दबदबा कायम रहा। अंगद बीर सिंह ने 36वें मिनट में गोल किया, जबकि विवेक सागर प्रसाद ने 54वें मिनट में आठवां गोल दागकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का सामना अब गुरुवार को होने वाले फाइनल में जापान से होगा। जापान ने पहले सेमीफाइनल में मलेशिया को शूटआउट में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला गोलरहित रहा था।





दिल्ली में सोना 4800 रुपये चढ़कर 1.46 लाख के पार, चांदी 1.93 लाख पर



मुंबई। दिल्ली में सोने की कीमतें 4,800 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं, जबकि चांदी 9,000 रुपये उछलकर 1.93 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। त्योहारी खरीद और वैश्विक बाजारों में मजबूत उछाल से सर्राफा दरें बढ़ीं। विशेषज्ञों ने कीमतों में वृद्धि के कारणों और भविष्य की चाल पर अपनी राय दी। दिल्ली में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में बुधवार को जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। त्योहारी खरीद में तेजी और वैश्विक बाजारों में मजबूत उछाल से सर्राफा दरें बढ़ीं। दिल्ली में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 4,800 रुपये बढ़कर 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी भी 9,000 रुपये उछलकर 1,93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, सोने का यह भाव मंगलवार के 1,41,800 रुपये के समापन स्तर से बढ़ा है। इसमें सभी कर शामिल हैं। चांदी भी पिछले सत्र के 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 1,93,000 रुपये हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत सुधार से सोने को समर्थन मिला। घरेलू बाजार में त्योहारी मांग में भी सुधार हुआ है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स के शोध प्रमुख राजीव शरण के अनुसार, यह सुधार त्योहारी मौसम की तैयारी कर रहे खरीदारों को राहत दे सकता है। सोना अक्तूबर के अपने उच्चतम स्तर से करीब 8 फीसदी गिर चुका था। उन्होंने हालिया मूल्य सुधार का कारण मजबूत अमेरिकी डॉलर को बताया। बढ़ी हुई बॉन्ड आय और फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें कम होना भी वजह थीं। इन कारकों ने व्यापारियों की ओर से प्रॉफिट बुकिंग को बढ़ावा दिया था।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।